भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 11:44 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 17 सितंबर 2024
वर्ष 34, अंक 229, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



धूमकेतु ए3 बन सकता है कॉमेट ऑफ दि ईयर 16

अदिति राव हैदरी ने सिद्धार्थ के साथ की शादी 15

# गैंगरेप पीड़िता किशोरी ने जान दी

## महाराजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 30 अगस्त की रात हुई थी वारदात

- गांव के ही दूसरे समुदाय के चार युवकों ने दिया था वारदात को अंजाम
- पीड़िता का निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज, रविवार रात दम तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** महाराजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग ने जहर पीकर जान दे दी। गांव के ही चार आरोपियों ने घर में घुसकर किशोरी से गैंगरेप किया था।

आहत किशोरी ने दूसरे दिन जहर पी लिया था। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां 17 दिन इलाज के बाद रविवार देर रात उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। महाराजपुर के एक गांव में रहने वाले किसान ने बताया कि 30 अगस्त की रात कक्षा 7 में पढ़ने वाली उसकी 13 वर्षीय बेटी अपने कमरे में पढ़ाई करने के बाद सोने वाली थी।

आरोप है कि रात में गांव निवासी इरफान उर्फ काकू, इमरान, इजराइल, मो. इस्लाम उर्फ राजा घर में घुस आए और बेटी का मुंह दबाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। बेटी के चीखने पर वे लोग उसके कमरे की ओर गए तो चारों आरोपी भाग निकले। मो. इस्लाम को उन लोगों ने पकड़ लिया और पिटाई कर दी, लेकिन वह धक्का देकर भाग निकला। घटना से आहत किशोरी ने दूसरे दिन कीटनाशक पी लिया था। परिजनों ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज ठीक न होने पर सिविल लाइंस स्थित निजी अस्पताल ले गए।

जहां रविवार देर रात 2 बजे उसकी मौत हो गई। महाराजपुर थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि चारों आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। मामले में अब मौत की धारा बढ़ाई जाएगी।

## केजरीवाल आज दे सकते हैं इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मंगलवार को शाम साढ़े चार बजे उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात करेंगे और इस दौरान वह अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि सक्सेना ने केजरीवाल को मंगलवार को शाम साढ़े चार बजे मुलाकात का वक्त दिया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने पहले कहा था कि केजरीवाल ने मंगलवार को उपराज्यपाल से मुलाकात का वक्त मांगा है और इस दौरान वह इस्तीफा दे सकते हैं।



# सड़क किनारे बैठे ग्रामीणों को वाहन ने रौंदा, 5 की मौत

- सभी मृतक एक ही परिवार के छह माह के बच्चे समेत चार घायल
- संभल के रजपुरा थाना क्षेत्र में अनूपशहर-गवां मार्ग पर हादसा
- ग्रामीणों ने किया हंगामा, डीएम और एसपी ने आर्थिक मदद दिया भरोसा

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा



ओमपाल | जमुना | धारा सिंह | पूरन | लीलाधर

**अमृत विचार :** संभल जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र में अनूपशहर-गवां मार्ग पर सोमवार की सुबह सड़क किनारे बैठकर गंगा का पानी देख रहे लोगों को तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने रौंद दिया। हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई जबकि छह महीने के बच्चे समेत चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद बोलेरो पेड़ से टकराकर रुक गई। नाराज ग्रामीणों ने जाम लगाकर करीब डेढ़ घंटे तक हंगामा किया। डीएम-एसपी ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री योगी ने हादसे पर दुख जताते हुए जिला प्रशासन को घायलों का बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव भोपतपुर पक्के की मढ़ैया के किनारे रविवार रात गंगा का पानी पहुंच गया। ग्रामीण सोमवार सुबह सड़क किनारे बैठकर बाढ़ का पानी देख रहे थे। सुबह करीब सात बजे गवां की तरफ से आई तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने लोगों को रौंद दिया। लीलाधर (55), ओमपाल (30), पूरन (43 ), धारामल (38) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जमुना सिंह (50), ओमप्रकाश (45), गंगा प्रसाद (48) निरंजन (30), निरंजन का छह महीने का बेटा अवधेश घायल हो गए। घायलों को सीएचसी रजपुरा से अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। अलीगढ़ में जमुना ने भी दम तोड़ दिया। मृतकों में धारामल और ओमपाल चचेरे-तहेरे भाई और जमुना सिंह इनके चाचा थे, जबकि पूरन और लीलाधर भी परिवार के थे। पांच लोगों की मौत से गुस्साए लोगों ने गवां-अनूपशहर मार्ग पर जाम लगाकर करीब डेढ़ घंटे तक हंगामा किया और आर्थिक सहायता की मांग उठाई। डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया, एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई समेत आला अफसर मौके पर पहुंचे। डीएम ने मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है।

# योगी बोले- मानवता का कैंसर है पाकिस्तान, ऑपरेशन जरूरी

## त्रिपुरा में सिद्धेश्वरी मंदिर के उद्घाटन समारोह में कहा- पड़ोसी देश दुनिया के लिए नासूर

- मुख्यमंत्री ने कहा, सनातन का स्तम्भ है काशी, मथुरा और अयोध्या

राज्य ब्यूरो, त्रिपुरा/लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाकिस्तान मानवता का कैंसर है, जो पूरी दुनिया के लिए नासूर बन चुका है। आजादी के समय का कांग्रेस नेतृत्व और जोगेंद्र नाथ मंडल अगर मिलकर मुस्लिम लीग की साजिश को विफल कर देते तो, यह नासूर अस्तित्व में नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तान का ऑपरेशन नहीं होगा, तब तक इलाज संभव नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को त्रिपुरा में वहां के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा के साथ सिद्धेश्वरी मंदिर का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार योगी ने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा कि पाकिस्तान का उपचार शुरू हो चुका है। अब पाक अधिकृत कश्मीर के लोग भारत में शामिल होना चाहते हैं। बलूचिस्तान भी पाकिस्तान से अलग होना चाहता है। योगी ने कहा कि उप्र में दंगाइयों के लिए बुल्डोजर और भक्तों को प्रभु श्रीराम का मंदिर दे दिया है। अयोध्या, मथुरा और काशी सनातन धर्म की आस्था के तीन प्रमुख स्तंभ हैं। ये तीनों स्थल जैसे आज पूज्य हैं, उसी रूप में आगे भी बढ़ते हुए दिखाई देंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है। योगी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के एक हाथ में मुरली और दूसरे हाथ में सुदर्शन है। सुरक्षा के लिए केवल मुरली से काम नहीं चलेगा, सुदर्शन आवश्यक है और जब सुदर्शन हाथ में होगा तो फिर किसी शांतिकाली महाराज को बलिदान नहीं देना पड़ेगा।



पश्चिम त्रिपुरा के चीताधाम मोहनपुर में सिद्धेश्वरी मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य।

### बांग्लादेश जैसे स्थिति की पुनरावृत्ति न होने पाए

योगी ने संतों को ईश्वरीय सत्ता का प्रतिनिधि बताते हुए कहा कि संत अगर किसी कार्य में जुड़ जाएंगे तो उसे सफल होना ही है। संतों के सानिध्य में धर्म जागरण के अभियान को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। विधर्मियों को अवसर नहीं देना है। बांग्लादेश जैसे स्थिति की पुनरावृत्ति यहां न होने पाए, ऐसी शक्तियों को समाप्त करना है। कहा कि त्रिपुरा के राजा ने जनता को एकजुट करके विधर्मियों एवं विदेशी आक्रांताओं से बचाए रखा।

### आरएसएस और विहिप सेवा करते हैं, प्रोपेगेंडा नहीं

योगी ने कहा कि आरएसएस की बात सच साबित हुई और कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए देश का विभाजन कराया। उन्होंने कहा कि 1905 में बंगभंग आंदोलन के दौरान बंगाल विरोध नहीं करता तो, सबको पता है कि देश में क्या होता। योगी ने कहा कि आरएसएस–विश्व हिंदू परिषद अपनी सेवा का प्रोपेगेंडा और सौदेबाजी नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि अब भारत का समय है इसलिए आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया की एक बड़ी ताकत बनाने की ओर अग्रसर है।

# आतंकवाद को पाताल में दफन कर देंगे : शाह

- केंद्रीय गृह मंत्री बोले-सफल नहीं होने पाएगा राष्ट्र विरोधी तत्वों का मंसूबा

जम्मू, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जब तक केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार है, कोई भी ताकत जम्मू क्षेत्र में नब्बे के दशक की तरह के आतंकवाद को पुनर्जीवित नहीं कर सकती।

शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद को इस हद तक खत्म कर देगी कि वह फिर से कभी नहीं पनप सके। शाह ने किश्तवाड़ क्षेत्र के पद्दार-नागसेनी विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र-विरोधी और शांति-विरोधी तत्व जम्मू क्षेत्र में 90 के दशक जैसा माहौल वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम आतंकवाद को जमीन से कई फुट नीचे धकेल देंगे, ताकि वह फिर से न पनपे।

उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के प्रमुख डॉ. फारूक अब्दुल्ला पर तीखा हमला करते हुए कहा कि जब किश्तवाड़ में खून-खराबा अपने चरम पर था, तब वह कहां थे।

# वंदे भारत को झंडी दिखा रहीं विधायक ट्रैक पर गिरीं

- इटावा रेलवे स्टेशन पर फोटो खिंचाने की होड़ में हादसा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार :** इटावा रेलवे स्टेशन पर सोमवार शाम आगरा से वाराणसी के लिए शुरू हुई वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के दौरान बड़ा हादसा होने से बच गया।

यहां भाजपा व सपा कार्यकर्ताओं में फोटो खिंचाने की होड़ में सदर विधायक सरिता भदौरिया ट्रेन के आगे रेलवे ट्रैक पर गिर गईं। शुक्र है कि ट्रेन चली नहीं थी। कार्यकर्ताओं और सिपाहियों ने ट्रैक पर कूदकर विधायक को उठाया। उन्हें आंशिक चोट आई, बाद में उन्होंने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आगरा से वाराणसी के लिए सोमवार को शुरू हुई वंदे भारत को हरी झंडी दिखाने को लेकर सोमवार शाम इटावा स्टेशन पर भाजपा और सपा के समर्थक इकट्ठा थे। श्रेय लेने के चक्कर में वे आपस में ही भिड़ गए।

इस दौरान ट्रेन प्लेटफार्म पर आ गई। सांसद व पूर्व सांसद के अलावा दोनों दलों के समर्थकों में धक्कामुक्की होने लगी। विधायक सरिता भदौरिया भी झंडी लेकर खड़ी थीं। तभी धक्का लगने से वह पटरियों पर गिर गईं। विधायक ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।




## भेड़िये ने फिर किया हमला, बालक घायल

**भगवानपुर (बहराइच), अमृत विचार।** हरदी थाना क्षेत्र के पिपरी मोहन गांव में छत पर परिवार के साथ सो रहे इमरान (11) पर भेड़िये ने हमला कर दिया। हमले में घायल बालक को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

इमरान की भाभी ननकई ने बताया कि सूचना पाकर वन कर्मी पहुंचे हैं। मामले में डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि बालक इमरान किसी अज्ञात वन्यजीव के हमले में घायल हुआ है। पग चिन्ह भेड़िया के नहीं है। रेंजर की रिपोर्ट भी मिली है।

# जूनियर डॉक्टरों ने शुरू की प. बंगाल सरकार से बातचीत

- मुख्यमंत्री आवास पर वार्ता में 30 डॉक्टरों का प्रतिनिधिमंडल शामिल
- इसके पहले शर्तों को लेकर बातचीत के चार प्रयास हो चुके हैं असफल

कोलकाता, एजेंसी

आरजी कर अस्पताल मामले में गतिरोध को समाप्त करने के उद्देश्य से आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच वार्ता का पहला दौर सोमवार शाम को कालीघाट में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आवास पर शुरू हुआ।

गतिरोध सुलझाने के लिए बातचीत शुरू करने के चार प्रयास असफल रहने के बाद प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार शाम करीब 6.20 बजे बनर्जी के आवास पर पहुंचा। प्रतिनिधिमंड में करीब 30 चिकित्सक शामिल हैं। शाम पांच बजे होने वाली बैठक सात बजे के आसपास शुरू हुई। बैठक की लाइव स्ट्रीमिंग और वीडियो रिकॉर्डिंग की चिकित्सकों की मांग को राज्य सरकार द्वारा खारिज किए जाने के कारण वार्ता के पिछले प्रयास विफल रहे थे। बाद में प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने अपनी इस मांग में थोड़ी नरमी लाते हुए केवल बैठक के विवरण को दर्ज करने और इसकी एक हस्ताक्षरित प्रति दिए जाने की मांग रखी।

## हरियाणा चुनाव में कांग्रेस का समर्थन करेगी सपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों का सहयोग व प्रचार करेगी। सूत्रों के मुताबिक सपा ने कांग्रेस से शुरू में 17 सीटें मांगी थी। फिर 11 सीटों पर लड़ने की इच्छा जाहिर की। बाद में पार्टी पांच सीटों पर भी लड़ने को तैयार हो गई मगर उनको भी कांग्रेस द्वारा ज्यादा बताने पर सपा मात्र तीन सीटों पर लड़ने के लिए सहमत हो गई थी। कांग्रेस ने सपा को फिलहाल एक सीट भी नहीं दी। इसके बावजूद सपा ने निर्णय लिया कि पार्टी भाजपा के खिलाफ वोटों का बिखराव नहीं होने देगी और कांग्रेस उम्मीदवारों का समर्थन करेगी।

# बनबसा के तीन युवकों को म्यांमार में बेचने वाला गुजरात से गिरफ्तार

- विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर युवकों को जाल में फंसाता था

संवाददाता, टनकपुर/ बनबसा

**अमृत विचार :** विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर बनबसा क्षेत्र के तीन युवकों को म्यांमार में बेचने वाले अभियुक्त को बनबसा पुलिस गुजरात से पकड़कर लाई है। खटीमा में रहने वाला दूसरा आरोपी फरार है। वहीं, बंधक बने तीनों युवक दूतावास के माध्यम से वापस आ गए हैं।

बीती 10 जुलाई को राजेन्द्र सिंह सौन पुत्र राम सिंह, निवासी ग्राम गुदमी भैसाझाला ने बनबसा थाने में मामला दर्ज कराया था कि उनका पुत्र ललित सोन अपने दोस्तों विकास, कमलेश व खटीमा के तीन युवकों के साथ रोजगार की तलाश में दिल्ली गया था। जहां से ये लोग बैंकाक चले गए। तब से उनका पता नहीं है। पुलिस ने इस संबंध में भारतीय दूतावास से पत्राचार किया।

सोमवार को चम्पावत में प्रेस वार्ता कर एसपी अजय गणपति ने बताया कि खटीमा निवासी राहुल उपाध्याय ने अपने दोस्त गुजरात के जय जोशी (वास्तविक नाम जयदीप रामजी टोकड़िया ) के साथ मिलकर उत्तराखंड के 7 युवाओं व अन्य राज्यों के युवकों को विदेश में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर बैंकाक बुलाया और प्रति व्यक्ति 10 हजार थाई भाट के हिसाब से उन्हें विदेशी कंपनियों को बेच दिया। इन कंपनियों ने उन्हें म्यांमार में गोपनीय स्थान पर बंधक बना लिया। वापस भारत भेजने के लिए उनसे भारी धनराशि मांगी। एसपी ने बताया कि जांच के बाद थानाध्यक्ष बनबसा के नेतृत्व में टीम को गुजरात भेजा गया। जहां से टीम ने जयदीप रामजी टोकड़िया को 13 सितंबर को गिरफ्तार कर लिया। जयदीप ने बनबसा व खटीमा के 6 युवकों को बैंकाक बुलाने व उन्हें विदेशी कंपनियों को बेचने की बात स्वीकार की है। उसके साथी राहुल उपाध्याय की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

## राज्य में तीन दिन तक मूसलाधार बारिश की चेतावनी

**लखनऊ, अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल से यागी तूफान उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ रहा है। इसके चलते मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले तीन दिन तक उप्र. में मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की है। 17 जिलों में भारी बारिश होने के साथ 30 जिलों में वज्रपात की भी संभावना है। मौसम विभाग ने बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर में भारी बारिश की संभावना जताई है।

## एक नजर

### युवक ने लगाई फांसी, मौत

हरदोई, अमृत विचार। युवक का शव फांसी पर लटका मिला। घर वालों का कहना है कि युवक आए दिन बीमार रहता था। बीमारी से परेशान होकर उसने ऐसा कदम उठाया। सुरसा थाने के ज्यूरा गांव निवासी 18 वर्षीय बब्लू पुत्र दयाराम मेहनत मजदूरी करता था। सात भाइयों मे पांच उससे बड़े और एक उससे छोटा भाई है। बब्लू की शादी नहीं हुई थी। रविवार को वह कहीं निकल गया। उसके कुछ देर बाद गांव के बाग में उसका शव लटका मिला। भाई कल्लू ने बताया कि बब्लू कुछ महीनों आए दिन बीमार रहता था। डाक्टर उसे मानसिक रोगी बता रहे थे। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

### दहेज एक्ट में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हरदोई, अमृत विचार। टड़ियावां थाने के पड़री की मनोरमा ने पुलिस को तहरीर में बताया कि उसकी शादी पिछले साल सुरसा थाने के भीठा निवासी अश्वनी के साथ हुई है। उसका आरोप लगाया है कि माता-पिता ने अपने सामर्थ्य अनुसार शादी में काफी दान दहेज भी उपहार में दिया है। बावजूद उसके पति अश्वनी, के अलावा ससुर मूलकरण, सास और ननद मोहिनी व मोनिका उसे कम दहेज़ के तारे देते हुए उसे परेशान करने लगी। तहरीर में आगे बताया कि दहेज के ससुराल वाले दहेज़ की मांग करते हुए मनोरमा को तरह तरह से प्रताड़ित कर उसकी पिटाई करने लगे। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश मिश्रा का निधन



शाहाबाद, हरदोई। भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं काफी समय तक पत्रकारिता में रहे राकेश मिश्रा का लंबी बीमारी के बाद लखनऊ के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में निधन हो गया। स्थानीय नर्मदा स्थल पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। हरदोई पत्रकार एसोसिएशन की शाहाबाद इकाई ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया।

# नवीन गल्ला मंडी परिसर में अव्यवस्था हावी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। मंडी समिति में अव्यवस्थाओं का बोलवाला है। मुख्य मार्ग पर कीचड़ व गंदगी तथा जलभराव से यहां आने वाले लोगों और व्यापारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार खामोश हैं और किसी का भी ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। ऐसे में व्यापारी और आम लोग दिक्कतों से जूझ रहे हैं।

शहर के सरकुलर रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी में अव्यवस्थाओं का बोलवाला है। मुख्य सड़कों पर भीषण जलभराव होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं कीचड़ और गंदगी का भी बोलवाला है। आवारा जानवरों के लगातार घूमने से काफी दिक्कतें हैं। थोड़ी सी बारिश यहां बवाल-जान बन जाती है। नवीन गल्ला मंडी के अध्यक्ष श्यामा कुमार गुपता टीटू कहते हैं कि नियमित सफाई न होने के कारण इन परेशानियों से व्यापारियों को लगातार जूझना पड़ रहा है। कई बार इसकी शिकायत की गई, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात ही रहा। ऐसे में व्यापारी दिक्कतों से जूझने के लिए विवश हैं। आए दिन मंडी स्थल में गंदगी और जलभराव की समस्या बनी रहने रहती है। इससे मंडी आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद कोई पुरसाहाल नहीं है। इस संबंध में मंडी समिति के सचिव से दूरभाष से संपर्क करना चाहा तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।





नवीन गल्ला मंडी परिसर में हो रहा जलजमाव, कीचड़ से भरी सड़क व घूमते मवेशी। अमृत विचार

# पंचायती राज मंत्री के जिला प्रतिनिधि बने धर्मसिंह

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। कैबिनेट मंत्री व सुभासपा सुप्रीमो ओमप्रकाश राजभर ने पार्टी के जिलाध्यक्ष रहे और राष्ट्रीय प्रवक्ता के करीबी धर्मसिंह अर्कवंशी को अपना ज़िला प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उनके मनोनयन से अर्कवंशी समाज में काफी उत्साह है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील अर्कवंशी ने उन्हें कर्मठ, निष्ठावान, ईमानदार और पार्टी के लिए समर्पित जुझारू कार्यकर्ता बताया। साल 2018 से पार्टी के ज़िलाध्यक्ष रहे धर्मसिंह अर्कवंशी को पार्टी सुप्रीमो व प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने जिले का अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। धर्मसिंह अर्कवंशी को कैबिनेट मंत्री का प्रतिनिधि नियुक्त होने किए जाने पर माधौगंज के डायग्नोस्टिक सेन्टर संचालक सन्दीप कुमार, संगीत कुमार, मध्यांचल प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव सिंह अर्कवंशी, मोहित अर्कवंशी, गोविन्द सिंह, शान्तनु अर्कवंशी, कृष्णकांत अर्कवंशी, उमेश अर्कवंशी, गोविन्द सिंह अर्कवंशी महेश चन्द्र अर्कवंशी, अमर सिंह अर्कवंशी, सुरेश कुमार, सुशील सिह अर्कवंशी, मुकेश अर्कवंशी सभासद माधौगंज, आशीष अर्कवंशी, शुभम अर्कवंशी, रामसागर, मनीष सिंह अर्कवंशी सहित अर्कवंशी समाज के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# जेल से फरार कैदी को पुलिस ने पकड़ा

## 3 सितंबर को दो जेल वार्डरों को दे गया था चकमा, जेलर हो गए थे निलंबित

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। रंगाई-पुताई के लिए जेल से बाहर निकाला गया कैदी साथ में चल रहे दो-दो जेल वार्डरों को चकमा देकर फरार हो गया था। मामले में जेलर विजय कुमार राय की लापरवाही सामने आने पर डीजी (जेल) ने उन्हें निलंबित कर दिया था। कैदी की तलाश के लिए पुलिस की टीमें लगी हुई थी। एसपी की तरफ से कैदी की गिरफ्तारी पर 25 हज़ार रुपये का ईनाम रखा गया था। आखिरकार सोमवार को 13वें दिन फरार कैदी को पुलिस ने दबोच लिया।

बताते चलें कि संतकबीरदास नगर जिले के चपरापूर्वी थाना धनघटा निवासी जयहिंद चोरी के मामले में चोरी में जेल में बंद था। 3 सितंबर को जेल आवासों की रंगाई-पुताई के लिए उसे जेल वार्डर भोलाराम यादव व गौतम वर्मा के साथ जेल से बाहर निकाला गया था। उसी बीच जयहिंद दोनों वार्डरों को चकमा देकर फरार हो गया था। इस तरह कैदी के जेल से भागने में सख्त हुए डीजी (जेल) ने जेलर विजय कुमार राय की लापरवाही सामने आने पर उन्हें निलंबित कर जेल अधीक्षक की जांच के आदेश दिए थे। एसपी नीरज कुमार जादौन ने फरार कैदी की गिरफ्तार पर 25 हज़ार का ईनाम रखा था। सोमवार को लोनार पुलिस ने फरार कैदी जयहिंद को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह ने बताया कि सारे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।



पकड़ा गया कैदी।

### फांसी होने के डर से हुआ था फरार

जय हिंद जेल के अपने साथियों के साथ रंगाई-पुताई कर रहा था, उसी बीच किसी साथी ने जय हिंद को बताया कि उसे फांसी की सज़ा सुनाई गई है। इतना सुनते ही उसके होश उड़ गए और वहां से भागने की सोच में पड़ गया। मंगलवार (3 सितंबर) को उसे जैसे ही मौका मिला और चकमा दे कर फरार हो गया।

### खाना व 100 रुपये की दिहाड़ी पर कर रहा था नौकरी

जेल की चौकसी को चकमा दे कर फरार हुआ जय हिंद सवायजपुर की तरफ पहुंच गया और हरपालपुर रोड पर उसे एक गांव में रोक लिया गया। जय हिंद को गांव का नाम नहीं पता, उसने बताया कि उसी गांव में एक ने उसे खाना और 100 रुपये की दिहाड़ी पर मज़दूरी पर रख लिया था, जय हिंद वहीं रहता था, रविवार की शाम को वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

# पुलिस ने दो साइबर ठगों को दबोचा

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पिहानी पुलिस ने चालू खाता धारकों को लालच दे कर उन्ही के मोबाइल से ओटीपी लेकर एप इन्सटाल कर साइबर ठगी करने का भंडाफोड़ कर दो ठगों को गिरफ्तार किया है। लखीमपुर खीरी ज़िले के रहने वाले दोनों ठग काफी शातिर बताए गए है, उनके पास तीन मोबाइल फोन और बहाने से चोरी की गई डायरी बरामद हुई है।

बताया गया है कि लोनार थाने के पुन्नैया निवासी राजकुमार पुत्र संतराम ने शुक्रवार को पिहानी पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि वह लखनऊ जाने के लिए पिहानी में जहानीखेड़ा मोड़ पर खड़ा था, उसी बीच एक कुलदीप नाम का युवक उसके पास पहुंचा और उसकी अहम डायरी,जिसमें बैंक खातों का सारा ब्यौरा दर्ज था, बहाने से छीन ले गया था। राजकुमार का कहना था कि जब वह बैंक पहुंचा तो पताचला कि उसके चालू खाते में अनचाहा लेनदेन किया गया। उसने अपने साथ साइबर ठगी का अंदेशा जताया था। उसके खुलासे में लगी पिहानी पुलिस ने लखीमपुर खीरी ज़िले के जलालपुर थाना गोला निवासी पारितोष उर्फ रिंकू पुत्र संतोष कुमार और उसी गांव निवासी आनंद वर्मा पुत्र हरिद्वारी लाल को गिरफ्तार किया,उनके पास से ठगी करने वाले तीन मोबाइल और राजकुमार से छीनी गई डायरी बरामद हुई है। जैसा उन दोनों से हुई पूछताछ में पता चला है कि दोनों चालू खाता धारकों को लालच दे कर उनके मोबाइल से ओटीपी ले कर एप इन्सटाल करते,एप इन्सटाल होने के बाद खाते पर उनका होल्ड हो जाता और फिर उसी से साइबर ठगी को अंजाम देने लगते थे।



पकड़े गए साइबर ठगी के आरोपी। अमृत विचार

# भूमि विवाद में मारपीट, पांच लोग हुए घायल

संवाददाता, शाहाबाद हरदोई

अमृत विचार। शाहाबाद के मोहल्ला सैय्यद बाड़ा में भूमि विवाद को लेकर दो भाइयों में मारपीट हुई। जिसमें पांच लोग घायल हुए हैं। एक पक्ष की ओर से पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। मोहल्ला सैय्यद बाड़ा निवासी भगवान दीन ने बताया कि उसके प्लाट पर चारों तरफ दीवार खड़ी है। वह उसमे गेट लगाने के लिए जगह बना रहा था। तभी उसका भाई वरिंदर पाल अपनी पत्नी गुड्डी, पुत्र राहुल और सचिन के साथ आकर गेट फोड़ने से मना करने लगे। गाली देने से मना करने पर विपक्षियों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर उसके पुत्र महेंद्र, नरेंद्र, पुत्रियां रश्मि और सोना उसे बचाने पहुंचीं। इस पर विपक्षियों ने उन्हें भी लाठियों से पीटकर घायल कर दिया। दूसरे पक्ष से बिंदरपाल ने बताया कि उसका भाई भगवान दीन जबरदस्ती दीवार तोड़ रहा था। मना करने पर उसने व उसके बेटों बेटियों ने हमला कर दिया। उसका बेटा राहुल और पत्नी गुड्डी बचाने के लिए आई तो उन्हें भी पीटा जिससे उन्हें काफी चोटें आई। घटना की लिखित तहरीर राहुल की ओर से दी गई। पुलिस ने राहुल का डाक्टरी परीक्षण भी कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इसके अलावा शाहाबाद के ही मोहल्ला अल्लाहपुर इब्नेजई में मामूली बात पर तीन भाइयों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली के अल्लाहपुर इब्नेजई निवासी खय्याम ने बताया कि वह रविवार की रात बाइक से घर जा रहा था। उसके दरवाजे पर कई बाइकें खड़ी थीं। उसने पड़ोसी सलमान से बाइक हटाकर रास्ता देने को कहा तो वह अपने भाई फूल मियां और अय्यूब के साथ मिलकर विवाद करने लगा। मना करने पर विपक्षियों ने उसे लात घूंसों से मारा पीटा। कोतवाली पुलिस ने आरोपी तीन भाइयों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घरेलू विवाद में बड़े भाई और भाभी को पीटा

हरदोई, अमृत विचार। घरेलू विवाद के दौरान दो भाइयों ने मिलकर एक भाई की पिटाई कर दी। पति को बचाने पहुंची उसकी पत्नी को पीटा। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है। टड़ियावां थाने के नारापुरवा मजरा अहिरोरी निवासी मुकेश ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि बीते रविवार की शाम घरेलू बात पर उसकी और उसके भाइयों विनोद व प्रमोद से बहस होने लगी। बात इतनी बढ़ गई कि गाली-गलौज तक होने लगी। मुकेश के विरोध करने पर भाई विनोद व प्रमोद उसे लात-घूंसों और डण्डो से पीटने लगे। पति का शोर सुनकर पत्नी नीलम बचाने दौड़ी। हमलावरों ने उसकी भी पिटाई कर दी। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह ने बताया है कि मुकेश की तहरीर पर उसके हमलावर भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच एसआई अमरेश कुमार को सौंपी गई है।

# पेड़ों में हिस्सा मांगने पर देवर जेठ व जेठानी ने पीटा, केस

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पेड़ों में अपना हिस्सा मांग रही देवरानी को उसके जेठ-जेठानी और देवर ने लात-घूंसों से पिटाई कर दी। उसी बीच उसका पति पहुंच गया, जिसने किसी तरह हमलावरों से पत्नी को बचाया। पुलिस ने दी गई तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

बताया गया है कि टड़ियावां थाने के जिगिनिया कला निवासी भूरा की पत्नी अनीता का कहना है कि शुक्रवार (13 सितंबर) की शाम को शौच के लिए जा रही थी,उसी बीच जेठ अजय कुमार व जेठानी रेनू और देवर सर्वेश ने उसे गाली-गलौज करते हुए रोक लिया। अनीता के विरोध करने पर उन तीनों ने लात-घूंसों से उसकी पिटाई करने लगे। पत्नी के चिल्लाने की आवाज़ सुन कर पति भूरा पहुंच गया और किसी तरह उसने अपनी पत्नी अनीता को हमलावरों से बचाया। पुलिस को दी तहरीर में उसे बताया कि उसने जेठ से यूकेलिप्टस के पेड़ों में अपना हिस्सा मांग था, उसी बात पर जेठ-जेठानी गाली-गलौज करने लगे, उसी का विरोध करने पर उसके ऊपर हमला किया गया। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर एसआई रमाकांत सिंह को जांच सौंपी गई है।

## सार-संक्षेप

### फसल की निगरानी करने गए युवक का मिला शव

हरदोई, अमृत विचार। खेत पर खड़ी धान की फसल की निगरानी करने के लिए घर से निकला युवक लापता हो गया,भोर पहर कुछ लोग खेतों की तरफ शौच के लिए गए,तो वहां उसका लटका हुआ शव देख कर हड़कंप मच गया। पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है। पिहानी कोतवाली के तंडौर गांव निवासी 36 वर्षीय शिवशरन पुत्र जयराम अपने दो भाइयों मे छोटा था। वह खेती-किसानी कर किसी तरह से पत्नी पूनम के अलावा दो बेटे पुनीत व सचिन के साथ गुज़र-बसर कर रहा था। रविवार की शाम को वह खेत पर खड़ी धान की फ़सल की निगरानी करने के लिए घर से निकला हुआ था, लेकिन देर रात तक घर नहीं वापस लौटा। इससे परेशान हुए घर वाले उसकी तलाश के लिए निकल पड़े, लेकिन फिर भी काफी खोजबीन करने के बाद उसका कुछ पता नहीं लगा।उसी बीच सोमवार की सुबह गांव के कुछ लोग शौच के लिए निकले,तभी उन्हें खेत पर खड़े नीम के पेड़ मे शिवशरन का शव गमछे से लटक रहा था। इसका पता होते ही उसके घर में कोहराम मच गया। वहां पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया है। उधर युवक के घर वालों का कहना है कि शिवशरन ने किसी घरेलू वजह के चलते ऐसा किया।



पकड़े गए बाइक से स्टंटबाज करने वाले युवक।

### तीन स्टंटबाज़ गिरफ्तार कर बाइकें की गईं बरामद

हरदोई, अमृत विचार। फिल्मों में होने वाले स्टंट देख-देख कर अजीब-ओ-गरीब स्टंट के किस्से सुनने को मिलते रहते है। पुलिस ने बाइक में मोडिफाइड साइलेंसर लगा कर तेज़ शोर करते हुए शहर की सड़को पर स्टंट करने वाले तीन स्टंटबाज़ों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से मोडिफाइड साइलेंसर वाली चार बाइक भी बरामद की है। पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी कि कुछ लड़के शहर की सड़क पर तेज़ आवाज़ वाले साइलेंसर लगी बाइक से अजीब-ओ-गरीब स्टंट करते हुए निकलते है। स्टंट ऐसा कि खुद की जान के अलावा दूसरों की जान को भी खतरें में डाल रहें हैं। उसके बाद से उन स्टंटबाज़ों की तलाश में जुट गई। पुलिस ने कोतवाली शहर के गिप्सन गंज निवासी मुनीम अहमद पुत्र जरीम अहमद और शहर के मोहल्ला लक्ष्मीपुरवा निवासी ऋषभ गुप्ता पुत्र रामप्रताप व विशाल गुप्ता पुत्र राजकुमार गुप्ता को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से मोडिफाइड साइलेंसर लगी रॉयल एनफील्ड,एफ-ज़ेड पारस, स्पेलेंडर और पल्सर बाइक बरामद की है। एक बालअपचारी को उसके घर वालों को बुला कर उन्हे कड़ी हिदायत दे कर छोड़ दिया गया।

# पेड़ पर बोतल लटकाकर झोलाछाप कर रहा इलाज

संवाददाता, पाली, हरदोई

अमृत विचार। क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल होने के कारण झोलाछाप की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है। सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों के न रहने से भी इनकी दुकानें चल रही हैं। बिना किसी डिग्री और संशाधनों के इलाज कर रहे इन झोलाछापों के यहां इलाज जानलेवा हो सकता है।

क्षेत्र में रतनापुर पुलिया के पास झोलाछाप द्वारा पेड़ पर बोतल लटकाकर मरीज को ग्लूकोज चढ़ाने का वीडियो वायरल हुआ है। झोलाछाप पर कार्रवाई के लिए डिप्टी सीएमओ डॉ. पंकज मिश्रा को नोडल अधिकारी नामित किया गया है, लेकिन ऐसे मामले थम नहीं रहे हैं। बीते माह नोडल अधिकारी ने कई झोलाछाप के यहां छापेमारी कर क्लीनिक सील किए गए। लेकिन कुछ ही दिन बाद यह क्लीनिक खुल गए। बीते रविवार को उपरोक्त रतनापुर पुलिया के पास झोलाछाप डॉक्टर द्वारा पेड़ पर बोतल लटकाकर मरीज का इलाज करने का वीडियो वायरल हुआ है। इसके संबंध में भरखनी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनंद शुक्ला ने कहा कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# जिले की बेटियों ने लहराया मेधा का परचम

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

अमृत विचार। लखनऊ विश्वविद्यालय के 67 वें दीक्षांत समारोह में दिव्य कृपाल महाविद्यालय गोसवा के विद्यार्थियों ने एक बार पुनः अपनी योग्यता का परचम लहराया है।

महाविद्यालय की छात्रा जूली पटेल को राज्यपाल आनंदीबेल पटेल द्वारा बीए अंतिम वर्ष में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर विभिन्न वर्गों में 6 गोल्ड मेडल से सम्मानित किया। महाविद्यालय की छात्रा शिवानी देवी को बीए अंतिम वर्ष में द्वितीय सर्वाधिक अंक प्राप्त करने व हिन्दी विषय मे सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर 2 स्वर्ण पदक प्रदान किए। इन छात्राओं के अतिरिक्त वेदिका वर्मा को वाणिज्य वर्ग के प्रथम वर्ष में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर एक स्वर्ण पदक, अंशिका मिश्रा तथा शिव प्रताप मौर्या को बी.ए. द्वितीय वर्ष मे सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर एक -एक कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस यादव व उप प्राचार्य डॉ. कौशलेन्द्र सिंह, प्रभाष कुमार व वैभव कुमार छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन के लिए दीक्षांत समारोह में उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रबंधक राकेश कुमार वर्मा ने भी छात्र-छात्राओं को शुभाआशीष प्रदान कर अग्रिम भविष्य की शुभकामनायें दी। प्रबंध निदेशक पूर्णेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया की यह महाविद्यालय परिवार के लिए एक गौरव का पल है। जिले मे पहली बार लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किसी महाविद्यालय द्वारा सर्वाधिक पदक 9 स्वर्ण पदक व दो कांस्य पदक प्राप्त करना अपने आप में ही एक गौरव का पल है।



दीक्षांत समारोह में सम्मानित विद्यार्थी। अमृत विचार

### दीक्षांत समारोह

- कृपाल महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दिए मेडल

# मोहम्मद साहब को लेकर शेयर की आपत्तिजनक पोस्ट

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। सोशल मीडिया के व्हाट्स-अप ग्रुप पर पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट वायरल किए जाने से पिहानी का माहौल खराब होते-होते बच गया। दरअसल वफा अब्बास रिज़वी नाम के शरारती तत्व ने पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट अपने नाम से वायरल कर दी। पोस्ट शेयर होते ही सुन्नी धर्म गुरुओं में गुस्सा पनपने लगा, उसी बीच की गई पोस्ट डिलीट भी कर दी गई। पुलिस ने माहौल खराब होने से पहले पोस्ट वायरल करने वाले वफा अब्बास रिज़वी को पकड़ लिया और सुन्नी धर्म गुरुओं के साथ बैठक करते हुए ऐसी हरकत करने वालों से सख्ती के साथ निपटने का आश्वासन दिया। पुलिस का कहा है कि शांत व्यवस्था को कोई खतरा नहीं है।

बताया गया है कि पिहानी कस्बे के मोहल्ला कोट कला निवासी आरोपी वफा अब्बास रिज़वी कापी पेस्ट करने में माहिर है, उसने व्हाट्स-अप ग्रुप पर पैगंबर मोहम्मद साहब,उनके साथी और बीवी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट वायरल कर दी। हालांकि बाद में उसे हटा दिया गया। कोतवाली के दहेलिया रामपुर निवासी हाफ़िज़ ज़ैद पुत्र खैरुल्लाह ने आरोप लगाया है कि एक्शन मीडिया न्यूज़ व्हाट्स-अप ग्रुप के एडमिन वफा अब्बास रिज़वी ने धार्मिक भावना भड़काने वाली पोस्ट अपना नाम लिखकर शेयर कर दी। जिसमें पैगंबर मोहम्मद साहब के घर वालों की वीडियो एडिट कर समाज के लोगों को आहत किया है। पोस्ट कुछ ही देर में वायरल हो गई। उसी बीच पोस्ट डिलीट भी कर दी गई। हालांकि उससे पहले तमाम लोग उसका स्क्रीन शॉट ले चुके थे। नई बस्ती मोहल्ला नागर की मस्जिद अक्सा के मौलाना मोहस्नुद्दीन, मौलाना उमर, मौलाना अताउल्लाह,हाफ़िज़ अतीक, हाफ़िज़ महमूद, हाफ़िज़ जैद, मुफ्ती अहसन, मौलाना सुलेमान,हाफ़िज़ मुज़म्मिल, मौलाना इमरान, हाफ़िज़ सुहैल आदि के साथ एसएचओ सुनील दुबे ने बैठक कर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की, साथ ही कहा कि आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में शामिल लोगों ने पुलिस को माहौल खराब न होने देने का आश्वासन दिया।

### कार्रवाई

- पुलिस ने आरोपी को पकड़कर माहौल बिगड़ने से बचाया

### शिया धर्मगुरु बोले, ऐसे लोगों को छूट न दी जाए

पिहानी के शिया धर्मगुरु मौलाना फरमान अली ने कहा कि धर्म के बारे में आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को कतई बख्शा नहीं जाना चाहिए। माहौल खराब करने वाले के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पोस्ट करने वाले आरोपी की निजी राय है, इससे शिया समुदाय का कोई लेना देना नहीं है।

# ओमएफओ मोमो रेस्टोरेंट के चिली पोटेटो में निकले कीड़े, हंगामा

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

अमृत विचार। नगर के बस स्टैंड स्थित ओमएफओ मोमो रेस्टोरेंट में चिली पोटैटो में बड़ी मात्रा में तले हुए कीड़े निकले। शिकायत करने के लिए पहुंचे लोगों को देखकर रेस्टोरेंट मालिक रेस्टोरेंट से चुपचाप निकल कर चला गया।

नगर के बस स्टैंड स्थित रेस्टोरेंट ओमफो मोमो से गिगियानी निवासी डॉक्टर अमरीश कुमार ने चिली पोटैटो मंगवाया। अमरीश कुमार के अनुसार उन्होंने जब पैकिंग खोलकर चिली पोटैटो प्लेट में डालें तो उसमें बड़ी मात्रा में तले हुए कीड़े निकले। उन्होंने तुरंत चिली पोटैटो को पैक कर दिया और शिकायत करने के लिए अपने दोस्तों के साथ ओमफो मोमो रेस्टोरेंट पहुंचे। पैकिंग खोल कर उसे चिली पोटैटो दिखाए तो रेस्टोरेंट मालिक ने बहस करनी शुरू कर दी। बताया कि पैकिंग खोलने के बाद प्लेट में कीड़े गिरे होंगे। बात ज्यादा बढ़ने पर रेस्टोरेंट मालिक चुपचाप मौके से निकल लिया। अमरीश कुमार ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपेंद्र कुमार सिंह से शिकायत दर्ज कराई है और रेस्टोरेंट संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल ओमफो मोमो रेस्टोरेंट पर इससे पहले भी मक्खियां और कीड़े निकलने की शिकायतें आ चुकी हैं। रेस्टोरेंट संचालक द्वारा अपने कार्य में कोई परिवर्तन नहीं किया गया और लगातार इस रेस्टोरेंट से शिकायतें आ रही हैं। इस तरह से तले हुए कीड़े निकलने से स्पष्ट होता है कि फास्ट फूड का सेवन करने वाले बच्चे और महिलाएं फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो सकते हैं।

# जोश-ओ-ख़रोश के साथ निकाला जुलूस-ए-मोहम्मदी

## सुरक्षा के लिए जगह-जगह तैनात रही पुलिस, जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत कर कराया जलपान

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। मस्जिदों, घरों, गलियों और रास्तों को बिजली की झालरों से सजाया।

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार नगर क्षेत्र के बस स्टैंड स्थित अनवारे मुस्तफा से पैगंबर इस्लाम मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश पर पूरे शहर में धूमधाम से जुलूस-ए मोहम्मदी निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। इस दौरान जगह-जगह पुलिस मुस्तैद रही। अनवारे मुस्तफा के काजी सदाकत हुसैन के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। जुलूस में करीब पांच दर्जन अंजुमने शामिल हुई। जुलूस हर साल की तरह इस वर्ष भी परंपरागत तरीके से जामा मस्जिद पहुंचा। यह जुलूस अनवारे मुस्तफा से ब्लाक चौराहा, नवीन गल्ला मंडी, अल्लाहपुर तिराहा, सरायं दरवाजा, नगर पालिका, घास मंडी, सदर बाजार होते हुए जामा मस्जिद पहुंचा। जहां पर काजी सदाकत हुसैन ने और जामा मस्जिद के इमाम मकसूद हुसैन ने तकरीर पेश की। इस मौके पर एसडीएम दीक्षा जोशी, क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह सहित भारी फोर्स बल मौजूद रहा।

जुलूस ए मोहम्मदी का नगर पालिका परिषद के समक्ष सभासदों ने स्वागत किया। मुफ्ती शदाकत हुसैन और जामा मस्जिद के इमाम मकसूद हुसैन सहित तमाम मौलानाओं का माल्यार्पण कर जलपान कराया। इस मौके पर सभासद आदित्य गौतम, रचित गुप्ता, इमरान खान, सुल्तान खान, इच्छाराम अहिवरण लाल आदि मौजूद रहे।


शाहाबाद में जुलूस में शामिल मुफ्त सदाकत हुसैन व इमाम मकसूद हुसैन।

बिलग्राम संवाददाता के अनुसार मुस्तफा के आशिकों ने सरकार की आमद मरहबा.. नारा ए तकबीर, नारा ए रिसालत, मरहबा या मुस्तफा की सदाओं से बिलग्राम सहित गांव की गलियां भी गूंज उठीं। इस मौके पर हजारों की संख्या में एकत्र होकर लोगों ने जुलूस निकाला। नगर के मोहल्ला मैदान पूरा में हजरत सय्यद उवैस मुस्तफा वास्ती की कयादत में जुलूस निकला। जिसमें नगर की तमाम अंजुमने शामिल हुईं। जुलूस मोहल्ला हैदराबाद व ऊपरकोट सैय्यद वाड़ा होते हुए नगर के बड़ा चौराहा पहुंचा, जिसके बाद जुलूस का रुख हरदोई की तरफ हो गया। ब्लाक के सामने नवाब एजेंसी पर जुलूस का समाजसेवी आसिफ अली सम्मू भाई ने इस्तकबाल किया। साथ ही नगर के संभ्रांत व्यक्तियों का माल्यार्पण किया। नगर के मुख्य चौराहे पर जुलूस को हजरत मौलाना सैयद उवैस मुस्तफ़ा वास्ती ने संबोधित किया। उनके बड़े भाई सैय्यद बादशाह हुसैन वास्ती ने भी जुलूस को संबोधित किया और मोहम्मद साहब का पैगाम लोगों तक पहुंचाया। लोगों से पैगम्बर मोहम्मद साहब के संदेशों पर चलने और प्रेम भाईचारे को मजबूत रखने पर जोर दिया। मुल्क के लिए अमन और चैन की दुआ करते हुए जुलूस को आगे के लिए रवाना किया। जुलूस का बड़े चौराहा से सदर बाजार तक कई स्थानों पर स्वागत हुआ। पीपल चौराहा तक पहुंचते पहुंचते जुलूस में भारी भीड़ जुट चुकी थी। मैदानपूरा दरगाह पर पहुंच कर जुलूस का समापन हुआ। इस दौरान बिलग्राम सहित आसपास के कई थानों की पुलिस शांति व्यवस्था में लगी रही। कोतवाली प्रभारी अनिल यादव फोर्स के साथ मौजूद रहे। जुलूस में मुख्य रूप से खानकाहे वाहिदिया के सज्जादा नशीन सोहेल मियां व उनके भाई वाहदिया तय्यविया के हुसैन मियां, फैजान मिया, खानकाहे नसीरिया के सज्जादानशीन हजरत अफसर अली नसीरी सहित नगर की तमाम अंजुमनों के कारकुन मौजूद रहे।


बिलग्राम में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकालते लोग। अमृत विचार

मल्लावां में जुलुस-ए- मोहमदी बड़ी शान ए शौकत से निकाला गया। जुलूस में शामिल लोगों का चेयर प्रतिनिधि परवेज आलम ने जलपान कराकर स्वागत किया।

बारा-बफात पर काजीटोला, ऐठाना मोहल्लों में झांकियां बनाई गईं। घरो में लाइटिंग और केंडिल से रोशनी भी गई। सोमवार को पुलिस की कडी सुरक्षा के बीच जुलूस ए- मोहम्मदी लाला बाजार में सभी मोहल्लों से एकत्र होकर ऐठाना होते हुए चुंगी नंबर -2 से चौराहे पहुंचा। जहां पर जुलूस का चेयरमैन प्रतिनिधि परवेज आलम ने इस्तक़बाल कर जल पान कराया। जुलुस छत्ता टोला से उठकर खजुआ तालाब, दरगाह से बड़ा दरवाजा, लाला बाजार से ऐठाना मोहल्ला, बड़ा चौराहा होते हुए बाजीगंज, छोटा चौराहे से वापस होकर सरकारी अस्पताल के पास से कटरा होकर राघौपुर रोड से सुभाष पार्क रोड से छत्ता टोला में पहुंचकर समाप्त हुआ। इस मौके पर चेयरमैन पति रियाज अहमद, सभासद इंतिसार अंसारी, बल्लू, अल्लन, इक़बाल, इकरामुद्दीन भूरी, इक़बाल नेता, गुड्डू, जुलुस की सुरक्षा में कोतवाल अनिल सैनी पुलिस फोर्स के साथ डटे रहे। बावन में बारावफात (ईद मिलादुन्नबी) के मौके पर कस्बे और निजामपुर गांव में जुलूस ए मुहम्मदी निकाला गया। जुलूस में शामिल लोगों ने सरकार की आमद मरहबा के नारे लगाये। बावन में इमामबाड़ा से शुरू हुआ। जुलूस पूरे बावन का भ्रमण कर मखदूम शाह बाबा की मजार पर पहुंच कर समाप्त हुआ। सीओ हरपालपुर रविप्रकाश सिंह ने जुलूस में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

जुलूस की शुरुआत सोमवार की सुबह इमामबाड़े से हुई। जुलूस में शामिल लोग नात पढ़ते हुए लोग चल रहे थे। जुलूस फाटक की तरफ से होते हुए बाजा थोक, भूषण चौराहा, सर्रानीम नीचे, पीपल नीचे, बाजार, बड़ी मस्जिद की तरफ से होते हुए मजार पर जाकर दुआख्वानी के बाद समाप्त हुआ। बारावफात जुलूस को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर दिखी। सीओ हरपालपुर रविप्रकाश सिंह और थानाध्यक्ष लोनार उमेश त्रिपाठी जुलूस में मुस्तैद दिखाई दिए। जुलूस में रियाज खां, आरिफ नेता, इशाक नेता, असद कोटेदार, हयात खां, मोनीश खान, शनील खां, सलमान समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### संडीला में भी धूमधाम से निकाला गया जुलूस

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** नगर में बड़ी धूमधाम से जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस में हजारों की संख्या में जायरीनों ने शिरकत की। नगर में जगह जगह बिजली की रोशनी से सजावट की गई थी। नगर के मदरसा गौसिया में सुबह 10 बजे जुलूस की शुरुआत हुई। मौलाना मेंहदी हसन, उमर मुस्तफा, हसन मक्खी, अहमद सईद ने हरी झंडी दिखाकर जुलूस को रवाना किया। जुलूस में दर्जनों अंजुमन के परचम शामिल हुए। जुलूस इमलियाबाग मंडई मूसेपुर से होते हुए छोटा चौराहा पहुंचा। जहां से विशाल जुलूस मुख्यमार्ग से होकर बस अड्डा पर चेयरमैन रईस अंसारी के आवास पर जुलूस का स्वागत किया गया। इसके बाद बांगरमऊ रोड से मुड़कर सभी अंजुमन अपने अपने गंतव्य के लिये रवाना हुईं। इस दौरान नारे तकबीर की सदाओं से कस्बे की फ़िज़ा गूंजती रही। इस अवसर पर जुलूस में फरीउद्दीन, मौलाना यामीन, मास्टर सिद्दीक, नसीम खां एडवोकेट, शहर काजी आरिफ अब्दुल्ला, माज अहमद, आदि मौजूद रहे।

### इसलिए मनाया जाता है बारावफात का त्योहार

बताया गया है कि यह मोहम्मद साहब के आमद का दिन है। इसीलिए सुन्नी जमात के मुसलमान हर वर्ष यह जुलूस निकालते हैं और खुशी का इजहार करते हैं। बारावफात मुहम्मद साहब के जीवन और उनकी शिक्षाओं की भी याद दिलाता है। मिलाद-उन-नबी इस्लामी पंचांग के तीसरे महीने रबी-उल-अव्वल के 12वें दिन मनाया जाता है।

## एक नजर

### शराब दुकान के सेल्समैन से लूट का आरोपी गिरफ्तार



**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली पुलिस ने तकरीबन 20 दिन पूर्व शराब की दुकान बंद करके आ रहे सेल्समैन से लूटपाट करने वाले गिरफ्तार किया गया है। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम मिश्रीपुर निवासी सेल्समैन राठौर फतेहपुर गयंद स्थित अपनी दुकान बंद कर शाम को घर वापस आ रहा था। वह जैसे ही कामेपुर और फतेहपुर गयंद के बीच में पहुंचा तो झाड़ियों में से निकल कर दो बाइक सवार बदमाशों ने उसे डंडों से पीट कर उसके पास से 33 हजार की नगदी और ओप्पो मोबाइल छीन लिया था। घटना की रिपोर्ट अज्ञात बदमाशों के खिलाफ दर्ज कराई गई। प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह द्वारा सुराग रशी करके आरोपी नरेंद्र पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम तडेर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### रंगदारी न देने पर बुज़ुर्ग को लाठी-डंडों से पीटा

**हरदोई, अमृत विचार।** बुज़ुर्ग से उसी के परिवार वाले रंगदारी मांग रहे थे, उसके इंकार करने पर उन्हीं लोगों ने लाठी-डंडो से उसकी बुरी तरह से पिटाई कर दी। पुलिस ने बुज़ुर्ग की बेटी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। टड़ियावां थाने के बेलहा की सुमन तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि शनिवार (14 सितंबर) की शाम उसके बुज़ुर्ग पिता इंद्रपाल तिवारी घर के बरामदे में बैठे हुए थे, उसी बीच परिवार के कामता प्रसाद, पवन, सन्तोष व नन्हे उर्फ आनन्द उसके पिता से रंगदारी के पैसे मांगने लगे। मना करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडो से पिटाई कर दी। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की गई है।

# बारिश के चलते दीवार ढही मलबे में दबकर वृद्ध की मौत

संवाददाता, कोथावां (हरदोई)

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में लगातार तीन चार दिनों से हो रही बारिश में कच्चे मकानों ने दम तोड़ना शुरू कर दिया है, बारिश के कारण कच्चे मकान भरभराकर ढह रहे है, जिनके नीचे दबकर लोगों की मौत हो रही है। ऐसा ही एक मामला बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के उमरारी गांव का प्रकाश में आया है जहां घर के बाहर सो रहे वृद्ध व्यक्ति पर कच्ची दीवार गिरने से वृद्ध की मौत हो गई।

बताते चलें कि प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के उमरारी गांव में अपने घर के बाहर सो रहे



दयाराम (80) के ऊपर अचानक उनके घर की कच्ची दीवार ढह कर गिर गई जिसके नीचे दबने से दयाराम गंभीर रूप से घायल हो गए जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई, मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल पीयूष वर्मा ने जांच कर मृतक गरीब परिवार को शासन प्रशासन से उचित सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

# जांच व कार्रवाई के लिए डीआरएम को लिखा पत्र

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में अमृत विचार की खबर का एक बार फिर असर हुआ है। प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर हरदोई के सांसद जयप्रकाश रावत ने मंडल रेल प्रबंधक को मामले की जांच कर सात दिन के अंदर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि पिछले दिनों अमृत विचार ने फ्रैक्चर रेल ट्रैक से दो ट्रेनों को निकाले जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान सांसद जयप्रकाश रावत ने लिया है। 14 सितंबर की शाम को प्लेटफार्म नंबर 4 के पास से रेल ट्रैक में फ्रैक्चर की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर पहुंचे


फ्रैक्चर रेलवे ट्रैक से गुजार दी दो यात्री ट्रेनें

अमृत विचार में प्रकाशित संबंधित खबर।

**खबर का असर**

**सांसद ने अमृत विचार में छपी खबर पर मामले का लिया संज्ञान**

रेल अधिकारियों ने रेल यात्रियों की जान को जोखिम में डालकर फ्रैक्चर रेल लाइन से दो ट्रेनों को गुजार दिया। रेल अधिकारियों की बड़ी लापरवाही से हादसा घटित हो सकता था। हालांकि इस बाबत मंडल के अधिकारी हरदोई रेल अधिकारियों के बचाव में नजर आए। कहा कि ट्रैक की मरम्मत और सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद ट्रेनों का परिचालन सामान्य रूप से शुरू कर दिया गया।

सांसद ने मंडल रेल प्रबंधक मुरादाबाद राजकुमार सिंह को पत्र सौंपकर 14 सितंबर को रेल विभाग के कर्मचारियों द्वारा फ्रैक्चर ट्रैक पर ट्रेनों को गुजारने के मामले को गंभीर माना है। सांसद ने पत्र भेजकर कहा कि रेल अधिकारियों की लापरवाही से बड़ी घटना हो सकती थी।

ट्रैक पर फ्रैक्चर का पता लगाने वाले अधिकारी द्वारा ट्रैफिक को रोका जाता है। सांसद ने प्रकरण को गंभीर मानते हुए कहा कि स्पष्ट जांच और कार्रवाई सुनिश्चित कर आख्या सात दिवस के अंदर कार्यालय को प्रेषित की जाए। सांसद ने कहा कि जनता के साथ किसी भी तरह के जोखिम को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि फ्रैक्चर ट्रैक से रेल अधिकारियों ने ट्रेनों को गुजारा है तो इसमें संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी।

## सार-संक्षेप


पुलिस हिरासत में आरोपी। अमृत विचार

### जुआ खेल रहे पांच लोगों को पुलिस ने दबोचा

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने जुआं खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनके पास से रुपये व ताश के पत्ते बरामद कर लिए। शहर कोतवाली पुलिस ने ग्राम तत्योरा में छापा मार कर वहीं के निवासी नरेश सिंह, अभिषेक, रविद्र प्रताप सिंह, अनिल द्विवेदी तथा राजकुमार सिंह को जुआं खेलते समय ताश व पत्तों सहित गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने जुआं व सट्टे की शिकायत मिलने पर मातहतों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में शहर कोतवाली पुलिस ने इन जुआंरियों को गिरफ्तार किया।

### हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत, केस दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर गंगा दास निवासी एक व्यक्ति वाहन की टक्कर से घायल होने के बाद इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुत्र के प्रार्थना पत्र पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात वाहन के चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर गंगा दास निवासी संस्कार त्रिपाठी ने बताया कि उसके पिता मिथलेश कुमार 8 सितंबर को घर का कुछ सामान लेने अपनी मोटर साइकिल से आंझी स्टेशन गए थे। वहां से वापस आते रेलवे क्रासिंग पुल पर किसी वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी ले जाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया। इलाज के दौरान 12 सितंबर को उनकी मौत हो गई। घटना की लिखित सूचना 15 सितंबर को कोतवाली में दी।

### गैर इरादतन हत्या में सात साल की कैद

**हरदोई, अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश अच्छे लाल सरोज ने गैर इरादतन हत्या के मामले में जुर्म साबित होने पर सात साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 28000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की धनराशि जमा होने पर आधी धनराशि वादी को दिलाए जाने का आदेश दिया गया है। थाना सांडी क्षेत्र के बखरिया निवासी रामनिवास ने 23 जनवरी 2015 को वादी मुकदमा के घर के पास गाली-गलौज कर रहा था। उसकी मां राम रानी ने मना किया तो उसे पकड़ कर खड़ंजा पर पटक दिया और लाठी डंडों से पीटा। जिसके चलते अगले दिन उसकी मौत हो गई। इस मामले की रिपोर्ट मृतका के बेटे शंभू रतन ने दर्ज कराई। सत्र न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की दलीलो को सुनकर आरोपी पर गैर इरादतन हत्या का जुर्म साबित पाया और उसे सजा सुनाई।


बाजार में अनंता खरीदते लोग। अमृत विचार

### अनंत चतुर्दशी का पर्व आज, लोगों ने की खरीदारी

**हरदोई, अमृत विचार।** अनंत चतुर्दशी का पर्व मंगलवार को श्रद्धा और भक्त के साथ मनाया जाएगा। इस दिन अनंत देव भगवान की पूजा अर्चना करके बाजू पर 16 गांठ से बना अनंता धारण करके पर्व मनाया जाएगा। भादो महीने में शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी के दिन अनंत चतुर्दशी का पर्व श्रद्धा और भक्ति से मनाए जाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इस दिन देवों के देव अनंत देव की पूजा अर्चना की जाती है। इसी कड़ी में मंगलवार को साधक उपवास रखकर अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाएंगे। घरों में पूड़ी पक वान और मिष्ठान आदि तैयार किए जाएंगे उसके बाद ब्राह्मणों को दान देकर और अनंता भेंट करके दक्षिणा देकर पर्व मनाया जाएगा। दान दक्षिणा के बाद अपने बाजुओं पर अनंता धारण करके त्यौहार मनाया जाएगा। इसी को लेकर सोमवार को शहर के विभिन्न चौराहों पर स्टाल लगाकर विभिन्न रंगों के अनंता की जमकर बिक्री हुई।

# प्रभारी मंत्री का आगमन आज, तैयारियां पूरी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण मंगलवार को जनपद पहुंचेंगे। इस संबंध में तैयारियों को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में विवेकानंद सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को समय से कार्यक्रमों में उपस्थित रहने और दी गई जिम्मेदारियों का ठीक ढंग से निर्वहन करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रभारी मंत्री सबसे पहले स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद रसखान प्रेक्षागृह में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, डमी चेक व टूलकिट वितरित करेंगे। अभ्युदय योजना के कुछ


तैयारियों की बैठक करते जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व सीडीओ सौम्या गुरुरानी। अमृत विचार

चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित किया जायेगा। जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर तथा दोपहर 12 बजे आरआर कॉलेज में प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं उपलब्धियों पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। डीएम ने कहा कि आयोजनों की सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाएं। सभी अधिकारी व कर्मचारी समय से आयोजन स्थल पर पहुंचें। इस अवसर पर सीडीओ सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार उपस्थित रहे।

# मजबूरीः चंदा लगाकर ग्रामीण खुद करवा रहे पेड़ों की छटाई

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**लगातार ट्रिपिंग व ब्रेक डाउन की समस्या से हो रही परेशानी**

**अमृत विचार।** विद्युत उपकेंद्र अतरौली के अंतर्गत जनिगांव फीडर की 11 केवी लाइन पर ग्रामीण चंदा लगाकर पेड़ों की छंटाई करवा रहे हैं। ग्रामीण सोनू सिंह ने बताया कि जनिगांव फीडर की 11 केवी लाइन के किनारे खड़े पेड़ों की डालों के कारण लगातार ट्रिपिंग व ब्रेक डाउन की समस्या का सामना करना पड़ रहा। पर्याप्त बिजली न मिलने से उपभोक्ता परेशान हैं। चिपचिपी गर्मी में लोगों की नींद हराम है। साथ ही बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही।

ग्रामीणों के अनुसार पेड़ों की छटाई के लिए कई बार जेई व एसडीओ से कहा गया। लेकिन किसी अधिकारी ने ध्यान नही दिया। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने व्हाट्सएप ग्रुप बनाया। इसमें क्यूआर भेज कर चंदा इकट्ठा किया। 62 लोगों ने करीब नौ हजार रुपये का सहयोग किया। पिछले तीन दिन से पेड़ों की छंटाई का कार्य जारी है। इसमें कृष्ण किंकर सिंह, नीशू द्विवेदी, सुमित सिंह, श्रीराम कश्यप, प्रधान रामसहारे राठौर, सियाराम, सूरज कटियार, विजयपाल, दीवान सिंह, कुलदीप राठौर सहित ग्रामीणों ने सहयोग किया है।

# भेड़िया के हमले से किसान घायल, ग्रामीणों में दहशत

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** जोगीपुर नौसारा मोहल्ले के किसान पर भेड़िए ने हमला कर दिया। घायल अवस्था में उन्हें इलाज के लिए प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। भेड़िए की खबर सुनने के बाद जोगीपुर नौसारा के लोगों में दहशत व्याप्त हो गई।

शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला जोगीपुर नौसारा निवासी नेवाराम सोमवार को जानवरों के लिए घास काटने के लिए झवरा तालाब की ओर ग थे। नेवाराम के अनुसार वह घास काट रहे थे, उसी समय गन्ने के खेत से निकलकर भेड़िए ने उनके पैर पर हमला कर दिया। इस पर किसान ने भी उसके पास मौजूद


भेड़िये के हमले में घायल किसान।

दराती से भेड़िए पर हमला कर दिया। जिससे भेड़िया उन्हें छोड़कर फिर से गन्ने के खेत में छिप गया। मेवाराम का पैर लहूलुहान हो गया। तुरंत नेवाराम ने घर पहुंच कर सारी घटना मोहल्ला वासियों को बताई। नेवाराम का इलाज कराया जा रहा है। इलाके में भेड़िए की आहट से हड़कंप मचा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार भेड़िये की मौजूदगी की सूचना वन विभाग को भी दी है।

**उपलब्धि** | पिहानी सीएचसी पूरे प्रदेश में प्रथम, मिलेगी 15 लाख रुपए की धनराशि

# छह सीएचसी को मिला कायाकल्प अवार्ड

संवाददाता, संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पिहानी, संडीला, कोथावां, बावन, बेहंदर, और सुरसा सीएचसी को साल 2023-24 का कायाकल्प अवार्ड प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने कायाकल्प अवार्ड के लिए चुने गए प्रदेश के 425 चिकित्सालयों की सूची जारी की है, जिसमें हरदोई की छह सीएचसी ने जगह बनाई है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी चिकित्सा इकाइयों में स्वच्छता



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिहानी। अमृत विचार

व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए कायाकल्प अवार्ड योजना की शुरुआत 15 मई 2015 को की थी। इस श्रेणी में पुरस्कार पाने के लिए चिकित्सा इकाइयों पर गुणवत्तापरक सेवायें देकर रोगी संतुष्टि में वृद्धि करना, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन, चिकित्सालय कर्मियों के कार्यशैली एवं दक्षता में सुधार करना, सफाई, हाइजिन प्रमोशन, सेनिटाइजेशन, संक्रमण प्रबंधन आदि बिन्दुओं पर जांच टीम के द्वारा अंक दिए जाते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि पुरस्कार प्राप्त चिकित्सालयों के सभी कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। अन्य अस्पताल भी प्रयास करें ताकि वह अगले साल पुरस्कार के हकदार बनें। उन्होंने कहा कि कायाकल्प मिलने की प्रक्रिया में सहयोगी संस्था एचसीएल फाउंडेशन का काफी सहयोग रहा। सीएचसी पिहानी ने सूबे में प्रथम स्थान हासिल किया है और अन्य पांच सीएचसी ने सांत्वना पुरस्कार। पिहानी सीएचसी को 15 लाख की धनराशि मिलेगी और अन्य को एक-एक लाख रुपए का सांत्वना पुरस्कार दिया जाएगा।

## एक नजर

### 8 से 12 अक्टूबर तक चलेगा दशहरा महोत्सव

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** कस्बे के श्रीराम जानकी मंदिर मढ़ी में दशहरा महोत्सव को संपन्न करवाने के लिए समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक दुर्गेश मिश्र की अध्यक्षता में हुई। अध्यक्ष ने बताया कि इस वर्ष का दशहरा महोत्सव 8 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक हर्षोल्लास के साथ संपन्न होगा। प्रतिदिन शाम के समय भगवान श्रीराम की मनोहारी लीला एवं रात्रि में संगीत मंचन का कार्यक्रम संपन्न होगा। इस अवसर पर कृष्ण कांत मिश्र, शिवा कांत मिश्र, अनूप दुवेदी, आनंद शुक्ल, उपमन्यु अवस्थी सहित काफी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### अभद्र टिप्पणी पर केस दो गिरफ्तार

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** बारावफात त्योहार से पहले एक फेसबुक यूजर द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर पोस्ट डालकर हंगामा बरपा दिया। आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए दो आरोपियों गिरफ्तार किया है। सीओ दिनेश शुक्ला ने बताया कि मोहल्ला कटरा निवासी मोहम्मद मोनिस निवासी की तहरीर पर संकेत वर्मा व पवन वर्मा के विरुद्ध केस दर्ज करते हुए गिरफ्तारी की कार्रवाई की है।

### शंकरपुर में चला हरियाली पर आरा

**खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** हरियाली पर आरा चलाया गया। मामला विकास खण्ड क्षेत्र परसेंडी के ग्राम शंकरपुर का है। प्राथमिक विद्यालय शंकरपुर के पीछे की बाग काट दी गई। बताया जाता है कि मामले में परमिट को लेकर घालमेल किया है। बढ़ती रार के बीच वन विभाग के डीएफओ नवीन खंडेलवाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है। अभी देख कर कार्रवाई करवाते हैं। बड़ा सवाल है कि शासन में जांच करते हुए किस तरह की कार्रवाई की जाएगी।

### स्वच्छ वार्ड, घर और स्कूल होंगे पुरस्कृत

**पैंतेपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** आदर्श नगर पंचायत पैंतेपुर की देखरेख में सभी वार्डों सहित समस्त धार्मिक स्थलों की सफाई से संबंधित अभियान चलाया जाएगा। जानकारी देते हुए पैंतेपुर की अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव ने बताया कि कस्बे में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान के तहत कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, सभी विद्यालयों में स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन, सभी वार्डों में विशेष सफाई के साथ–साथ विभिन्न वार्डों में कूड़ा करकट डालने वाले स्थानों की सफाई करवाई जाएगी। ईओ ने बताया कि अभियान में सबसे स्वच्छ स्कूल, सबसे स्वच्छ वार्ड एवं सबसे स्वच्छ घर का भी चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।

# मुख्तार की आमद मरहबा, पत्ती-पत्ती, फूल-फूल, या रसूल, या रसूल

## ईद मिलादुन्नबी : शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जोश के साथ निकाला गया जुलूस, रही कड़ी सुरक्षा, अकीदतमंदों ने मांगी अमन-चैन की दुआएं



लहरपुर में मांगी गई मुल्क के लिए अमन और चैन की दुआ। अमृत विचार



पैंतेपुर में जुलूस निकालते बच्चे। अमृत विचार



पुराने शहर में जुलूस में शामिल ऊंट। अमृत विचार

सीतापुर

▸▸ बच्चों की पोशाकें, ऊंट-घोड़ा रहे आकर्षण का केंद्र, डीजे और वाहनों पर रही पाबंदी

**अमृत विचार टीम :** पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश का दिन जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी अकीदत के साथ मनाया गया। शहर से लेकर गांव तक जुलूस निकाले गए। इस बार वाहन और डीजे जुलूस में शामिल नहीं हुए। सुरक्षा में पुलिस के साथ पीएसी भी हमराह रही।

ईद मिलादुन्नबी पर पुराने शहर में मरकजी कमेटी जुलूस-ए-मोहम्मदी की ओर से शामिल अंजुमनों ने एक दिन पहले से ही तैयारी कर रखी थी। पुराने शहर में मरकजी कमेटी की ओर से शहर के मुख्य मार्ग पर रोशनी और झालरों के अलावा द्वार भी बना रखे थे। जुलूस कमेटी के सदर हाजी मुजीब अहमद अगुआई में कमेटी के पदाधिकारी और 90 से अधिक अंजुमने मोहल्ला कोट पर इकट्ठा हुई। फिर हरी झण्डी दिखाकर रवानगी का सिलसिला शुरू हुआ। जुलूस कोट, कजियारा होता हुआ रेलवे स्टेशन पहुंचा। यहां से मिरदही टोला होते हुए जुलूस दियाबत्ती, ईदगाह, मन्नी चौराहा होकर कोट पहुंचा, यहां फातिहा और मीलाद हुआ। फिर कजियारा पर समाप्त हुआ। यहां कमेटी की ओर से अच्छी नात पढ़ने और विभिन्न पोशाकों के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वाली अंजुमनों को पुरस्कृत किया गया। मुल्क के लिए अमन और चैन की दुआएं मांगी गईं। इस दौरान मौलाना शौकत अली कासमी, मस्त हफीज रहमानी, फरहत बेग सनी, कारी सलाहुद्दीन, मुन्ना पहलवान, इकबाल अहमद, मसूद आलम अंसारी, कय्यूम अंसारी, अकील अहमद, आफताब अंसारी, सरताज खां, आफताब इकबाल, शमीम बेग, मो. अयाज सहित अन्य मौजूद रहे।

पुराने शहर के निर्धारित रास्तों से होकर गुजरे जुलूस में ऊंट और घोड़े आकर्षण का केंद्र रहे। इन पर सवार छोटे-छोटे बच्चों की पोशाकें और भी लुभा रही थीं। युवाओं के हाथ तिरंगा भी शान से लहराता रहा।

**जगह–जगह लगीं सबीलें :** कई गांव में अकीदतमंद कव्वालियों की धुन पर झूमते हुए पैदल चल रहे थे। रास्ते में कई स्थानों पर अकीदतमंदों ने सबीलें भी लगवाईं, जिसमें अंजुमन और आमजन को फल, हलवा, खीर, चाय और शरबत का वितरण किया।

**जोश के साथ जमकर लगाए नारे :** जुलूस में पैगंबर साहब की शान में अकीदतमंदों ने सरकार की आमद मरहबा, मुख्तार की आमद मरहबा, पत्ती-पत्ती, फूल-फूल, या रसूल, या रसूल, मुस्तफा जाने रहमत पर लाखों सलाम...जैसे नारे लगाए।

**कदम रसूल में आज होगी जियारत :** पैंतेपुर में कस्बा स्थित कदम रसूल में मोहम्मद साहब का यौमे पैदाइश दिवस धूमधाम से मनाया गया। समिति अध्यक्ष अजमल सेठ ने बताया कि कदम रसूल में मोहम्मद साहब के पद चिन्हों के दर्शन के लिए दूर दराज क्षेत्र से बड़ी तादात में लोग जियारत के लिए आयेंगे। मंगलवार को जुलूस का आयोजन किया जायेगा। जिसमें दूर- दराज क्षेत्रों से लोग अपनी- अपनी अंजुमनों को लेकर आएंगे। जुलूस कदीमी रास्तों से चलकर रात 9 बजे माहनगर में समाप्त होगा।

### मीरानगर में निकला जुलूस-ए- मोहम्मदी

कस्बा पैंतेपुर के पास स्थित ग्राम पंचायत मीरानगर में मोहम्मद इस्लाम और उवैद खान की अगुवाई में जुलूस–ए–मोहम्मदी का आयोजन किया गया। यह जुलूस प्रमुख स्थलों पर गया। बड़ी संख्या में लोगों ने फातिहा पढ़ी। मिठाई बांटी गईं। इस अवसर मोहम्मद शोएब, मोहम्मद आहद, मोहम्मद साहिल, मोहम्मद युसूफ, मोहम्मद नदीम, जीशान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### महतनिया से शानो शौकत से निकला जुलूस

पिसावां स्थित महतनिया गांव की नूरी मस्जिद से शानो शौकत के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस में महतनिया के अलावा देवरिया गांव के लोग भी शामिल हुए। मौलाना इसरार, हाफिज शाहरूख, मो. अय्यूब, हनीफ, सलीम सहित बड़ी संख्या में जमा लोग दुआ में शामिल हुए।

### लहरपुर में जियारत के लिए रखा गया मोए मुबारक

कस्बे की मशहूर दरगाह हजरत अब्दुर्रहमान शाह जांबाज कलंदर पर गयास मियां फारूकी की सरपरस्ती में महफिल–ए–मीलाद के बाद दरगाह में रखे हुए पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के मोए मुबारक को आम लोगों के लिए रखा गया, ऐसे में अकीदतमंदों ने जियारत की। खानकाह मुस्तफा शाह में सज्जादानशीन डॉ. अफजल लहरपुरी की सदारत में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने मीलादुन्नबी में शामिल हुए सलाम पेश किया। मजाशाह कलंदर तथा रमजान अली शाह मुरली वाले बाबा की खानकाहों पर भी महफिल का आयोजन किया गया।

# झाड़ू लगा रही महिला पर जंगली जानवर का हमला

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर

▸▸ मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कहा, सियार के पगचिन्ह

**अमृत विचार :** जिले में इन दिनों जंगली जानवरों की आमद से लोग दहशत में हैं। कहीं किसी को जंगली जानवर की आवाज सुनाई पड़ती है, कहीं पगचिन्ह दिखाई पड़ते हैं, तो कहीं जंगली जानवर मवेशियों व ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें अपना निवाला बना रहे हैं। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के शेखापुर गांव में घर के बाहर झाड़ू लगा रही एक महिला पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। इससे महिला की साड़ी फट गई और उसके पैर में जंगली जानवर के नाखून लग गए।

थाना क्षेत्र के शेखापुर गांव की विनीता पत्नी मोहित का घर गांव के एक छोर पर है। बताते हैं कि शाम करीब 4:30 बजे विनीता जब अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी, तभी किसी जंगली जानवर ने उनके ऊपर हमला कर दिया। अपने ऊपर हमला होते देख वह भाग पड़ी। जिससे उनकी साड़ी फट गई और जंगली जानवर के नाखून उसके पैर में लग गए। सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गांव वालों से रात के समय उजाला करने व सतर्क रहने की बात कहकर वापस चली गई। बता दें कि इसी इलाके में बीते दिन बंजरिया गांव निवासी विजय पाल सिंह की बछिया को किसी जंगली जानवर ने अपना निवाला बना डाला था तथा एक बछड़े पर भी हमला कर उसे जख्मी कर दिया था। वहीं पड़ोसी गांव रन्नूपुर में भी कुछ ग्रामीणों को जंगली जानवर दिखाई पड़ा था। उधर, मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गांव में मिले पगचिन्हों को सियार के पगचिन्ह बता रही है। क्षेत्र में लगातार हो रही इन घटनाओं से आसपास इलाकों में दहशत बढ़ गई है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खाद्य सामग्री का संकट

## प्रशासनिक दावा : लगातार वितरित की जा रही है खाद्य सामग्री, ग्रामीणों ने बताया नाकाफी



मुख्य मार्ग पर भरे पानी के बीच से निकलते ग्रामीण। अमृत विचार



टापू बन चुके गांव में छप्पर के नीचे तखत पर शरण लिये लोग। अमृत विचार

संवाददाता, रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचार :** बैराजों से छोड़ा गया पानी लगातार कहर ढा रहा है। रामपुर मथुरा इलाके के प्रभावित 100 गांव के लोगों में खाने का संकट गहराने लगा है। हालांकि प्रशासन लंच पैकेट सहित अन्य खाद्य सामग्री बांटने का दावा कर रहा है लेकिन ग्रामीणों ने इसे नाकाफी बताया है।

महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के सबसे अधिक प्रभावित गांव में रामरूप पुरवा, नयी बस्ती, नागेशपुरवा, पीतांबरपुरवा, घनश्यामपुरवा, कुन्नापुरवा, महाजनपुरवा सहित अन्य गांव हैं। गांव से पलायन कर चुके भगौती कहते हैं कि परिवार को खाने की दिक्कत होने लगी है। केवल पूड़ी से ही घर का खानपान नहीं चल सकता है। कल्लू का कहना है कि संसाधनों की कमीं के कारण हालात बिगड़ रहे हैं। चारों ओर भरे पानी के चलते कहीं निकला भी नहीं जा सकता। संतराम का मानना है कि कच्चा खान पर्याप्त मात्रा में आवश्यक है। लगातार पूड़ी के कारण बच्चों के पेट खराब हो गए हैं। बृजेश कहते हैं कि भरे पानी के बीच नाव के सहारे कोई आ जाता है तो खाने और कपड़ों की आस रहती है क्योंकि अधिकतर सामान अचानक आई बाढ़ के कारण जलमग्न हो चुका है।

> प्रभावित आठ ग्राम पंचायतों में राजस्व टीम भ्रमणशील है। बाढ़ग्रस्त इलाकों में लंचबॉक्स, तिरपाल, पशुओं के लिए भूसा व नाव उपलब्ध कराई जा रही हैं। सीएचसी रामपुर मथुरा द्वारा स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा कैंप लगाकर दवाईयां भी दी जा रही हैं। मलेरिया की जांच भी हो रही है। – **अनिल कुमार राम, तहसीलदार, महमूदाबाद**

> मैंने सुबह तटबंध का हाल जाना था, भ्रमण के दौरान अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश भी दिए गए थे कि बढ़ते लोगों के बीच खाद्य सामग्री में कोई कमी न हो। – **शिखा शुक्ला, एसडीएम, महमूदाबाद**

**सांप–बिच्छू का खतरा, तखत बना सहारा :** अंगरौरा, प्यारे पुरवा, बाबा कुटी, अखरी, परमगोंडा निवासी नाव द्वारा गृहस्थी का सामान सुरक्षित स्थान पर व तटबंध पर शरण लिए हुए है। महिला बिट्टा, छोटी आदिक का कहना है कि बारिश के कारण यहां की जमीन गीली है। कई बार पानी के सहारे सांप- बिच्छू आदि तटबंध पर आ जाते हैं। ऐसे में बच्चों को तखत के नीचे नहीं उतारा जाता है। नम जमीन के कारण इसी पर खाना बनाना मजबूरी है।

**अब रास्तों पर भी बहने लगा पानी :** शुकुलपुरवा, कोठार, अर्जुन पुरवा आदि गांव जाने के लिए धांधी गांव का रास्ता पूरी तरह जलमग्न हो गया। ऐसे में बढ़ते हुए पानी के बीच चार गांव के ग्रामीण सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने के लिए नाव की मदद ले रहे हैं।

### लहरपुर इलाके में फसलें हुईं जलमग्न, बंटे लंच पैकेट

**भदफर, सीतापुर, अमृत विचार :** बैराजों से छोड़े गए पानी के चलते लहरपुर तहसील क्षेत्र के भदफर, चंदवासोत, टिकौना, तेजवापुर, पिपरिया, ढोलनापुर, गहबडा, डंडपुरवा, दहेली, पट्टी, सूजाबाद, रमपुरवा, कुसेपा, रतौली, सोंसरी, मुशियाना, अमर नगर, गुरेला, रतौलीडीह, खनियापुर आदि गांवों में बाढ़ के पानी जलस्तर बढ़ रहा है। बढ़ते पानी के कारण जनजीवन अस्त–व्यस्त तथा जानवरों को चारे की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। तहसील प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित रतौली, बसंतापुर, कोल्हू पूरवा, परेवा, नाउन पुरवा गांवों में गांव–गांव जाकर प्रभावित लोगों को लंच पैकेट वितरित किया गया।



झिल्ली डालकर रहते हुए ग्रामीण। अमृत विचार

# सांड़ ने बुजुर्ग पर किया हमला

इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर



हमले के बाद पकड़े गए छुट्टा मवेशी। अमृत विचार

▸▸ पूर्व में भी सांड़ कई लोगों पर कर चुका है हमला

**अमृत विचार :** जहां एक तरफ जंगली जानवरों का आतंक हैं, वहीं दूसरी तरफ छुट्टा जानवरों से भी ग्रामीण बेहद परेशान हैं। ये छुट्टा जानवर कहीं किसानों की फसलों को चट कर देते हैं तो कहीं रास्ते से निकल रहे लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर देते हैं। ऐलिया ब्लॉक क्षेत्र में इन दिनों छुट्टा मवेशियों का आतंक लगातार देखने को मिल रहा है। जिसके चलते लोगों को सड़कों से गुजरना तो दूभर है ही, साथ ही स्कूली बच्चों का स्कूल जाना तक मुश्किल हो रहा है।

काजीकमालपुर चौराहे पर आक्रामक हो चुके सांड़ ने सेवाश्रम इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य विजय कुमार अग्निहोत्री पर सड़क से गुजरते समय हमला कर दिया। जिससे उन्हें काफी चोटें आ गईं। आसपास मौजूद लोगों ने सांड़ को भगाकर उन्हें दौड़कर उठाया। गनीमत रही, कोई भी बड़ा हादसा होने से टल गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह सांड़ इससे पहले भी कई लोगों पर हमला कर चुका है। सचिव मो. जाहिद ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से सांड़ को पकड़ लिया गया है।

### लालपुर में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर, 53 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर के तत्वाधान में बाढ़ राहत केंद्र ग्राम लालपुर बाजार में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार बाजपेई द्वारा किया गया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र पर उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में बाढ़ का प्रकोप जारी है, इसलिए सभी लोग प्राथमिकता के आधार पर प्रभावित लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां उपलब्ध करायें। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में 53 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की। जिसमें मलेरिया बुखार से पीड़ित 6 संदिग्ध मरीजों की स्लाइड बनाकर जांच की गई। इस मौके पर डॉ. प्रणव, डॉ अरविंद बाजपेई, डॉ. दीपा गोस्वामी व स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# अश्लील हरकत कर गहने ले उड़े शोहदे

संवाददाता, महमूदाबाद सीतापुर

▸▸ महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मालसरांय गांव का मामला

▸▸ पीड़ित पक्ष ने दी तहरीर, पकड़े गए नामजद दो आरोपी



**अमृत विचार:** महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मालसरांय के करीब 6 युवकों पर युवती के साथ अश्लील हरकत करते हुए झोला छीनने का आरोप है। पीड़ित पक्ष की ओर से कोतवाली में तहरीर दे दी गई है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव वासी युवक ने बताया कि उसका भाई अपनी बहन को लेकर लेकर महमूदाबाद आया हुआ था। यहां उसने सर्राफ की दुकान से गहने खरीदे, फिर दोनों ही लोग घर जा रहे था। दावा है कि गांव के करीब पहुंचने पर अचानक बंदरों का झुण्ड सामने आ गया। इनको भगाने के लिए भाई ने बाइक खड़ी कर बंदरों को भगाने लगा। ऐसे में वो खेत तक पहुंच गया, तभी रास्ते से गुजर रहे दो बाइकों पर सवार छह युवकों ने उसकी बहन के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी, बहन ने चीखपुकार की तो भाई दौड़ पड़ा। तभी बाइक सवार बहन के हाथ में लटके झोले को छीनकर फरार हो गए। जानकारी करने पर संतोष, विमलेश, मुनेद्र, चैतू, अशोक और इंद्रेश का नाम प्रकाश में आया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि छीने गए झोले में एक सोने का लॉकेट, लगभग 1500 सौ रुपये व एक मार्कशीट थी। कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच पड़ताल में पता चला कि दो पक्षों के मध्य कुछ विवाद हुआ है। नामजद तहरीर के आधार पर दो लोगों को पकड़ा गया है। मामले में छानबीन की जा रही है।

# साधना करने के लिए मिलता है मानव जीवन : संत रामपाल

संवाददाता, नेरी, सीतापुर

▸▸ सैनिक संजीवनी स्कूल नेरी में सत्संग का हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** सैनिक संजीवनी स्कूल नेरी में मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग प्रोजेक्टर द्वारा दिखाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

संत रामपाल महाराज बताते हैं कि संत समागम, हरि कथा, तुलसी दुर्लभ दोय। सूत दारा और लक्ष्मी यह तो पापी घर भी होए। यानी धन-धान्य, सुख-समृद्धि, सुन्दर नारी तो जन साधारण, चोर, बदमाश, हत्यारे और कुकर्मी के घर भी जरूर मिल जाते हैं। जहां संतों की वाणी कोसों दूर भी सुनायी नहीं देती। लेकिन संत का समागम जहां परमेश्वर की यथार्थ जानकारी मिले, उनका नाम जपने का मौका मिले, ऐसा कोई विरला ही घर होता। स्पष्ट है कि एक मौके के स्वरूप में प्राप्त हुआ। यह मानव जीवन परमात्मा की शास्त्र विधि अनुसार साधना करके मोक्ष प्राप्त करने के लिये ही मिलता है। सत्संग सयोजक आदर्श दास ने बताया कि हर माह में एक बार सत्संग का आयोजन सैनिक संजीवनी स्कूल में किया जाता है। इस अवसर पर जिला सेवादार श्रीकृष्ण दास, महेश दास, सत्यप्रकास दास, प्रयाग दास आदर्श दास सहित बड़ी भक्त मौजूद रहे।

# नैमिषारण्य में पुष्पित व पल्लवित हो रही संस्कृत

संवाददाता, नैमिषारण्य, सीतापुर



नैमिषारण्य में संस्कृत पाठ करते विद्यार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सनातन धर्म को मानने वाले लोगों के लिए आस्था का केंद्र तीर्थ नैमिषारण्य, जहां 88000 ऋषियों ने हजारों वर्षों तक अनवरत तप करके भगवत भजन किया वेदों एवं पुराणों का अध्ययन किया। जहां पर महर्षि व्यास एवं सूत ने 88000 ऋषियों को 18 पुराणों का व्याख्यान किया। पावन भूमि को वेदों पुराणों की जननी कहा जाता है। इस भूमि पर 18 पुराण चार वेद, छह शास्त्र की रचना हुई। इस पावन भूमि पर आज भी वेद मंत्रों की धुन सुनाई देती है।

तीर्थ नैमिषारण्य में अपनी पौराणिक भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए अनेक युवाओं ने देव भाषा संस्कृत को पुनर्जीवित करने के लिए एक अभियान छेड़ रखा है। संस्कृत विद्यालय देव भाषा संस्कृत के प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ बच्चों को अपनी पुरानी भारतीय संस्कृति और सभ्यता को जानने और समझने के लिए देव भाषा को सिखा रहे हैं। तीर्थ में आत्मानंद संस्कृत शिक्षण संस्थान, हनुमत संस्कृत शिक्षण संस्थान, गोपाल दास वेद वेदांग संस्कृत शिक्षण संस्थान, गरुड़ ध्वज वेद पाठशाला, ललिता देवी ऋषि कुल संस्कृत विद्यालय के साथ ही दो संस्कृत महाविद्यालय भी हैं। इन विद्यालयों में देव भाषा संस्कृत का अध्ययन कराया जा रहा है। इन विद्यालयों में प्रदेश के कई जिलों के छोटे-छोटे ब्रम्हचारी बटुक वेदों पुराणों का अध्ययन करने के साथ-साथ देव भाषा संस्कृत को सीख रहे हैं।

### भव्य संस्कृत विद्यालय की होगी स्थापना

सरकार तीर्थ नैमिषारण्य में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए एक संस्कृत विद्यालय की स्थापना करेगी। जिसके लिए प्रशासन ने जमीन चिन्हित कर ली है। जल्द ही इस जमीन पर भव्य एवं वातानुकूलित संस्कृत विद्यालय के भवन का निर्माण होगा।

## एक नजर

### लटका मिला महिला का शव

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के कुलताजपुर गांव में विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटका हुआ मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में जांच की है। कोतवाली क्षेत्र के कुलताजपुर गांव में 32 वर्षीय अनीता का शव घर के भीतर कमरे में छत के कुंडे में लटका हुआ मिला। ससुराल पक्ष के मुताबिक, परिवार के सभी लोग खाना खाकर सो गए थे। इसी के बाद घर के भीतर महिला का शव लटका हुआ मिला। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### ससुराल गए युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**सीतापुर, अमृत विचार :** ससुराल गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बिसवां कोतवाली क्षेत्र के कंकरकुई मार्ग पर मिले शव को लेकर अधिक शराब पीने से हुई मौत का दावा कर रही है। इंस्पेक्टर का कहना है कि प्रथमदृष्टया मामला अधिक शराब के सेवन का है, फिर भी स्थितियां पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट किया जा सकता है। रामपुर कला थाना क्षेत्र का मझगवां कला सरांय निवासी 34 वर्षीय अंकित अपनी ससुराल जाने की बात कहकर घर से निकला था। बिसवां कोतवाली क्षेत्र के कंकरकुई गांव पहुंचा। इसी के बाद उसका शव गांव के बाहर मुख्य मार्ग पर मिला। अचानक हुई मौत को लेकर परिवार के लोगों ने हत्या किये जाने की आशंका जताई है। उधर बिसवां पुलिस का कहना है कि हो सकता है अधिक शराब के सेवन के बाद उसकी मौत हो गई है। इंस्पेक्टर बिसवां टीपी सिंह ने बताया है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### एडीएम व एएसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**अमेठी, अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता एवं अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार ने गणेश चतुर्थी प्रतिमा विसर्जन, बारावफात के जूलूस के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कस्बा जायस का भ्रमण कर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। शान्ति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मिलजुलकर त्यौहार मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी।

# कच्ची दीवार गिरी, दो की मौत, दो गंभीर

## महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मेड़इपुरवा मजरा सेमरी गांव का मामला


दीवार ढहने के बाद मलबे में तब्दील हुआ घर। अमृत विचार


मृतक यशोदा।


मृतक काजल।


सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती घायल। अमृत विचार

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

**अमृत विचार:** बारिश के बाद निकली धूप एक परिवार के लिए अंधेरा लेकर आई, भरभराकर गिरी दीवार की चपेट में आकर नानी-नाती की मौत हो गई। दो घायल हो गए, जिनका स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हो रहा है। हादसा महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मेड़इपुरवा मजरा सेमरी गांव का है।

**▸▸ एसडीएम बोलीं- लेखपाल को दिए गए हैं निर्देश, पीड़ित परिवार को मिलेगा मुआवजा**

महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मेड़इपुरवा मजरा सेमरी में यशोदा पत्नी रामखेलावन घर के भीतर मौजूद थे। परिवारीजनों के मुताबिक, अचानक तेज हवाओं के बीच कच्ची दीवार भरभरा कर ढह गई। मिट्टी के मलबे में यशोदा (55) पत्नी रामखेलावन, नातिन काजल (16) पुत्री सूरज, कुमकुम पत्नी रिंकू और ममता देवी पत्नी पिंकू आ गईं। चीख- पुकार के बीच आसपास के लोग दौड़ पड़े। अफरातफरी के बीच सभी को मलबे से बाहर निकाला गया। इसी के बाद सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, चिकित्सकों ने यशोदा को मृत घोषित कर दिया। नातिन की ट्रामा सेंटर लखनऊ ले जाते समय मौत हो गई। कुमकुम और ममता देवी की हालत गंभीर बताई जा रही है। परिजनों के मुताबिक, लेखपाल गांव नहीं पहुंचे हैं, केवल फोन करके बताया गया है। उधर एसडीएम शिखा शुक्ला ने बताया है कि पीड़ित पक्ष को मुआवजा दिलाया जाएगा।

## घर से टहलने निकली महिला से छीने गहने

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** शहर सीमा के करीब हाइवे स्थित बसी बुद्धनगर कॉलोनी में शातिरों ने घर के बाहर निकली महिला के गहने छीन लिए और फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। महिला के बयान दर्ज किये हैं।

**▸▸ कोतवाली देहात क्षेत्र के मोहल्ला बुद्धनगर का मामला**

कोतवाली देहात क्षेत्र स्थित मोहल्ला बुद्धनगर लखनऊ-दिल्ली हाइवे पर बसा हुआ है। बुद्धनगर निवासी कृष्णदेव कुशवाहा के मुताबिक, उनकी पत्नी सुबह टहलने के लिए घर से निकली थीं। जैसे ही बाहर निकलीं, इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने रोक लिया। महिला कुछ समझ पाती, एक युवक ने महिला के गले की चेन छीन ली और कान में पहना कुंडल भी छीन लिया। चीख-पुकार के बीच कृष्णदेव कुशवाहा बाहर निकले, इसी दौरान बदमाश आंखों से ओझल हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची, आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाले और पीड़िता के बयान भी दर्ज हुए। घटना को लेकर पुलिस ने कुछ संदिग्ध हिरासत में लिये हैं।

## महोली-महमूदाबाद मार्ग पर बाइकें टकराईं, दो की मौत

**सीतापुर, अमृत विचार:** सिधौली कोतवाली क्षेत्र में सिधौली-महमूदाबाद मार्ग पर दो बाइकें आपस में टकरा गईं। सड़क हादसे में दोनों बाइक सवारों की कुछ देर बाद मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सिधौली कोतवाली क्षेत्र का टढ़ईकला निवासी 30 वर्षीय अंकित महमूदाबाद मार्ग की ओर जा रहा था। बाइक सवार कुछ ही दूर पहुंचा, इसी दौरान सामने से आ रही बाइक से टकरा गया। सड़क हादसे में अंकित के अलावा दूसरी बाइक पर सवार कमलापुर थाना क्षेत्र का मास्टरबाग निवासी 25 वर्षीय सतीश गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## महोली में दो पक्ष भिड़े मारपीट के साथ फायरिंग

संवाददता, सीतापुर

**अमृत विचार :** महोली के चड़रा गांव में मामूली बातचीत के बाद दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इसमें मारपीट हुई, एक पक्ष की ओर से फायरिंग भी की गई। पुलिस ने 6 आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज करते हुए गिरफ्तारी की है।

क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया है कि चड़रा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इसको लेकर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के हलका दरोगा ने केस दर्ज कराया है। गांव में शांति बनी हुई है। पुलिस गश्त पर है।


मारपीट के दौरान मौजूद युवक।

## सार-संक्षेप

### जंगली जानवर के हमले से दो घायल

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** सदरपुर थाना इलाके में जंगली जानवर ने हमला करके दो लोगों को घायल कर दिया। इनका उपचार समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में चल रहा है। थाना सदरपुर क्षेत्र के ग्राम ठाकुरपुरवा निवासी भोला सिंह (65) पुत्र राज किशोर पर किसी जंगली जानवर ने हमला करके घायल कर दिया। इसी की चपेट में इलाके का कन्नापुर गोसाई निवासी दिनेश गोस्वामी पुत्र राजा राम आ गया। घायल दोनों ग्रामीणों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद ले जाया गया, जहां इलाज जारी है।

### महमूदाबाद में अंजुमनों ने पढ़ी नातें

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** महमूदाबाद कस्बे के मोहल्ला बेलदारी टोला स्थित मदरसा नूरुल उलूम कादरिया की ओर से जुलूस निकाला गया। यह जुलूस ठठेरी बाजार से बजाजा चौराहा, बस स्टाफ, सिधौली रोड, पैगम्बरपुर, संगतकिला, चिकमंडी, कुरैशी मार्ग होते हुए पुन: मदरसा पर जाकर समाप्त हुआ। इस जुलूस में दूर दराज से आई अंजुमनों ने नात पढ़ीं। इस मौके पर मौलाना नूरुल हुदा, आमिर अरफात, रासिद कामरीन, अनवार हुसैन, सभासद अध्यक्ष चक्र सुदर्शन पाण्डेय, तैय्यब आजाद आदि लोग शामिल रहे। **किन्नर ने बांटी जुलूस बांटे फल और मिठाई** : महोली कस्बे में जुलूस ए मोहम्मदी बड़ागांव तिराहा होते हुए पूर्वी छोर डिवाइडर तक गया और वापस में जाकर मदरसा दारुल उलूम में समाप्त हुआ। भारी संख्या में लोग जुलूस में शामिल हुए। पिंकी किन्नर ने जुलूस में शामिल लोगों के बीच फल और मिठाई वितरित की।

### बदमाशों के शक में फायरिंग, गश्त बढ़ी

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** कोतवाली इलाके में गांव में वारदात को अंजाम देने के लिए घुस रहे बदमाशों पर फायरिंग की खबर के बाद हड़कंप मच गया। हालांकि की पुलिस की बढ़ती मुस्तैदी के चलते जांच पड़ताल में घटना महज कोरी अफवाह साबित हुई। कोतवाली इलाके के शेखवापुर गांव निवासी 65 वर्षीय बेला देवी का मकान गांव के बाहर बना हुआ है। रविवार की रात बेला देवी ने अचानक शोर मचाना शुरु कर दिया कि गांव में बदमाश घुस आए हैं। शोरगुल से गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का दावा है कि इसी दौरान गांव के निवासी विनय कुमार ने अपने लाइसेंसी असलहे से बदमाशों को खदेड़ने के लिए दो हवाई फायर भी किए। सूचना पाकर मौके पर सीओ दिनेश शुक्ला पुलिस बल के साथ पहुंचे और जांच पड़ताल की। सीओ दिनेश शुक्ला ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा बदमाशों के आने की सूचना मिली थी, जिसके बाद मौके पर देखा गया। मगर बदमाशों के गांव में घुसने की जानकारी महज कोरी अफवाह निकली। फिर भी एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रात्रिकालीन गश्ती बढ़ा दी गई है। साथ ही पुलिस टीम भी गांव में लगा दी गयी।

### यात्री प्रतीक्षालय बन गया तबेला, दुरुस्त करने की मांग


गोद नदी पुल के निकट बना यात्री प्रतीक्षालय। अमृत विचार

**तालगांव, सीतापुर, अमृत विचार :** तालगांव इलाके के सीतापुर-लहरपुर मार्ग पर गोन नदी पुल के निकट बीते 10 वर्ष पूर्व यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय को ग्रामीणों ने पूर्णतया अपने कब्जे में ले लिया है। प्रतीक्षालय को मवेशियों के तबेले के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में यहां से गुजरने वाले राहगीरों को गर्मी, जाड़ा-बरसात जैसे मौसम में मार्ग पर खड़े होकर वाहनों का घंटों इंतजार करना पड़ता है। राहगीरों की समस्याओं को लेकर विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई सुध नहीं ली जा रही है। वर्षों से रंगाई-पुताई भी नहीं कराई गई है। राहगीरों द्वारा यात्री प्रतीक्षालय से कब्जा हटवाकर इसको दुरुस्त कराए जाने की मांग की गई है।

# सड़क नहीं बनी तो शुरू की भूख हड़ताल

## महमूदाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत घैला के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददता, पहला, सीतापुर


अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के दौरान मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील महमूदाबाद के अंतर्गत ग्राम पंचायत घैला के ग्राम रहिका में वर्षों से पड़ी जर्जर सड़क निर्माण को लेकर ग्राम वासियों का गुस्सा भूख हड़ताल में बदल गया। दलित पिछड़ा शोषित एकता समिति के बैनर तले लोगों ने धरना देते हुए प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष अमरेश कुमार बौद्ध व विधान सभा अध्यक्ष अमित कुमार गौतम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने भूख हड़ताल की। ग्राम वासियों का कहना है कि कई वर्षों से पड़ी जर्जर सड़क के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई बाधित हो रही है। आमजन को आएदिन कीचड़ युक्त गंदे रास्ते से मजबूरन गुजरना पड़ता है। संगठन सलाहकार महेश सिंघानिया ने कहा कि समस्या के समाधान तक विरोध-प्रदर्शन जारी रहेगा। राकेश कुमार गौतम, सुरेश प्रकाश, बौद्धाचार्य व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## आरक्षी के खिलाफ किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार :** लहरपुर कोतवाली में तैनात एक मुख्य आरक्षी की कार्यशैली को लेकर हिंदूवादी संगठनों ने मुखर विरोध करते क्षेत्राधिकारी लहरपुर को ज्ञापन सौंपा। बढ़ते विरोध प्रदर्शन के बीच क्षेत्राधिकारी लहरपुर ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता अभिषेक शुक्ला ने कोतवाली में कार्यरत मुख्य आरक्षी पर अभद्रता और गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली का आरोप लगाया है। बढ़ते विरोध के बीच संगठन से जुड़े अन्य लोगों ने मिलकर क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार यादव को पत्र देकर शिकायत की। प्रदर्शन के दौरान होती नारेबाजी की सूचना पर इंस्पेक्टर मुकुल यादव भी पहुंच गए। सीओ लहरपुर ने मामले में जांचकर कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया, तब कहीं जाकर सभी शांत हुए। इस दौरान दिलीप कुमार, नीरज कुमार, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

## कट्टा कारतूस समेत पकड़ा गया शातिर

**सीतापुर, अमृत विचार :** शहरी क्षेत्र से पुलिस ने चेकिंग के दौरान बहुगुणा चौराहे के करीब से एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से असलहा और कारतूसों की बरामदगी हुई है। क्षेत्राधिकारी नगर अमन कुमार सिंह ने बताया है कि पकड़े गए आरोपी की पहचान कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के फतेपुर निवासी हरिनाम के रूप में हुई। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का असलहा और कारतूस बरामद करते हुए केस दर्ज किया गया है।

## बुखार से गई दो की जान 50 से अधिक बीमार

संवाददाता, सकरन, सीतापुर

**अमृत विचार :** सकरन क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर संक्रमण से दो लोगों की मौत हो गयी। 50 से अधिक तेज बुखार से बीमार हैं। सभी का इलाज अलग-अलग स्थानों पर हो रहा है।

**▸▸ सकरन क्षेत्र में नहीं थम रहा संक्रमण**

सकरन क्षेत्र में बुखार से मरने वाले लोगों की संख्या में हर रोज बढ़ रही है। तारपारा गांव निवासी सत्यम (30) पुत्र रामलखन को रविवार को तेज बुखार आया था। परिजनों के मुताबिक, सत्यम को सकरन स्थिति एक निजी क्लीनिक पर इलाज कराने के लाया गया। दवा लेकर वापस जाने पर देर रात सत्यम की तबीयत अधिक खराब हुयी और घर पर ही उसकी मौत हो गयी। वहीं क्षेत्र के लखुआबेहड़ गांव निवासी शत्रोहन (30) पुत्र आशाराम को शनिवार को बुखार आया, परिजन उसे एक प्राइवेट क्लीनिक पर लेकर गये थे। रविवार की रात उसकी मौत हो गयी। इसके अलावा इसी गांव के 50 से अधिक लोग तेज बुखार से पीड़ित हैं। जिनका इलाज क्षेत्र के प्राइवेट अस्पतालों में चल रहा है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार सचान ने बताया कि प्रभावित गांवों में टीमें भेजकर दवाइयों का वितरण करवाया जा रहा है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मै **रिंकू कनौजिया पुत्र जगत नरायन, निवासी- 347 तुलसीपुर चोरघाटिया जददापुर, जिला-बलरामपुर,** मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 2379266 सन 2011 तथा इण्टरमीडिएट अनु0- 1731310 सन 2013 में एस0बी0आई0सी तुलसीपुर बलरामपुर संस्थागत छात्र के रूप में उत्तीर्ण किया है का अंकपत्र / मूल प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गये है काफी तलाश करने पर नहीं मिला।

**सूचना**

सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की आधार कार्ड में मेरा नाम मोहम्मद शाहिद है जो कि सही एवं सत्य है पासपोर्ट में प्रार्थी का नाम मोहम्मद शाहिद दर्ज हो गया है। आधार कार्ड में जो मेरा नाम मोहम्मद साहिद दर्ज है वही नाम सही एवं सत्य माना जाए। - **प्रार्थी मोहम्मद साहिद पुत्र अहमद हुसैन मकान नंबर 125, वार्ड नंबर -11 संत रैदास जीवपुर, घर के पास मस्जिद, नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा, तहसील-सोहावल जिला अयोध्या।**

**सूचना**

सूचित हो कि सुयश यादव पुत्र सुरेश कुमार यादव कक्षा 10 का छात्र है। वह शहर के गुरु कृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल में पढ़ता है। जिसके जन्मतिथि का अंकन विद्यालय में गलती से 2/10/2009 दर्ज कर दिया गया था। सही जन्मतिथि 2 अक्टूबर 2009 के स्थान पर 10 फरवरी 2010 दर्ज किया जाए। माता का नाम मंजू यादव और पिता का नाम सुरेश कुमार यादव है। **सुरेश कुमार यादव पुत्र बालक राम यादव मोहल्ला सूफीपुरा सिविल लाइन बहराइच, उ0प्र0।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम RAISA BANO W/o MOHAMMAD SALIM नि0- 529KA/368,KHURRAM NAGAR]NEAR TATA MOTORS, KALYANPUR,VIKAS NAGAR, LUCKNOW, UTTAR PRADESH से बदल कर RAHISA BANO W/O MOHAMMAD SALIM कर लिया है। आज से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा।



# सरयू उफनायी, दर्जनों गांवों में घुसा पानी

## खतरे के निशान से 79 सेमी ऊपर बह रही है नदी, संपर्क और मुख्य मार्ग डूबने से आवागमन में परेशानी

बाढ़ का कहर

रामनगर/सूरतगंज/सिरौली गौसपुर, बाराबंकी:

**अमृत विचार :** खतरे के निशान से 79 सेमी ऊपर सरयू नदी बह रही है। बाढ़ के पानी ने दर्जनों गांव व खेतों को जलमग्न कर रखा है। संपर्क व मुख्य मार्ग पानी में डूबे हुए हैं और तमाम ग्रामीणों की रात बाढ़ के पानी में ही गुजर रही। तटबंध पर ठहरे सैकड़ों ग्रामीणों को अब बस मदद का ही सहारा है। मवेशी चारे के लिए परेशान हैं तो घर गृहस्थी पानी में डूब जाने से ग्रामीण खासे चिंतित हैं। सोमवार को जिले के आला अफसरों ने तराई क्षेत्र पहुंचकर हालात का जायजा लिया, वहीं पीड़ितों में लंच पैकेट वितरित कराए।

नेपाल के गिरजा व बनबसा बैराज से छोड़े गए पानी ने तराई के हालात बदल दिए हैं। सरयू नदी का जलस्तर सोमवार भले ही खतरे के निशान से 79 सेंटीमीटर ऊपर रहा पर अचानक आई बाढ़ के कारण तराई क्षेत्र में बसे लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। सैकड़ो एकड़ खेतों में खड़ी फसले जलमग्न हो गयी है। नदी की तलहटी में बसे कई गांव के घरों में पानी घुस गया गया है। इसके कारण लोगो ने पलायन कर ऊंचे स्थानों पर शरण ली है। प्रशासन लगातार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों पर नजर बनाए हुए है। बाढ़ पीड़ितों को लंच पैकेट, राशन किट तिरपाल, आदि का वितरण किया जा रहा है। रामनगर के तपेसिपाह कोरिनपुरवा सिसौंडा, बुधई पुरवा, जैनपुरवा, लहड़रा सहित दर्जनों गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। ग्राम दुर्गापुर का मुख्य मार्ग व प्राथमिक विद्यालय तथा पंचायत भवन में पानी भरा है। तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह बाढ़ पीड़ितों की मदद को पहुंचे। बाढ़ खंड अधिशासी अभियंता शशिकांत सिंह ने बताया नदी का जलस्तर घट रहा है। सिरौलीगौसपुर के प्रभावित गांवों में अपर जिलाधिकारी ने एसडीएम तहसीलदार के साथ नाव से प्रभावित गांवों का स्थलीय निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। सोमवार को अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह एसडीएम प्रीति सिंह तहसीलदार नरसिंह नरायण वर्मा के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्र सनवा सिरौली गुंग आदि गांवों का निरीक्षण किया। एडीएम नाव से गांव पहुंचे जहां पर उन्होंने ग्रामीणों से उनकी समस्याएं जानी। एडीएम ने बाढ़ पीड़ितों में राहत सामग्री वितरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ पीड़ितों को किसी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने सनावां बाढ़ चौकी सहित सभी बाढ़ राहत केंद्रों को भी अलर्ट किया। उन्होंने कहा कि जब तक बाढ़ है तब तक राजस्व कर्मी बाढ़ चौकी पर तैनात रहेंगे। एडीएम अरुण कुमार सिंह ने बांध पर रह रहे बाढ़ पीड़ितों से भी बातचीत की। सीएचसी अधीक्षक डाक्टर सन्तोष सिंह स्वास्थ्य कर्मियों एवं दवा, एम्बुलेंस के साथ बाढ प्रभावित गांवों में ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर दवायें दीं।



सरयू नदी में बाढ़ आने के कारण जलमग्न परिसादी पुरवा गांव में नाव से सुरक्षित ठिकाने की ओर जाते ग्रामीण। अमृत विचार



जलमग्न दुर्गापुर जाने वाले मुख्य मार्ग से गुजरते बाइक सवार। अमृत विचार

### कई गांव बने टापू, कई के अस्तित्व पर मंडराया खतरा

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** रामनगर तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र कटान के कारण बबुरी गांव का अस्तित्व पूर्व में समाप्त हो चुका है। वहीं केदारीपुर गांव का, तिहारा हिस्सा पहले ही सरयू नदी में विलीन हो चुका। शेष घर को काट कर, नदी धीरे-धीरे बेलहरी गांव को समाप्त करने में जुटी है। चार दिनों में नदी में कच्चे-पक्के 41 घर ले लिया है। कटान की गति में प्रतिदिन इजाफा हो रहा। सरयू नदी के उफनाने के बाद बाबूपुरवा, क्योलीपुरवा, उधिया, हेतमापुर, सरसंडा, बलाईपुरवा, पर्वतपुर, गायघाट, बिझला, अकौना एवं डिहुवा सहित एक दर्जन से अधिक गांव भी टापू बने हुए हैं। वहीं करीब तीन सौ परिवारों ने तटबंध पर शरण ले रखी है। पण्डितपुरवा गांव स्थित बाढ़ राहत केंद्र में तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह की उपस्थिति में छह सौ बाढ़ पीड़ितों को, और नदी के उस पार स्थित जमका में लेखपाल रवि प्रकाश ने छह सौ बाढ़ पीड़ित को राहत किट दी।

## एक नजर

### लखनऊ की अंजुमन को मिला पहला स्थान

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** चिकना महल में अंजुमन फारूकिया द्वारा नातिया मुशायरा का आयोजन किया गया था। शुरुआत इमामे ईदैन कारी हाफिज अजीजुद्दीन और निजामत जमील अख्तर, सदारत डॉ. वकील की मौजूदगी में अंजुमनों ने कलाम पेश किये। लखनऊ की अंजुमन ने पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान जरवल की अंजुमन को मिला। तीसरे स्थान पर अंजुमन अनवारे हुदा जैदपुर, चौथा स्थान सफीर जैदपुरी की अंजुमन को दिया गया। इस अवसर पर कासिम सभासद, समीर नबी अहमद, फकीरी, मोनू, रफी, ताविश, शादाब, फरजान, रफीक, जुबेर, वसीम, फैयाज आदि मौजूद रहे।

### हाईवे की सर्विस लेन में गड्ढे

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** लखनऊ-अयोध्या नेशनल हाईवे की दरियाबाद-भिटरिया सर्विस लेन पर गड्ढे हो गए हैं। जहां आए दिन मोटरसाइकिल चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। टोल मैनेजर राकेश चंद्र यादव ने बताया कि टोल मैंटीनैंस मैनेजर को इस बारे में सूचना देकर जल्द से जल्द हाईवे की सर्विस लेन की मरम्मत कराई जाएगी।

### वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत, शिनाख्त नहीं

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सोमवार की सुबह लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना पर हादसे में एक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। प्रधान प्रतिनिधि आसाराम वर्मा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बारा गांव के निकट अधेड़ का शव सड़क के किनारे पड़ा मिला। शव के पास वाहन का टूटा शीशा और बंपर भी देखा गया, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा कि किसी कार की टक्कर से अधेड़ की मौत हुई है।

# जयंती पर आज पूजे जाएंगे प्रभु विश्वकर्मा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सृजन और निर्माण के देवता विश्वकर्मा की जयंती मंगलवार को मनायी जाएगी। उन्हें सृष्टि का पहला इंजीनियर, शिल्पकार व वास्तुकार भी माना गया है। विद्युत विभाग समेत कई सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं व कारखानों में उनकी पूजा-अर्चना की जाएगी।

खासतौर पर फैक्टरी, हथकरघा से जुड़े लोग विश्वकर्मा जयंती पर उनकी आराधना करते हैं। पं.अखिलेश चंद्र शास्त्री ने बताया कि सूर्य देव जब सिंह राशि से निकलकर कन्या राशि में गोचर करते हैं, उसी तिथि को विश्वकर्मा पूजा की जाती है। उन्होंने बताया कि ब्रह्माजी के निर्देश पर ही विश्वकर्मा ने पुष्पक विमान, त्रेता में लंका, द्वापर में द्वारिका व हस्तिनापुर, कलयुग में जगन्नाथ पुरी का निर्माण किया। साथ ही विश्वकर्मा ने वास्तु शास्त्र का ज्ञान, यंत्र निर्माण विद्या के बारे में ही जानकारी दी। जयंती को लेकर बाजार में भगवान विश्वकर्मा की फोटो के साथ पूजन सामग्री आदि की खरीदारी लोगों ने की।



लखपेड़ाबाग स्थित विश्वकर्मा मंदिर में रामायण का पाठ करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### लखनऊ में आज सम्मानित होंगे 115 लाभार्थी

- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किये जाएंगे विश्वकर्मा श्रम सम्मान व ओडीओपी के लाभार्थी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विश्वकर्मा जयंती पर मंगलवार को जिले के 115 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में सम्मानित करेंगे। वहीं विश्वकर्मा श्रम सम्मान और ओडीओपी योजना के तहत टूल किट की सौगात भी उन्हें मिलेगी। शाम चार बजे होने वाले इस कार्यक्रम में चयनित लाभार्थियों को लाने और ले जाने की जिम्मेदारी जिला उद्योग केंद्र विभाग को दी गई है। सृष्टि के पहले इंजीनियर कहे जाने वाले विश्वकर्मा की जयंती पर इस बार भी जिले के 115 लाभार्थियों को उनकी आवश्कता के आधार पर टूल किट देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वकर्मा श्रम सम्मान लोहार ट्रेड के 75 और ओडीओपी योजना के 40 चयनित लाभार्थी शामिल होंगे। शाम चार बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में इन सभी लाभार्थियों को बस द्वारा लखनऊ ले जाने और वापस लाने की जिम्मेदार जिला उद्योग एवं प्रोत्साहन केंद्र विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को दी गई है। विभाग द्वारा इस कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां देर शाम तक पूरी कर ली गईं हैं। उपायुक्त उद्योग आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि चयनित लाभार्थियों को लखनऊ कार्यक्रम में ले जाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### 13 लाख लेने के बाद भी नहीं की रजिस्ट्री

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कुशीनगर के खरीदार ने लखनऊ में 13 लाख रुपये देकर प्लाट बुक करवा लिया। विक्रेता ने रजिस्ट्री नहीं की पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कुशीनगर के ग्राम पडरौन मड़ुरही, पोस्ट दुदही निवासी अशोक कुमार यादव के अनुसार उसका संपर्क अभिमन्यु कुमार सिंह से वर्ष 2018 में हुआ। अभिमन्यु ने बताया कि वह लखनऊ में प्लाटों की बिक्री करता है। इसमें एक प्लाट दिखाते हुए बताया कि यह कार्नर का प्लाट है, बुक करवा लें। उसने एक प्लाट बुक करा लिया। कुल कीमत 13 लाख रुपये उसके ऑफिस ग्रीन सिटी फेज एक बारावंकी में दे दी। वह रजिस्ट्री के लिए कहता रहा लेकिन विक्रेता बहाना बनाकर लगातार टाल मटोल करता रहा।

# घर में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

सुबेहा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सुबेहा थाना क्षेत्र में एक युवक का शव संदिग्ध हालात में घर में फंदे से लटकता मिला। दो दिन पहले ही युवक की पत्नी मायके गई थी। घटना को लेकर गांव में कई तरह की चर्चा हो रही।

जानकारी के अनुसार बम्हरौली मजरे कोलवा का रहने वाला शम्भू रावत अपने घर में पत्नी व बच्चों के साथ रहता था। बताया जा रहा कि घटना के दो दिन पूर्व पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई। रविवार की रात शम्भू कमरे में सोने चला गया, जबकि सुबह माता पिता खेत में काम करने चले गए। सोमवार दोपहर खेत से वापस लौटने पर पिता राजाराम ने शम्भू के बाहर न आने पर उसके कमरे में जाकर देखा तो उनके होश उड़ गए। दरवाजा खुला मिला वहीं शम्भू का शव छत की धन्नी से बंधी रस्सी से लटक रहा था। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। परिवारवाले खुद इस घटना से बदहवास से हो गये हैं।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण पता चल सकेगा।

### कलह से परेशान युवक ने दी जान

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** परिवारिक कलह के चलते सोमवार की शाम एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के रिक्षला गांव निवासी रमेश प्रजापति (42) ने कमरे में छत में लगे हुए पाइप से प्लास्टिक रस्सी के सहारे फंदा बनाया और आत्महत्या कर ली। पत्नी सुमन की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। वही परिजनों के बयान दर्ज किए गये। मौत का कारण तलाशने में पुलिस जुटी है। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# भूमि के फर्जी कागज दिखा ऐंठे 21 लाख

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

जालसाजी

- लखनऊ निवासी व्यक्ति को ठगों ने दी हत्या की धमकी
- पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** जमीन के फर्जी कागज दिखाकर जालसाज ने एक खरीदार से 21 लाख रुपये ऐंठ लिए गए। पीड़ित ने पता किया तो मौके पर कोई जमीन नहीं मिली। दी गई रकम वापस मांगने पर टालमटोल करने के साथ ही धमकी दी जा रही। पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

शहर कोतवाली में दर्ज कराए गए मामले के वादी विश्वजीत सिंह निवासी 2/71 विशेष खण्ड गोमती नगर लखनऊ का कहना है कि उसने अभय कुमार श्रीवास्तव, निवासी आनन्दलोक कालोनी चिनहट लखनऊ व अपनी पत्नी नमिता सिंह के साथ जाकर सज्जन लाल गुप्ता निवासी नाका सतरिख, के घर जाकर ग्राम कुरौली में जमीन लेने के लिए 8 मार्च 2013 व 21 मई 2013 को उनके पुत्र व पत्नी के सामने कुल 21 लाख रुपये नकद के रूप में एडवांस दिया। इसकी रसीद भी उसे मिल गई। जब वह रुपये देने पहली बार गया तो सज्जन लाल गुप्ता व उनके परिवार के लोगों ने ग्राम कुरौली में अपने व परिवार के नाम का एक जमीन रजिस्ट्री पेपर भी दिखाया जिस पर रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर भी रहे। उन लोगों ने कहा कि आपको और जमीन उसी गांव में उपलब्ध करा देंगे, बाकी पैसा रजिस्ट्री के समय दे दीजिएगा। इसके बाद वह कई बार उनके घर गया और जमीन दिलाने की बात कही पर वह लोग बार-बार कोई न कोई बहाना कर टालते रहे। बाद में पता चला कि उनके व उनके परिवार में किसी के नाम पर ग्राम कुरौली में किसी जमीन की रजिस्ट्री नहीं है और जो रजिस्ट्री पेपर उन्होंने रजिस्ट्रार का हस्ताक्षर किया दिखाया वह फर्जी था। इसके बाद से रकम लगातार वापस मांगी जा रही पर वापसी नहीं की जा रही। अब धमकी दे रहे कि परेशान करोगे, तो हत्या करा देंगे।

आस्था

रामनगर में धूमधाम से निकाली गयी विसर्जन यात्रा, श्रद्धालुओं ने उड़ाया अबीर-गुलाल

# अगले बरस आने के वादे के साथ गणेश प्रतिमाएं विसर्जित

फतेहपुर/रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गणेश महोत्सव पर नौ दिनों तक चली पूजा अर्चना के बाद 10वें दिन नगर के विभिन्न मोहल्लों से गणेश विसर्जन शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गयी। शोभा यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड दिखाई दी। डीजे की धुन में नृत्य करते हुए अबीर-गुलाल उड़ाकर पूरे कस्बे में भक्तीमय बना दिया। गणपति बप्पा मोरया के उद्घोषों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा।

मालूम हो की मोहल्ला जोशीटोला व मोहल्ला काजीपुर मौलवी गंज से हवन पूजन के पश्चात गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस भगवान महावीर मार्ग मुशींगंज चौराहा, पटेल चौराहा होते हुए सट्टी बाजार तथा कोतवाली रोड के रास्ते राजा बाजार होते हुए सिहाली रोड के पास स्थित श्री शक्ति धाम महादेव तालाब पर पहुंचा। जहां स्थित तालाब में विधिवत मंत्र उपचार के पश्चात् गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस मौके पर दयाशंकर जोशी, रवि, चट्टान सिंह, रवि ठाकुर, गौरव श्रीवास्तव, सतीस सोनी, अजय, मनोज, संदीप, मनीष श्रीवास्तव समेत भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं रामनगर में भी सरयू नदी में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। रामनगर के मोहल्ला धमेड़ी दो में गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर उत्साह देखने को मिला। इस दौरान ऋषभ अवस्थी, विक्रांत अवस्थी, संदीप अवस्थी, कुलदीप अवस्थी, आचार्य विशाल बाजपेयी और पंडित प्रांशु बाजपेयी उपस्थित रहे।



रामनगर में विसर्जन के लिए विघ्नहर्ता की प्रतिमा ले जाते श्रद्धालु। अमृत विचार



गणेश प्रतिमा का विसर्जन करते रामनगर के मोहल्ला घमेड़ी के भक्त। अमृत विचार

### भाई के साथ पिता ने पुत्र व बहू को पीटा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पिता ने अपने भाई के साथ मिलकर अलग रह रहे पुत्र व बहू को पीटकर घायल कर दिया। पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने पिता व चाचा के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अशोक नगर निवासी रवि कश्यप ने तहरीर में कहा है कि 13 सितंबर को वह पत्नी पुष्पा के साथ घर पर था। तभी उसके पिता बृजेश कश्यप तथा चाचा सुनील आये और कहा कि कोई काम करते, उसने जवाब दिया कि हम अपने परिवार की परवरिश कर लेंगे। यह बात सुनते ही पिता व चाचा ने अभद्रता शुरू कर दी जब उसने पत्नी को गाली देने से मना किया तो वे दोनों लात-घूसों तथा बेलचा से उसे व उसकी बीवी को पीटने लगे, पुष्पा को गम्भीर चोटें आयी हैं।

## सार-संक्षेप

### चिटफंड कंपनियों में जमा रकम दिलाए शासन-प्रशासन



गन्ना कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन करते पीड़ित निवेशक। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** चिटफंड कंपनियों में रकम जमा करने वाले निवेशक भगुतान न मिलने से बीते 1 सितंबर से गन्ना कार्यालय परिसर में धरना दे रहे हैं। उनका आरोप है कि चिटफंड कंपनियों से पीड़ित निवेशकों ने कानून के तहत अपने भुगतान के आवेदन एडीएम के यहां जमा किये है। एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने पर भी किभुगतान नहीं हुआ है। धरना दे रहे लोगों में जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर, जिला संरक्षक लायक राम वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ,जिला महासचिव सुभाष चंद्र वर्मा, सूरतगंज ब्लॉक उपाध्यक्ष शिवानंद वर्मा , पूर्व जिलाध्यक्ष कमाल अहमद, तहसील अध्यक्ष रामनगर अखिलेश कुमार, रामचंद्र, विवेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

### पहली बार ऑनलाइन हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता




प्रतियोगिता में विजेता छात्रा को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी : अमृत विचार :** एक निजी कोचिंग सेंटर में प्रयास जल जीवन समिति के संस्थापक अजय कृष्ण गुप्ता द्वारा छात्र छात्राओं की ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 50 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोली गुप्ता, द्वितीय स्थान देवी प्रसाद, तृतीय स्थान शुभम, चतुर्थ स्थान अनुराग शर्मा, पंचम स्थान अनुसुइया ने प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थापक अजय कृष्ण गुप्ता, समिति के अध्यक्ष अंजनी कुमार साहू, आयुष शुक्ला, शिवा तिवारी, प्रबंधक पंकज यादव, अध्यापक अनुभव यादव, रोमित, कुमार सम्भव और अनमोल जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### कांवड़ियों के सम्मान में कराया भंडारा



हैदरगढ़ में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** अनंत चतुर्दशी के अवसर पर सोमवार को भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए डलमऊ, रायबरेली से गंगाजल लेकर आ रहे कांवड़ियों के सम्मान में सर्राफा व्यवसायी उदय नारायण अग्रवाल ने बाबा प्रेम दास की हनुमंत कुटी एवं नगर के ब्राह्मनान वार्ड में समाजसेवी हरि शरण मिश्र एवं कांग्रेस नेता रोहित मिश्रा ने भंडारे का आयोजन किया । सुबह 9 बजे से लेकर शाम तक चले भंडारे में हजारों कांवड़ियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान विधायक दिनेश रावत, चेयरमैन आलोक तिवारी एवं कांग्रेस नेता विश्रुत अवस्थी ने कांवड़ियों का स्वागत किया। इस अवसर पर अगड़ बम कांवरिया संघ से जुड़े राजू भैया, सौरभ मिश्रा, प्रतीक सरगम, अमित शुक्ला, डब्बू अवस्थी, शिवकुमार गुप्ता, राहुल दीक्षित, नितिन मौर्य, मनीष शर्मा, कुलदीप वर्मा, आलोक शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### जलाभिषेक के लिए औसानेश्वर मंदिर पहुंचे कांवड़िये



हर-हर महादेव के जयकारे लगाते कांवड़िये। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** हैदरगढ़-रायबरेली व लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग पर सोमवार को कांवड़ियों के जत्थे नजर आये। कांवड़ियों द्वारा हर-हर महादेव के उद्घोष से कस्बा गुंजायमान रहा। गुरुवार की सुबह कांवड़िये अति प्राचीन औसानेश्वर महादेव का गंगाजल से अभिषेक करेंगे। हैदरगढ़ नगर एवं आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में कांवड़िये बीते शुक्रवार को जलाभिषेक के लिए गंगाजल लेने के लिए गाजे बाजे के साथ डलमऊ रायबरेली स्थित गंगा घाट के लिए पैदल, साइकिल, मोटर साइकिल से रवाना हुए थे। उधर से पदयात्रा के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर रुकते हुए सोमवार को शिव भक्तों का जत्था हैदरगढ़ पहुंचा। गेरुआ वस्त्रों में कांवड़ लेकर और डीजे की धुन पर झूमते नाचते व हर हर महादेव के जयकारे लगाते चल रहे कांवड़ियों से हैदरगढ़-रायबरेली मार्ग, नगर का मुख्य चौराहा एवं लखनऊ मार्ग गुलजार रहा। इस दौरान महिला कांवड़िया भी बड़ी संख्या में कांवर यात्रा में शामिल रहीं। देर शाम तक कांवड़ियों के जत्थों का औसानेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पहुंचने का सिलसिला जारी था। जहां भजन कीर्तन के बीच रात्रि गुजारने के बाद कांवड़िये गुरुवार की भोर में आदि गंगा गोमती में डुबकी लगाकर अपने आराध्य देव का गंगाजल से अभिषेक करेंगे।

### डॉ. राजेंद्र दुबे के निधन से विहिप को अपूरणीय क्षति

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विहिप के विभाग मंत्री रहे डॉ. राजेंद्र प्रसाद दुबे व उनकी भाभी नीलम दुबे के निधन पर सोमवार को विश्व हिंदू परिषद अवध प्रान्त मंत्री देवेंद्र व जिलाध्यक्ष बृजेश वैश्य ने आवास पर पहुंच कर शोक जताया। प्रांत मंत्री देवेंद्र ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. दुबे के निधन से विहिप को अपूरणीय क्षति हुई है। इस मौके गयादत्त दुबे, नकुल दुबे, भानु दूबे, विहिप विभाग संगठन मंत्री इंद्रेश,जिला मंत्री राहुल कुमार, जिला सेवा प्रमुख निर्मल मिश्रा, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सुमित्रा प्रसाद, प्रखंड उपाध्यक्ष रमाकांत, प्रखंड संयोजक अंशु शुक्ला, प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख दीनानाथ, प्रखंड सेवा प्रमुख महेश लोधी, प्रखंड सामाजिक समरसता प्रमुख सुनील गौतम, रामू लोधी, सागर अवस्थी व मनीष आदि उपस्थित थे।

### गोवंशीय पशुओं का शुरू हुआ टीकाकरण

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण योजना अंतर्गत गोवंशीय पशुओं में एलएसडी एवं बकरियों में पीपीआर टीकाकरण के लिए पशुपालन विभाग विकास खंड देवा की टीम को पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. खिलाड़ी शंकर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विकासखंड के समस्त ग्रामों में पशुपालन विभाग की टीम के द्वारा गोवंशीय पशुओं में एलएसडी टीकाकरण एवं बकरियों में पीपीआर टीकाकरण किया जाएगा। जिससे पशुओं में होने वाली अत्यंत गंभीर बीमारी एलएसडी व बकरियों में होने वाली बीमारी पीपीआर पर पूरी तरीके से नियंत्रित किया जा सकेगा। तथा पशुओं के कान में टैग लगाए जायेंगे। राष्ट्रीय पशुधन बीमा योजना अंतर्गत बहुत ही कम प्रीमियम जमा कर अपने पशु का बीमा भी करा सकेंगे। टीम में पशुधन प्रसार अधिकारी मनोज गौतम, जितेंद्र कुमार, समीर श्रीवास्तव एवं विभिन्न ग्रामों के पैरावेटों व वैक्सीनेटरों द्वारा ग्राम में टीकाकरण प्रारंभ किया गया। इसी क्रम में सोमवार को मामापुर ग्राम में गोवंशीय पशुओं का टीकाकरण किया गया।

# शान-ओ-शौकत से निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

## पुलिस प्रशासन की ओर से किये गये थे सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक बंदोबस्त, किया गया था रूट डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकीः

**अमृत विचार :** हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश को लेकर जिले भर में अंजुमनों द्वारा शान-ओ-शौकत से जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। सुरक्षा को लेकर संबंधित थानों का पुलिस बल तैनात रहा।

शहर के फजलुर्रहमान पार्क से निकला मोहम्मदी का जुलूस धूमधाम से निकला। जगह-जगह मुस्लिम समाज द्वारा शर्बत, बिस्कुट, पानी, हलवा समेत कई अन्य व्यंजनों का वितरण किया गया। जुलूस को लेकर शहर में जाम की स्थिति भी रही। हालांकि पुलिस कर्मियों द्वारा रूट डायवर्जन किया गया था। बेगमगंज तक लोगों की भीड़ मेले की तरह देखी गई। पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक बंदोबस्त किए गए थे। वहीं सिरौलीगौसपुर क्षेत्र के बदोसरांय, किंतूर, सैदनपुर, मरकामऊ भवानीगंज सहित पूरे क्षेत्र में झंडा निकाला गया। जुलूस को हाफिज व कारी नजमुद्दीन कादरी ने संबोधित किया। जुलूस दिन भर कस्बे के गली कूचों से गुजरता हुआ देर शाम अपने गंतव्य स्थान पर जा कर समाप्त हो गया। जुलूस पर जगह-जगह पर पुष्प वर्षा की गयी। इसके अलावा लोगों को मिष्ठान्न वितरित करके अकीदत मंदो ने जुलूस- ए- मोहम्मदी का स्वागत किया।

वहीं आदर्श नगर पंचायत सुबेहा में पुलिस की चाक - चौबंद व्यवस्था के बीच जुलूस निर्धारित मार्ग से हवेली, किला दरवाजा, गढ़ी आदि वार्डो से निकलकर मियां छावन बाबा की दरगाह पहुंचा। जहां जुलूस का समापन किया गया। नगर पंचायत रामसनेहीघाट के सुमेरगंज में जुलूस निकाल कर मोहम्मद साहब का जन्मदिन मनाया गया। जुलूस की शुरुआत में सबसे आगे तिरंगा झंडा फहराते हुए लोग चल रहे थे। जुलूस कस्बा सुमेरगंज से शुरू होकर भिटरिया होते हुए मदरसे पर समाप्त हुआ। इसी तरह हैदरगढ़ नगर पंचायत में बड़ी धूमधाम से त्योहार मनाया गया। बारावफात का पर्व सभी तहसील क्षेत्रों में मनाया गया।


सिरौलीगौसपुर में निकले जुलूस में शामिल अकीदतमंद। अमृत विचार


धनोखर में निकाले गए जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार

### बंकी कस्बे में निकाले गये जुलूस-ए-मोहम्मदी में दिखी एकता की मिसाल

**बंकी, बाराबंकी, अमृत विचार :** बंकी कस्बा से रेलवे स्टेशन होते हुए पुलिस लाइन चौराहा शहर से छाया चौराहा फिर बेगमगंज और शहर के अलग-अलग रास्तों से होते हुए फिर कस्बा बंकी वापस पहुंच कर जुलूस ए मोहम्मदी मुकम्मल हुआ। रास्ते भर में जुलूस ए मोहम्मदी के कार्यक्रम में लोग जुड़ते गए और जुलूस ए मोहम्मदी की खिदमत में चाय नाश्ता और खाने-पीने का तमाम सामान लोगों ने बांटे। इस मौके पर भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन के सुशील कुमार यादव, विश्राम भारती मनीष कुमार यादव, अजय पाल व निहाल अहमद सिद्दीकी ने एकता की मिसाल पेश करते हुए आए हुए तमाम लोगों को शरबत पिलाकर इस्तकबाल किया। इस मौके पर भाकियू दशहरी संगठन के प्रदेश सचिव व जिलाध्यक्ष निहाल अहमद सिद्दीकी ने कस्बा बंकी की जश्ने ईद मिलादुन्नबी की कमेटी के मेंबर मास्टर इरफान सभासद, गुड्डू, सभासद रजी सिद्दीकी, ईशान किदवई, शब्बू, नाजिम व तमाम लोगों का फूल माला पहनकर स्वागत किया।


बंकी कस्बे में जुलूस में शामिल मुस्लिम बंधु। अमृत विचार


कार्यक्रम में शामिल पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप। अमृत विचार

### पूर्व कैबिनेट मंत्री गोप ने दी मुबारकबाद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर शहर में निकले जुलूस-ए-मोहम्मदी में सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप पदाधिकारियों के साथ शामिल हुए। मोहम्मद वैस सलमानी एवं उनके साथियों द्वारा केडी सिंह मार्ग पर आयोजित भंडारे में उपस्थित होकर लोगों में हलवा वितरित करए मुबारकबाद पेश की। इस मौके पर कमेटी के पदाधिकारियों ने गोप को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

## मुंडन के कार्ड बांटने जा रहे अधेड़ की हादसे में मौत

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचारः** पौत्री के मुंडन संस्कार का निमंत्रण बांटने नाती के साथ बाइक पर निकले अधेड़ की डीसीएम की टक्कर से मौत हो गई। नाती घायल हो गया।

हादसा सोमवार सुबह करीब 11 बजे थाना लोनीकटरा के गंगापुर अंडर पास के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस वे की सर्विस लेन पर हुआ। लखनऊ के नगराम के बहरौली निवासी बेचालाल (55) अपने नाती अभिषेक के साथ बाइक से मुंडन संस्कार के निमंत्रण बांटने पोखरा जा रहे थे। गंगापुर के पास डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गम्भीर रूप से घायल बेचालाल को सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वहीं अभिषेक का उपचार किया जा रहा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, जहर देने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मसौली थाना क्षेत्र से जिला अस्पताल लाए गए एक व्यक्ति की मौत हो गई। पत्नी का आरोप है कि एक महिला उसके पति को साथ लेकर अत्यधिक नशे की हालत में लेकर घर आई, जहां उसके मुंह से झाग निकल रहा था। उस महिला ने ही शराब में कुछ मिलाकर पिला दिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस का कहना है कि तहरीर में कोई आरोप नहीं लगाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सही वजह सामने आएगी।

थाना क्षेत्र के ग्राम भटपुरवा निवासी रामकुमार (40) की पत्नी सुमन ने बताया कि उसका भाई लखनऊ के सिविल अस्पताल में भर्ती है। वह रविवार की सुबह लखनऊ चली गई। शाम करीब 7 बजे जब वह घर आई तो उसने पति रामकुमार को घर के पास अचेत पड़े देखा। उसे गांव की ही ए महिला छोड़ कर गई थी। मौके पर एंबुलेंस न आने पर अन्य लोगों के साथ रामकुमार को लेकर जिला अस्पताल गई, जहां इलाज से पहले ही उसकी मौत हो गई। पत्नी का आरोप है कि उक्त महिला के घर उसके पति का आए दिन आना-जाना था। उसने ही शराब में कुछ मिलाकर पिला दिया, जिससे उसकी हालत खराब हो गई। थानाध्यक्ष का कहना है कि रामकुमार नशे का आदी था बीमार भी था। परिजनों ने आरोप नहीं लगाया, बल्कि पीएम कराने की मांग की है।

# मरीजों का होगा डिजिटल एक्स-रे

सीएचसी सतरिख

संवाददाता, सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कई वर्षों बाद सीएचसी सतरिख को डिजिटल एक्सरे मशीन मिल गई है। इसका लोकार्पण सोमवार को प्रदेश के खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री ने फीता काट कर किया। इस दौरान उन्होंने प्रसूताओं को फल भी वितरित किये।

हरख ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतरिख में राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने डिजिटल एक्सरे मशीन का फीता काटकर उद्घाटन किया है। उन्होंने कहा है कि मरीज को डिजिटल एक्सरे मशीन की सुविधा अब सतरिख में मिलेगी। अभी तक मरीज़ों को जिला अस्पताल के अलावा निजी एक्सरे मशीनों का सहारा लेना पड़ा था। भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए समुचित कदम उठा रही है। सतरिख क्षेत्र के जैनाबाद गांव निवासी मरीज धीरज कुमार का एक्स-रे मशीन से किया गया। उसका एक्स-रे सबसे पहले टेक्नीशियन शिव शंकर वर्मा ने किया। उपमुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लव कुमार गुप्ता ने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सीएचसी अधीक्षक डॉ. नीतिश सिंह को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख रवि रावत, अमरीश रावत, सभासद दीपेश श्रीवास्तव, हरिओम शुक्ला, संगम लाल आदि थे।


डिजिटल एक्सरे मशीन का लोकार्पण करते राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा।

### एक नजर

#### जहां सम्मान नहीं वहां जाना उचित नहीं

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम सिसवारा स्थित दिगंबरनाथ मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक राम हेत यादव ने ध्रुव चरित्र और सती चरित्र का प्रसंग सुनाया। ध्रुव चरित्र में प्रभु ने भक्त की तपस्या से प्रसन्न होकर अटल पदवी देने का वर्णन किया। श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को कथा वाचक राम हेत यादव ने कहा कि महादेव शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गईं। यज्ञ में शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। इससे नाराज शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया। इसलिए जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नही जाना चाहिए। कथा सुनने के लिए आयोजक ओमकार यादव, राकेश कुमार, किशोरीलाल वर्मा, रामसमुझ यादव, प्रदीप कुमार यादव, ज्ञानसिंह, अजय कुमार, अमरेश यादव, अवधेश कुमार लाइन मैन, भानुप्रताप रावत, आकाश वर्मा, ओमप्रकाश सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

#### चोरी के माल समेत शातिर पकड़ा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना हैदरगढ़ पुलिस ने वांछित आरोपी लल्ला उर्फ रोहित मौर्या निवासी पोखरा थाना हैदरगढ़ को चोरी के जेवरात एक जोड़ी झुमका, अंगूठी, बेसर व एक जोड़ी पायल, एक जोड़ा मीना के साथ नहर पुलिया पोखरा से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी बताया कि उसने ग्राम धरौली स्थित एक मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने जुनैद उर्फ काली निवासी आलापुर को जिन्हौली गौशाला आलापुर के पास से गिरफ्तार किया।

## अपराधी पालना यादव परिवार की परिपाटी : बृजलाल

बोला हमला

▸▸ राज्यसभा सदस्य ने भाजपा के सदस्यता अभियान में लिया हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचारः** पूर्व डीजीपी व राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने कहा कि सपा शासन में माफिया व गुंडों को संरक्षण मिलता था। सपा सरकार के दौरान पुलिस ने अपने कई जांबाज और ईमानदार अधिकारियों को खोया था। माफिया गुंडे प्रदेश में खुलेआम अपराध करते थे। बृजलाल ने मंगेश यादव के एनकाउंटर को लेकर अखिलेश यादव द्वारा सवाल उठाए जाने पर कहा कि अपराधी पालना यादव परिवार की परिपाटी रही है। आरोप लगाया कि सपा सरकार में बदमाश ही एसपी, डीएसपी की हत्याएं करते थे।

सदस्यता अभियान में हिस्सा लेने आए बृजलाल सोमवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने आतंकवादियों के से मुकदमे वापस लेने का काम किया। साल 2013 में आतंकवादियों की 14 चार्जशीट वापस ली गई थी। इनमें दो पाकिस्तानी भी थे। जबकि योगी सरकार में माफिया गुंडों पर नकेल कसी जा रही है। यूपी में ऑपरेशन प्रॉसिक्यूशन के तहत पिछले 13 महीनों में हजारों अपराधियों को सजा दिलाई गई है। जिसमें 27 अपराधियों को फांसी की सजा मिली है। बृजलाल ने कहा कि मुलायम और अखिलेश के शासन में जो जितना बड़ा अपराधी होता उसको उतना बड़ा समाजवादी कहा जाता था। उन्होंने कहा कि बीएचयू और अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी दोनों एक ही अधिनियम के तहत स्थापित किए गए। ऐसे में जब बीएचयू में एससी एसटी को आरक्षण मिलता है तो एएमयू में क्यों नहीं। इसके लिए कांग्रेस दोषी है। इसके पहले उन्होंने शहावपुर के बूथ संख्या 357, 358 और मंजीठा के बूथ संख्या 279 पर सदस्यता अभियान में हिस्सा लिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, संदीप गुप्ता, गुरुशरण लोधी, रचना श्रीवास्तव, विजय आनंद बाजपेई, रामेश्वरी त्रिवेदी और रचना श्रीवास्तव मौजूद रहे।


भाजपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते राज्यसभा सदस्य बृजलाल।

## फसलों के सर्वे में लखनऊ और लखीमपुर पीछे

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में जीआईएस बेस रियल टाइम क्रॉप सर्वे के माध्यम से क्रॉप सोन रजिस्ट्री तैयार की जानी है। इस प्रक्रिया में लखनऊ व लखीमपुर की प्रगति खराब है। जिन्हें कृषि निदेशालय ने राजस्व विभाग से समन्वयक बनाकर सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में फसलों की बोआई, आच्छादन, उत्पादन, कटाई व क्षतिपूर्ति आदि में पारदर्शिता लाने के लिए एग्रीस्टैक स्थापित किया गया है। इससे फसलों का डिजिटल सर्वे होना है। लखनऊ मंडल की समीक्षा में लखनऊ व लखीमपुर खीरी में राजस्व विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए प्लाटों के सापेक्ष फसलों का सर्वे कम है। कृषि निदेशालय ने दोनों जिलों को राजस्व विभाग की टीम के साथ 100 फीसद सर्वे के निर्देश दिए हैं।

### सार-संक्षेप

#### कृषि व्यापारी महाधिवेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह कल



प्रेस वार्ता को संबोधित करते एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कृषि व्यापारी महाधिवेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को जीआईसी ऑडीटोरियम में होगा। अधिवेशन की तैयारियों को लेकर सोमवार को व्यापारियों ने बैठक की। एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अनुपल अग्रवाल ने कहा कि कृषि संबंधित व्यापार करने वाले थोक और फुटकर व्यापारी संगठन से जुड़ रहे हैं। कृषि व्यापारी महाधिवेशन व शपथ ग्रहण समारोह में पूरे प्रदेश के हजारों व्यापारी जुटेंगे। संगठन के 700 सदस्य बीज, रसायन व फर्टिलाइजर बेच रहे हैं। उनकी गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अधिकारियों के साथ सहयोग करेगा। 18 सितंबर को होने वाले अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलंत्री, प्रवक्ता संजय रघुवंशी, प्रदेश अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी मौजूद रहेंगे। बैठक में रामकुमार वर्मा, प्रहलाद सिंह, अवधेश वैश्य, प्रवेश वर्मा, रामगोपाल, नागेंद्र गुप्ता व राकेश जैन आदि मौजूद रहे।

#### सहकारी न्यायाधिकरण में दायर की अपील

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उपायुक्त एवं उपनिबंधक सहकारिता अयोध्या मण्डल द्वारा एकपक्षीय अनियमित कार्यवाही करते हुए ज़िला सहकारी बैंक के कुल 13 में से 12 संचालक/सदस्यों को अयोग्य घोषित कर दिया गया था। यह सभी बैंक संचालक महिला,पिछड़े, दलित वर्ग से संबंधित हैं। डिस्क्वालीफ़ाई घोषित होने वाले बैंक संचालकों में ज्ञानेन्द्र प्रताप, शिवदेवी, सुरेश चन्द्र, शशि वर्मा, रामलाल,लीना वर्मा, रंजीत कुमार, राजकुमारी, देशराज, रीना वर्मा, सुभाष चन्द्र एवं सभापति सिद्धान्त पटेल थे। इन संचालकों ने इस निर्णय को अलोकतांत्रिक बताया। उपायुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता अयोध्या मण्डल के इस निर्णय को सक्षम न्यायालय में चुनौती देने का निर्णय लेते हुए उच्च न्यायालय खण्डपीठ लखनऊ में याचिका दायर की थी। इसमें उच्च न्यायालय द्वारा सहकारी न्यायाधिकरण में अपील करने के निर्देश दिये गये थे। ढसका अनुपालन करते हुए, अयोग्य घोषित संचालकों ने न्यायोचित निर्णय के लिए सहकारी न्यायाधिकरण में अपील की है।

#### आज से परखेंगे गोवंश संरक्षण की हकीकत

**लखनऊ, अमृत विचार :** 20 जिलों में विशेष अभियान चलाकर पकड़े गए निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने की हकीकत मंगलवार से नोडल अधिकारी परखेंगे। वे 17 से 19 सितंबर तक सड़कों का भ्रमण करने के साथ गोशालाओं की जांच करेंगे। निदेशक पशु पालन डॉ. पीएन सिंह ने बताया कि मैनपुरी, अयोध्या, अंबेडकरनगर, मुरादाबाद, अलीगढ़, गाजियाबाद, मुज्जफरनगर, प्रयागराज, मिर्जापुर, कानपुर नगर, बरेली, सुल्तानपुर, कन्नौज, गोंडा, बदायूं, अमरोहा, बिजनौर, प्रतापगढ़, वाराणसी व उन्नाव में सबसे ज्यादा गोवंश सड़कों पर होने की शिकायत पर विशेष अभियान चलाया गया था।

## पीएम के जन्मदिन पर आज होंगे कई कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में जिले के नए प्रभारी मंत्री भी आयोजन में भाग लेने के अलावा मसौली क्षेत्र में आयोजित चौपाल में अभियान की शुरुआत करेंगे।

जिला मुख्यालय पर युवा मोर्चा द्वारा जिला अस्पताल ब्लड बैंक में ब्लड डोनेशन कार्यक्रम किया जाएगा। शिविर सुबह 10.30 बजे शुरू होगा। शिविर की शुरुआत के समय भाजपा प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह भी मौजूद रहेंगे।मसौली प्रतिनिधि के अनुसार प्रभारी मंत्री एवं कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही मंगलवार को ग्राम पंचायत नसीरनगर में स्वच्छता ही सेवा है के अभियान की शुरुआत कर चौपाल को सम्बोधित करेंगे। सोमवार को जिला परियोजना अधिकारी मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश कुमार भोंडले ने ग्राम पंचायत नसीरनगर पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया तथा तैयारी समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

## 100 मीटर दौड़ में युवराज अव्वल

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** अभ्युदय यूथ क्लब के द्वारा महादेवा स्थित ऑडिटोरियम में एकदिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर एवं फीता काटकर खेल प्रतियोगिता प्रारंभ कराई। 100 मीटर दौड़ में युवराज ने, 200 मीटर दौड़ में जीतू तथा 400 दौड़ मीटर में विशाल में बाजी मारी। कुश्ती प्रतियोगिता में विनय ने बाजी मारी।

इस मौके पर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख ने कहा खेलकूद शारीरिक और मानसिक विकास के सहायक होते हैं। छोटे-छोटे खेल मैदानों से ही निकल कर खिलाड़ी देश प्रदेश का नाम रोशन करते हैं ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजन से बच्चों को अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। खेल प्रतियोगिता के मौके पर अनूप सिंह, रवि सिंह, श्रवण कुमार, सर्वेश कुमार, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, राजेश त्रिवेदी, राम मनोरथ, संजय कुमार, मीना कुमारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कबड्डी प्रतियोगिता में निजामपुर ने बाजी मारी ।विजयी खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने पुरस्कृत किया।


प्रतियोगिता का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

लापरवाही

फर्जी अभिलेखों के सहारे मां-बेटे की नौकरी का मामला, शिकायत पर नहीं हुई कार्रवाई

# किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी जांच टीम

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कूटरचित दस्तावेजों के सहारे कथित तौर पर परिषदीय विद्यालयों में नौकरी कर रहे मां, बेटे के मामले की जांच के लिए तीन माह से अधिक समय पूर्व गठित की गई टीम अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसी लापरवाही की वजह से जालसाजी की दोषी मां और बेटे के विरुद्ध आज तक कार्रवाई नहीं हो सकी है।

क्षेत्र के ओहरामऊ गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक उमानाथ शुक्ला ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ में प्रधानाध्यापिका के रूप में कार्यरत आशा गुप्ता एवं कंपोजिट स्कूल अंसारी में सहायक अध्यापक के रूप में कार्यरत विवेक गुप्ता के विरुद्ध शासन से शिकायत की थी। कहा था कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ में कार्यरत प्रधानाध्यापिका आशा गुप्ता एवं उनकी माता सुशीला गुप्ता के बीच केवल 7 वर्ष 5 माह 2 दिन का ही अंतर है, जो की प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा। शिकायतकर्ता ने साक्ष्य के रूप में जन सूचना के तहत प्राप्त साक्ष्यों को प्रस्तुत किया। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने 19 जून 2024 को उच्चाधिकारियों से प्राप्त निर्देश के क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद त्रिवेदीगंज मनीराम वर्मा दरियाबाद एवं सुषमा सेंगर निंदूरा को जांच अधिकारी बनाते हुए 7 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। शासन से की गई शिकायत में कस्बा हैदरगढ़ निवासी रामेश्वर एवं उमानाथ शुक्ला ने 14 एवं 29 मई को पुनः शिकायती पत्र भेजकर पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैदरगढ़ की प्रधान अध्यापिका आशा गुप्ता पर कूटरचित साक्ष्य के आधार पर नौकरी किए जाने एवं विवेक गुप्ता पर कूटरचित गोदनामे के आधार पर सरकारी नौकरी हासिल करने के आरोप लगाए। बता दें कि की गई शिकायत की प्रारंभिक जांच खंड शिक्षा अधिकारी हैदरगढ़ सुनील कुमार गौड़ द्वारा पूर्व में की जा चुकी है। जिसमें प्रारंभिक स्तर पर शिकायतों को सही पाया गया फिर भी 3 माह के बाद भी अभी तक जांच पूरी नहीं हो पाई है।

### जल्द ही भेजी जाएगी रिपोर्ट : बीईओ

खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ का कहना है कि जांच में शिकायत सही पाई गई थी। इसके बाद एक अन्य जांच समिति भी प्रकरण की जांच कर रही है। आरोपी जांच में सहयोग नहीं कर रहे इसलिए विलंब हो रहा। जल्दी ही जांच पूरी कर रिपोर्ट भेज दी जाएगी।

# 16 हेल्थ वेलनेस सेंटरों पर सीएचओ नहीं

संवाददाता, कोठी बाराबंकी

**अमृत विचारः** स्वास्थ्य विभाग भले ही जनता को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था में मुहैया कराने के दावा कर रहा हो लेकिन जमीनी हकीकत कुछ अलग है। ग्रामीण स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य दिलाने के लिए विकास खंड के अंतर्गत हेल्थ वेलनेस सेंटर खोला गया है। लेकिन यहां पर आधे हेल्थ वेलनेस सेंटर पर ताला लटकता रहता है। 16 हेल्थ वेलनेस सेंटरों पर तो सीएचओ की तैनाती ही नहीं है। कुछ सेंटरों पर तो कभी-कभी ताले खुलते हैं। जहां पर मरीजों को इलाज मिलना मुश्किल है।

सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र है। जहां पर 35 हेल्थ वेलनेस सेंटर हैं। जहां पर मात्र 19 सेंटरों पर सीएचओ की तैनाती है। 16 सेंटरों पर अभी भी सीएचओ की तैनाती नहीं होने से लोगों को इलाज के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या निजी चिकित्सकों से अपना उपचार कराना पड़ता है।

वहीं 19 हेल्थ वेलनेस सेंटरों पर सीएचओ की तैनाती है। वहां भी कभी-कभार ही केंद्र पर सीएचओ आती हैं। तब जाकर कहीं केंद्र का ताला खुलता है। क्षेत्र के अंतर्गत सेमरावां, मीरापुर ,सरायमीर, ढेढिया, असदामऊ, जरगांवा सहित कई सेंटर हैं। जहां सीएचओ तैनात हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि यह सेंटर कभी भी नहीं खोले जाते हैं। स्थानीय लोग कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है।

इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक संजय पांडेय ने बताया कि जहां पर तैनाती नहीं है, वह नहीं खुलते हैं बाकी तो समय से खोले जा रहे हैं।



बंद पड़ा हेल्थ वेलनेस सेंटर। अमृत विचार

सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वदा ।
कामक्रोधौ वशे यस्य स साधुः –कथ्यते बुधैः ॥

'केवल सत्य' ऐसा जिसका व्रत है, जो सदा दीन की सेवा करता है, काम-क्रोध जिसके वश में है, उसी को ज्ञानी लोग 'साधु' कहते हैं ।

## संपादकीय

# रणनीतिक लक्ष्य की ओर

भारत न केवल पांचवीं सबसे बड़ी बल्कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भी है। चूंकि देश के पास अपने तेल और गैस संसाधन नहीं हैं, इसलिए भारत के तेज विकास के लिए जरूरी है कि सौर, पवन, परमाणु और जल विद्युत के बल पर 2047 तक विकसित देश बनाने की दिशा में आगे बढ़ा जाए। देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करके ही भारत अक्षय ऊर्जा में वैश्विक नेता बन सकता है। इसके लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ लगी हुई है। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर में चौथे ग्लोबल री-इन्वेस्ट रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता, पैमाने, क्षमता, संभावना और प्रदर्शन सभी अद्वितीय हैं। आयोजन के मिशन से साफ है कि भारत 2030 तक अपनी अक्षय ऊर्जा क्षमता का उल्लेखनीय विस्तार करने के रणनीतिक लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में देश की तेज प्रगति के लिए हर क्षेत्र और कारक पर ध्यान देने की कोशिश की है। भारत में ऐसे 17 शहरों की पहचान हुई है जिन्हें सोलर सिटी के तौर पर विकसित किया जाएगा। कृषि क्षेत्र में किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सौर उर्जा उत्पादन का माध्यम बना रहे हैं। स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता में वैश्विक रूप से चौथे सबसे बड़े देश के रूप में, भारत का लक्ष्य वैश्विक ऊर्जा संक्रमण में अपने नेतृत्व को और मजबूत करना है। सरकार ने शुरुआती 100 दिनों में ग्रीन एनर्जी से जुड़े कई फैसले लिए। भारत 31 हजार मेगावाट हाइड्रोपावर जनरेट करने के लिए भी काम कर रहा है। इसके लिए 12 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा स्वीकृत किए जा चुके हैं। रेलवे नेटवर्क बढ़ाने की दिशा में भी पिछले 100 दिनों में 15 से ज्यादा सेमी हाईस्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस लांच किए गए। ऐसा रेलवे नेटवर्क को विस्तार देने के लिए किया है। पहली बार है जब कोई हाई प्रोफाइल इवेंट राजधानी दिल्ली से बाहर हो रही है। महत्वपूर्ण है कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने हरित परियोजनाओं में 32.45 लाख करोड़ रुपये के वित्तपोषण की प्रतिबद्धता जताई है। इसके अलावा अदाणी समूह ने नवीकरणीय ऊर्जा में 4.05 लाख करोड़ रुपये निवेश करने का वादा किया है। इन निवेश से 70 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। सरकार का 12 नए औद्योगिक शहर निर्माण करने का फैसला रोजगार बढ़ाने की दिशा में अहम साबित होगा। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक मजबूती मिलेगी।

# सरकार के सरोकार, स्वरूप और समझौतों से संशय



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

**नई सरकार के स्वरूप के राजनीतिक के अलावा सांविधानिक कारण भी हैं। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन कानून के अनुसार विधानसभा की 90 सीटों पर सीधा चुनाव होगा। पांच विधायकों का मनोनयन उपराज्यपाल करेंगे।**

नए जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद विधानसभा की 90 सीटों पर चुनावी गतिविधियां चरम पर हैं। अपनों की सरकार बनाने के लिए जम्मू के प्रवेश द्वार लखनपुर से कश्मीर के कंगन तक का अवाम उत्साहित है। नई सरकार में सुरक्षा, स्थिरता, समान विकास और समरसता ज्यादातर मतदाताओं का सपना है। सियासी दल इससे दबाव में हैं। सोच को साकार करने और सरोकार पूरा करने के लिए समीकरण साधे जा रहे हैं। सीमाएं समझते हुए संभावनाओं के हिसाब से कई खुले और गुप्त समझौते हो चुके हैं। एक ही विचारधारा के संगठनों में सहमति बन रही है। बावजूद इसके घोषित-अघोषित गठबंधन अपने-अपने हित में बहुमत की सरकार चाहते हैं। फिर भी नई सरकार के स्वरूप, केंद्र से समन्वय, संतुलन, स्थिरता और स्थानीय स्तर की स्वायत्तता को लेकर संशय हैं। संकल्पों, गारंटियों और घोषणाओं को पूरा करने के लिए सीमित संसाधन जहां सावधान करते हुए आने वाले दौर की समस्याओं का इशारा कर रहे हैं, वहीं पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने से समाप्त पूर्ण राज्य के दर्जे की वापसी के केंद्र सरकार के आश्वासन पर क्रियान्वयन के सही समय का सवाल भी सहज और स्वाभाविक है।

भाजपा ने संकल्प के रूप में 25 सरोकार बताए हैं। इनमें पांच लाख नौकरियां, विद्यार्थियों को लैपटॉप, यात्रा के लिए तीन हजार रुपये और कोचिंग के लिए 10 हजार रुपये देने के अलावा मेडिकल कॉलेजों में एक हजार सीटें बढ़ाने का मंतव्य बेरोजगारी की समस्या पर ध्यान खींचता है। साथ ही मुफ्त पानी और बिजली के अलावा गरीबों को पांच मरला (125 गज) जमीन मुफ्त देने के अलावा किसानों को 10 हजार रुपये देने का वादा भी लुभावना है। वादों की आड़ में बड़े-बड़े दावे भी किए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) पर दावा मजबूत किया गया है। यहां भुलाने की कोशिश की गई कि 22 फरवरी 1994 को पीवी नरसिंहराव की सरकार में संसद में पीओके को भारत का अभिन्न अंग बनाने का सर्वसम्मत संकल्प पारित किया गया था, जिसे 30 साल हो चुके हैं। इसी क्रम में जम्मू से कश्मीर का सफर 14 घंटे से चार घंटे में बताया जा रहा है। तथ्य यह कि सड़क मार्ग से जम्मू से श्रीनगर पहुंचने में पहले आठ घंटे लगते थे। अब यह यात्रा लगभग पांच घंटे में पूरी हो रही है।

**महत्वपूर्ण बात यह भी कि यदि केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल नहीं किया तो सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। जानना जरूरी है कि अनुच्छेद 370 हटाने से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने भी राज्य का दर्जा छीनने पर सवाल उठाए थे।**

इंडिया गठबंधन के घटक नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस का चुनाव पूर्व गठबंधन है। दोनों के क्रमशः 51 और 32 उम्मीदवार मैदान में हैं। नेकां के घोषणापत्र में अनुच्छेद 370 और 35 ए की बहाली के साथ पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कराने समेत 12 गारंटियां हैं। राजनीतिक कैदियों की रिहाई, जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) निरस्त करने, छह महीने में एक लाख नौकरियां देने और भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत की पहल करने की बात कही गई है।

महत्वपूर्ण बात यह भी कि यदि केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल नहीं किया तो सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। जानना जरूरी है कि अनुच्छेद 370 हटाने से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने भी राज्य का दर्जा छीनने पर सवाल उठाए थे। शीर्ष अदालत ने ही 30 सितंबर तक चुनाव कराने का निर्देश दिया था। कांग्रेस की गारंटियों में पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाना तो है ही, एक लाख खाली सरकारी पद भरने, हर नागरिक का 25 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा के अलावा कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की योजना को आगे बढ़ाने का वादा है। 2014 के बाद भाजपा के साथ सरकार बना चुकी पीडीपी ने 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, पानी पर टैक्स खत्म करने, गरीबों को रसोई गैस के 12 सिलेंडर देने की घोषणा की है।

जाहिर है कि नई सरकारों के लिए अपने वादों को अमली जामा पहनाने के लिए बड़ी धनराशि की जरूरत होगी। केंद्र शासित प्रदेश के संसाधन सीमित हैं। जम्मू-कश्मीर में आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के सरकार के दावे के उलट यहां देनदारियां बढ़ी हैं। संसद द्वारा स्वीकृत 2024-2025 के बजट में बताया गया है कि केंद्र शासित प्रदेश की देनदारियां 2019-2020 में 83,573 करोड़ रुपये से बढ़कर 2022-23 में 1,12,797 करोड़ रुपये हो गई हैं।2020-2021 में देनदारियां 92,953 करोड़ रुपये थीं, जो 2021-2022 में 1,01,462 करोड़ रुपये और 2022-2023 में 1,12,797 करोड़ रुपये तक पहुंच गईं। हालांकि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा प्रदेश के कर्ज मुक्त होने का दावा कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि कर्ज और सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के बीच उचित अनुपात बना हुआ है। दूसरी ओर जानकार मानते हैं कि नई सरकार बनने के बाद होने वाले खर्च से सरकारी खजाने पर अचानक बोझ बढ़ेगा और आमदनी के साधन इसी तरह से नहीं बढ़ाए जा सकेंगे, क्योंकि लोकप्रियता के लिए सरकारें कर्ज लेने से परहेज नहीं करतीं हैं।

नई सरकार के स्वरूप के राजनीतिक के अलावा सांविधानिक कारण भी हैं। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन कानून के अनुसार विधानसभा की 90 सीटों पर सीधा चुनाव होगा। पांच विधायकों का मनोनयन उपराज्यपाल करेंगे। दो सीटें कश्मीरी विस्थापितों और एक सीट पीओजेके विस्थापित के लिए आरक्षित है। कश्मीरी विस्थापितों में एक सीट महिला के लिए आरक्षित रहेगी। इसके अतिरिक्त सदन में उचित प्रतिनिधित्व नहीं होने पर दो और सीटों पर महिलाओं को मनोनीत किया जाएगा। मुख्य संशय दिल्ली और पुडुचेरी मॉडल को लेकर है। दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं। मनोनयन नहीं होता। पुडुचेरी में 30 सीटों पर चुनाव जबकि तीन सदस्य मनोनीत होते हैं। केंद्र शासित प्रदेशों में प्रशासन का उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 239 में है। 239ए के अनुसार विधानमंडल सर्वोच्च है। सदन उपराज्यपाल से ऊपर है। हालांकि मद्रास उच्च न्यायालय व्यवस्था दे चुका है कि एलजी सदन में पारित विधेयकों को रोक सकते हैं। दिल्ली में 239एए के प्रावधान लागू होते हैं। दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में सरकार के लिए वित्तीय मामलों, टैक्स लगाने, छूट देने, बदलने बगैरह में उपराज्यपाल की सहमति आवश्यक होती है। जुलाई में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पुनर्गठन कानून की धारा 55 में संशोधित नियमों को अधिसूचित किया था। इसमें उप राज्यपाल को विस्तारित शक्तियां देने वाली नई धाराएं जोड़ी गई हैं। इसके बाद राजनीतिक हलकों में अटकलें लगीं कि पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने में देर लगेगी।

यही नहीं, सुप्रीम कोर्ट से जमानत पाने वाले बारामुला के निर्दलीय सांसद इंजीनियर रशीद ने अपनी अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) और प्रतिबंधित होने के कारण निर्दलीय चुनाव लड़ रही जमात-ए-इस्लामी के साथ तालमेल कर लिया है। पहले चरण की 24 सीटों पर मतदान के ठीक पहले हुए इस समझौते को नए समीकरणों का संकेत माना जा रहा है। राष्ट्रवादी इसे संदेह की दृष्टि से देख रहे हैं। चुनाव के पहले रशीद की रिहाई केंद्र सरकार से उनके सहयोग के भरोसे का नतीजा माना जा रहा है। नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी को अपने प्रभाव क्षेत्र वाले इलाकों में मात देने की नीयत से चाल चली गई है। एआईपी कश्मीर घाटी की 35 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। लोकसभा चुनाव में रशीद ने 18 में से 14 विधानसभा क्षेत्रों में जीत हासिल की थी। अनजान सी पार्टी के इतनी सीटों पर उम्मीदवार उतारने से आश्चर्य है। कहा जा रहा है कि 2014 में पीडीपी की तरह ही 2024 में एआईपी-जमात गठबंधन से भाजपा का चुनाव पश्चात समझौता संभव है। घाटी की 47 में से 28 सीटों को खाली छोड़कर भाजपा ने इस संभावना के सशक्त होने का संदेश दिया है। अल्पमत से बचने और बहुमत की सरकार बनाने के लिए भाजपा 62 सीटों पर लड़ कर 50 सीटें जीतने पर जोर लगा रही है।

## प्रसंगवश

# क्रांतिकारी विचारक पेरियार



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में बाबा साहब आंबेडकर अक्सर मिल जाएंगे। क्योंकि अब राजनीतिक बात संविधान और आंबेडकर के बिना कहां पूरी होती है। ऐसे ही एक नायक हैं पेरियार रामासामी।

नायकर पेरियार का मतलब सम्मानित उपाधि। जिनको उत्तर भारत में स्थापित करने में एक बड़ी भूमिका ललयी सिंह यादव की है। उनमें पेरियार की वैचारिकी इतनी रम गई उनको ही उत्तर भारत का पेरियार कहा जाने लगा। दोनों नायकों का जन्म सितंबर माह है, ललई सिंह 1 सितंबर को कानपुर के झींझक में जन्मे तो रामासामी पेरियार का जन्म 17 सितंबर 1879 को इरोड तमिलनाडु में एक संपन्न, परंपरावादी, हिंदू परिवार में हुआ लेकिन वे यह महसूस कर रहे थे कि दलित और पिछड़ों को घोर अपमान किया जाता है।

वे स्कूल गए जरूर पांच साल की औपचारिक शिक्षा ली और पढ़ाई छोड़ पिता के व्यापार से जुड़ गए। वे बचपन से ही धार्मिक उपदेश भजन में कही हुई बातों में प्रमाणिकता से सवाल उठाते। पेरियार बाल विवाह, देवदासी प्रथा, विधवा पुनर्विवाह के विरुद्ध अवधारणा, स्त्रियों, दलितों के शोषण के पूरी तरह विरोधी थे। उन्होंने हिंदू वर्णव्यवस्था का भी बहिष्कार किया। वे कहते कोई मनुष्य किसी से छोटा या बड़ा कैसे हो सकता है।

उनके आंदोलनों के इतिहास में वायकॉम सत्याग्रह बहुत प्रसिद्ध है। केरल में मंदिरों के आसपास स्थित सड़कों पर चलने पर रोक थी। दलित मान सम्मान की खातिर पेरियार ने लड़ाई ठान दी। सत्याग्रह के लिए केरल के छोटे से शहर वायकॉम को चुना और सत्याग्रह शुरू कर दिया। किसी भी स्तर पर छुआछूत के वह सख्त खिलाफ थे। आखिर केरल के त्रावनकोर में बहन ने भी उस आंदोलन में जबर्दस्त भूमिका निभाई। उन्हें जेल भेज दिया गया तो आंदोलन उनकी पत्नी नागम्म्ई ने संभाल लिया। अंत में सरकार ने घुटने टेके और रास्ते व मंदिर प्रवेश के दलितों के प्रतिबंध हटे। पेरियार की जेल से रिहाई हुई। पेरियार की सफलता ने उन्हें वायकॉम का नायक की उपाधि से नवाजा गया।

# चीन पर यकीन नहीं किया जा सकता



अशोक मधुप
वरिष्ठ पत्रकार

**इतना सब हो रहा है पर जरूरी यह है कि दोनों का मई 2020 की यथास्थिति पर वापस लौटना ही समाधान है। निश्चित रूप से पीछे हटना समाधान नहीं है।**

लगातार चार साल से चले आ रहे भारत चीन के बीच तनाव के कम होने के संकेत हैं। भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों को लेकर हाल में घटनाक्रम बहुत तेजी से घटा है। चीन भारत सीमा से सेना का पीछे हटना बहुत अच्छा है, किंतु चीन की बात पर आंख मुंदकर यकीन नही किया जा सकता। समझौते करने के बाद अपनी बात से मुकरना उसकी आदत रही है। धोखा देना चीन का चरित्र है। उस पर पूरी तरह से नजर रखनी होगी। उसकी चाल के अनुरूप हमें अपना व्यवहार और तैयारी करना होंगी।

भारत चीन सीमा विवाद के सुलझने के संकेत गुरुवार को ही सेंट पीटर्सबर्ग में ब्रिक्स एनएसए लेवल की समिट के साइडलाइन्स पर हुई उस बैठक के दौरान ही दिख गए थे जो एनएसए अजित डोभाल और चीनी विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई थी। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से बैठक के बाद जारी प्रेस नोट में इस बात का जिक्र था कि दोनों देशों ने बचे हुए क्षेत्रों में भी पूर्ण डिसएंगेजमेंट की दिशा में काम करने को लेकर सहमति जताई है। जानकार मानते हैं कि गतिरोध दूर करने करने की दिशा में ले जाने की प्रक्रिया एकाएक नहीं होती। इसके लिए बैकग्राउंड में काम होता रहता है ।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में सीमा मुद्दे पर गुरुवार को कहा कि सैनिकों की वापसी से संबंधित मुद्दे लगभग 75 प्रतिशत तक सुलझ गए हैं लेकिन बड़ा मुद्दा सीमा पर बढ़ते सैन्यीकरण का है। जिनेवा में थिंकटैंक के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुए टकराव ने भारत-चीन संबंधों को समग्र रूप से प्रभावित किया। जयशंकर ने कहा कि विवादित मुद्दों का समाधान ढूंढ़ने के लिए दोनों पक्षों में बातचीत चल रही है। हमने कुछ प्रगति की है। मोटे तौर पर सैनिकों की वापसी संबंधी करीब तीन-चौथाई मुद्दों का हल निकाल लिया गया है। लेकिन इससे भी बड़ा मुद्दा यह है कि हम दोनों ने अपनी सेनाओं को एक-दूसरे के करीब ला दिया है और इस लिहाज से सीमा का सैन्यीकरण हो रहा है।

2020 की झड़प के बाद से दोनों देश सीमा पर बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, जिसे वास्तविक नियंत्रण रेखा के रूप में भी जाना जाता है। भारत द्वारा उच्च ऊंचाई वाले हवाई अड्डे तक एक नई सड़क का निर्माण चीनी सैनिकों के साथ 2020 में होने वाली घातक झड़प के मुख्य कारणों में से एक माना जा रहा है । इस बार चीनी सेना के सीमा से पीछे हटने का कारण चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग काबयान भी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अशांत विश्व का सामना करते हुए, दो प्राचीन पूर्वी सभ्यताओं और उभरते विकासशील देशों के रूप में चीन और भारत को स्वतंत्रता पर दृढ़ रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि एकता और सहयोग का चयन करना चाहिए तथा एक-दूसरे को नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए। वांग ने उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष व्यावहारिक दृष्टिकोण के जरिए अपने मतभेदों को उचित ढंग से हल करेंगे और एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का उचित तरीका ढूंढेंगे । चीन-भारत संबंधों को स्वस्थ, स्थिर और सतत विकास के रास्ते पर वापस लाएंगे।

इतना सब हो रहा है पर जरूरी यह है कि दोनों का मई 2020 की यथास्थिति पर वापस लौटना ही समाधान है। निश्चित रूप से पीछे हटना समाधान नहीं है। यदि निश्चित रूप से समाधान के रास्ते पर चले तो भारत नुकसान में ही रहेगा। इन सब को देखकर भारत को चलना होगा। मई 2020 की स्थिति पर चीन सहमत होगा, ऐसा नहीं लगता। सीमा विवाद के चार साल के दौरान समाचार आए की चीन सीमा पर नए हवाई अड्डे-सैनिक छावनी उनके लिए बंकर बना रहा है। अपने सीमा से सटे क्षेत्र में गांव विकसित कर रहा है। भारतीय क्षेत्र के स्थानों क नाम बदल रहा है। हालांकि विवाद की अवधि में भारत ने भी सीमा पर सुरक्षा ढांचा विकसित किया है। नए एयरबेस तैयार कर रहा है। ठंडे स्थानों में रहने के लिए सैनिकों को प्रशिक्षित करने के साथ ही उनके लिए बर्फ के दौरान भी रहने के लिए सौलर से गर्म करने वाले उनके टैंट बना रहा है। इस प्रक्रिया को भारत का और तेज करना होगा। सीमा रेखा के सटाकर गांव विकसित करने होंगे तोकि चीन की गतिविधि पर नजर रखी जा सके। एक तरह से चीन की प्रत्येक कार्रवाई का उत्तर उसके कदम ही से आगे बढकर देना होगा।

## सोशल फोरम

# गड़बड़ी न कर दें केजरीवाल



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

भाजपा और मोदी की छत्रछाया से मुक्त या निस्पृह होकर केजरीवाल की राजनीति की महत्वाकांक्षाएं अपनी पेंगें नहीं भर पाएंगी। ऐसा भी कभी-कभी लगता है। वह अच्छी तरह जानते हैं कि नरेंद्र मोदी के बाद उन्हें ही भारत का प्रधानमंत्री बनने का मौका इतिहास से छीन लेना चाहिए। इतनी फितरत उनमें है। ऐसा आत्मविश्वास उनका कहता है। लेकिन इसके लिए किसी राष्ट्रीय पार्टी का होना जरूरी है क्योंकि बहुत कोशिश करने पर भी आम आदमी पार्टी केजरीवाल के अकेले दम पर सबसे बड़ी ऐसी राष्ट्रीय पार्टी नहीं बन सकती कि जिसका नेता देश का नेता हो जाए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी उनके लिए निरर्थक नहीं हैं।

अभी तो सब मिली जुली कुश्ती का खेल है। ऐसा लगता है। और केजरीवाल में अगर काबिलियत है तो उन्हें देश का नेता क्यों नहीं बनने देना चाहिए? बहुत कुछ तो उन्होंने अपने दम पर हासिल किया है। अभी परेशानी यही है कि कांग्रेस की राजनीति में अचानक एक मोड़ आया है। बदलाव आया है। और राहुल गांधी जैसा नेता देश के सामने कई चुनौतियां खड़ी कर रहा है और सफल भी हो रहा है । ऐसी हालत में केजरीवाल को ऊहापोह में जाना स्वाभाविक है। इसका कतई अर्थ नहीं है कि केजरीवाल का राजनीति में अवमूल्यन होना चाहिए। वह अपने दम पर जहां तक जा सकते हैं क्यों नहीं जाएंगे। लेकिन एक राष्ट्रीय पार्टी के अभाव में एक राष्ट्रीय कार्यक्रम के भी अभाव में आगे बढ़ना मुश्किल होता है। आम आदमी पार्टी का जो आर्थिक विचार है। उसका जो राजनीतिक विचार है। उसका कोई अच्छा दस्तावेज तक नहीं है। स्कूल बना लो, अस्पताल बना लो, इसको वह प्रगति का लक्षण तो मानते हैं लेकिन यह राजनीतिक आईडियोलॉजी नहीं है। जो भाजपा के पास तो है। कम्युनिस्ट पार्टियों के पास है । कांग्रेस के भी पास है। बहुत कुछ समाजवादियों के भी पास है। तो ऐसी स्थिति में राजनीति केवल खेलकूद नहीं है। उन्हें इतिहास में अपनी जगह ठीक से अंगद के पैर की तरह बनानी चाहिए, लेकिन जो लक्षण हैं, उनको देखकर ऐसा लगता है कि वह बहुत जल्दी में कोई गड़बड़ी न कर दें।

–फेसबुक वॉल से

# अपने आप में एक क्रांतिकारी आंदोलन था इस्लाम



इकबाल अहमद

इस्लाम तकरीबन पंद्रह सौ साल अपने आप में एक क्रांतिकारी आंदोलन था। जिसने आपस में लड़ते छोटे छोटे कबीलों को संगठित करके ऐसी ताकत दी कि आज दुनियां में दूसरा सबसे बड़ा धर्म है। पैगंबर मुहम्मद साहब जो कि अनपढ़ थे और भेड़ चराने का पुश्तैनी काम भी करते थे, उन्होंने तक़रीबन डेढ़ हज़ार साल पहले वो क्रांतिकारी क़ानून लागू करवाए जो आज से सौ साल पहले तक दुनियां के तमाम आधुनिक देशों में दिन में सपने देखने जैसे थे। औरतों को पिता की संपत्ति में हिस्सा। बेटियों को बेटों पर वरीयता। ज़कात के रूप में टैक्स का ऐसा ज़रिया जिसे ईमानदारी से हर मुसलमान अपनी ज़िंदगी में लागू कर ले तो एक भी मुसलमान ग़रीब न हो। ईमानदारी और विश्वबंधुत्व का ऐसा नज़रिया कि अगर व्यावहारिक रूप से अपना लें तो युद्ध और खूंरेज़ी ख़त्म हो जाए। लेकिन अफ़सोस इस बात का है कि इस्लाम के विरोधी ही नहीं उसको मानने वाले भी मुहम्मद साहब की असली सुन्नत (जो उन्होंने ने अपने जीवन में किया) अपनाने की जगह उनके कॉस्ट्यूम और चेहरे मोहरे की नकल करने में लगे हुए है।

मिसाल के तौर पार देखें तो पैगंबर मुहम्मद साहब ने शख़्सियत परस्ती को सख़्ती से मना किया है। उन्होंने अपनी एक भी तस्वीर नहीं बनने दी। उस खजूर के पेड़ को कटवा दिया जिसके नीचे बैठते थे। उनका ज़ोर सामाजिक बदलाव को लागू करने पर था। न कि अपनी वाह वाही करवाने का। लेकिन हुआ उल्टा। उनके उम्मती शायद ही उन सामाजिक बदलावों को आज भी अपनी ज़िंदगी में ईमानदारी से लागू करने की हिम्मत रखते होंगे जो उन्होंने डेढ़ हज़ार साल पहले ख़ुद के जीवन में और अपने समाज में लागू करके दिखाया। वहीं शख़्सियत परस्ती में अव्वल बनने की होड़ ज़रूर लागू है। हर पक्का मुसलमान पैग़म्बर मुहम्मद साहब जैसा दिखना चाहता है। बहस इस बात की नही होती कि बेटी या बहन की शादी करते वक़्त उसकी ईमानदार रज़ामंदी लेते हो या नहीं। बहस इसपर होती है कि हुज़ूर की दाढ़ी कितनी बड़ी थी? इतनी की सीने तक आती थी या हाथ की एक मुट्ठी में आ जाती थी। इस बात पर भी आर्ग्युमेंट नहीं होगा कि ढाई फ़ीसदी ज़कात ईमानदारी से निकाला और उसके सही हक़दारों तक पहुंचाया या नहीं। इकतलाफ़ इस बात पर है कि उनके सर पर साफ़े के नीचे टोपी थी या नहीं। उनका पायजामा टखने से ऊपर था या नहीं। वो ख़ुशबू कौन सी लगाते थे। अल्कोहल वाला परफ्मयूम हराम है या हलाल। औरतों को किसी बहाने काबू में रखने पर अमादा बाप, भाई,बेटे पुश्तैनी जायदाद में उसका 33 प्रतिशत हिस्सा न देने के शरई बहाने ढूंढते पाए जाते हैं। ख़ुद की पसंद के पुरुष के पास बेबाक़ी से रिश्ता भेजने वाली पैग़ंबर मुहम्मद साहब की पत्नी हज़रते ख़दीजा हर मुसलमान के लिए एहतराम के क़ाबिल है लेकिन ख़ुद की बेटी ने कह दिया कि फ़लां लड़का मुझे पसंद है, उससे शादी करना चाहती हूं तो हर सुन्नती दाढ़ी, पायजामें और टोपी वाले मुसलमान की इज्जत ख़तरे में पड़ जाती है।

पैगंबर ने घोषणा की थी कि इस्लाम में कोई क़बीला दूसरे कबीले से ऊंचा नहीं होगा। न ही कोई अरब ग़ैर अरब से श्रेष्ठ। न कोई गोरा काले से आला। लेकिन यहां (हिंदुस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश) मुसलमानों ने अपनी वर्ण व्यवस्था लांच कर दी। सैय्यद मुसलमानी ब्राह्मण बन कर सबसे आला हुए। मुग़ल पठान क्षत्रिय बन गए वैश्य और शूद्र की लंबी लिस्ट है जिन्हें जुलाहा, कुंजड़ा, धुनियां, हलालखोर आदि शामिल है। यहां सीधे सीधे इस्लाम, उसके क़ानून और पैग़म्बर की सुन्नत की नाफ़रमानी हो रही है वो भी खूबसूरत इस्लामी शक्ल पहने ओढ़े इस्लाम के आलिमों के ज़रिये। हर मज़हब, धर्म उस वक्त का एक क्रांतिकारी आंदोलन होता है। देखना ये होता है कि आज आप कहीं वो तो नहीं हो गए जो पैग़ंबर के ज़माने में उनका क़बीलाई समाज था। ठहरा हुआ, जड़ ! वक़्त के साथ तालमेल बिठाने से इंकार करने वाला। जिसने कोई कसर नहीं छोड़ी थी हमारे पैग़ंबर को ख़त्म कर देने की। आज शायद ज़्यादातर उन्हीं कबीलों की सफ़ में खड़े है।

# कुश



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

कुशों की याद यूं ही नहीं आई है। पितृपक्ष उपस्थित हैं। इनमें पिंडदान कर्म के लिये जिन तीन चीज़ों का विशेष महत्व होता हैं,वे हैं-कुश,कुतुब काल और दौहित्र। कुतुब काल मध्याह्न और अपराह्न के बीच का समय होता है और इसी कालखंड में श्राद्ध कर्म श्रेयस्कर होता है। दौहित्र यानी पुत्री के पुत्र को नाना का श्राद्ध, तर्पण आदि का पूरा अधिकार है,जिसे कमतर नहीं आंका जा सकता। पुत्र तो करते और कर ही सकते हैं। बात करते हैं कुश की। कुशों पर ही अर्पित किया गया पिंड पूर्वज की आत्मा को प्राप्त होता है और उसकी तृप्ति होती है,अन्यथा नहीं। कहते हैं भीष्म जब अपने पिता का पिंडदान करने को उद्यत हुए, तो उन्हें नदी के जल में शांतनु का हाथ निकला हुआ दृष्टिगत हुवा। उन्होंने सही पहचाना। वही बाजूबंद कलाई में शोभायमान था,जो वे धारण करते थे। भीष्म ठिठके और सोचा कि जब सामने असली हाथ है, तो इसी में पिंड दे दें; किंतु फिर उन्होंने शास्त्रोक्त विधान का ही अनुसरण किया और कुशों पर ही पिंड अर्पित किया। पिता की आत्मा ने संतुष्टि और तृप्ति होने का संकेत दिया और भीष्म के शास्त्र विधि पालन को सराहा। दरअसल कुश भगवान के रोम से उत्पन्न हुए हैं और इनमें त्रिदेव-ब्रह्मा,विष्णु,महेश-का वास होता है। कुश उखाड़ने की भी एक विधि और मुहूर्त, मंत्र आदि हैं। कुश अमावस्या की तिथि को उखाड़ना उचित होता है। भादों की अमावस्या इसके लिए सर्व श्रेष्ठ है, जिसे 'कुशोत्पाटिनी' अमावस्या कहते हैं। अभावग्रस्त व्यक्ति के लिए कुश धन के समकक्ष रखा गया है। धनहीन व्यक्ति यदि कन्या के विवाह में दहेज देने की स्थिति में नहीं है,तो वह वर पक्ष से कहता है,'महाराज! मैं केवल कुश और कन्या अर्पित करने की स्थिति में हूं'।'कु'पृथ्वी को कहते हें और 'श'कल्याण का सूचक है। भगवान राम ने अपने एक पुत्र का नाम भी कुश रक्खा था,जिनके नाम पर 'कुसूर'नगर बसा,जो अब पाकिस्तान में है। उन्नाव के 'कुशहरी देवी'मंदिर की संबद्धता भी महाराज कुश से बताई जाती है। तीव्र बुद्धि वाले को कुशाग्रबुद्धि कहा जाता है।

# कौन हैं विश्वकर्मा



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

प्राचीन आर्य संस्कृति के विकास में जैसे उस युग के ऋषियों की भूमिका रही थी, वैसी ही भूमिका आर्य सभ्यता के निर्माण में उस युग के वास्तुकारों, शिल्पियों, यंत्र निर्माताओं की रही थी। पुराणों ने जिस एक व्यक्ति को आर्य सभ्यता के विकास का सर्वाधिक श्रेय दिया है, वे हैं विश्वकर्मा।

उन्हें जीवन के लिए उपयोगी कुआं, बावड़ी, जलयान, कृषि यंत्र, आभूषण, भोजन पात्र, रथ आदि का अविष्कारक माना जाता है। अस्त्र-शस्त्रों में उन्होंने कर्ण के रक्षा कुंडल, विष्णु के घातक हथियार सुदर्शन चक्र, शिव के त्रिशूल, यम के कालदंड का निर्माण किया था। भवन निर्माण के क्षेत्र में उनकी महान उपलब्धियों में इंद्रपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, पाण्डवपुरी, सुदामापुरी, द्वारिका और हस्तिनापुर जैसे नगरों का निर्माण शामिल है।

पुराणों में उनके समकक्ष आर्येतर जातियों के एक और वास्तुकार मयासुर या मय दानव का उल्लेख है जिन्होंने त्रेता युग में सोने की लंका और द्वापर में वैभवशाली इंद्रप्रस्थ नगर और युधिष्ठिर के अद्भुत सभा-भवन का निर्माण किया था। मयासुर ने ही त्रिपुर के नाम से प्रसिद्द सोने, चांदी और लोहे के तीन नगरों की रचना की थी जिन्हें भगवान शिव द्वारा ध्वस्त किया गया। लोगों को एक बात चकित करती है कि विश्वकर्मा और मयासुर की उपस्थिति राम के त्रेता युग से कृष्ण के द्वापर युग तक कैसे संभव है। इसका समाधान यह है कि जैसे विश्वामित्र, परशुराम आदि ऋषियों के जाने के बाद उनके नाम से उनकी शिष्य परंपराएं युगों तक चलीं, वैसे ही विश्वकर्मा और मय की वंश और शिष्य परंपराएं उनके नाम से हजारों सालों तक निर्माण-कार्य में लगी रहीं।

## एक नजर

### फसलों के सर्वे में लखनऊ और लखीमपुर पीछे

**अमृत विचार, लखनऊ** : प्रदेश में जीआईएस बेस रियल टाइम क्रॉप सर्वे के माध्यम से क्रॉप सोन रजिस्ट्री तैयार की जानी है। इस प्रक्रिया में लखनऊ व लखीमपुर की प्रगति खराब है। जिन्हें कृषि निदेशालय ने राजस्व विभाग से समन्वयक बनाकर सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में फसलों की बोआई, आच्छादन, उत्पादन, कटाई व क्षतिपूर्ति आदि में पारदर्शिता लाने के लिए एग्रीस्टैक स्थापित किया गया है। इससे फसलों का डिजिटल सर्वे होना है। लखनऊ मंडल की समीक्षा में लखनऊ व लखीमपुर खीरी में राजस्व विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए प्लाटों के सापेक्ष फसलों का सर्वे कम है। इस खराब प्रगति पर कृषि निदेशालय ने दोनों जिलों को राजस्व विभाग की टीम के साथ इस माह हरहाल में 100 फीसद सर्वे के निर्देश दिए हैं।

### आज से परखेंगे गोवंश संरक्षण की हकीकत

**अमृत विचार, लखनऊ** : 20 जिलों में विशेष अभियान चलाकर पकड़े गए निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने की हकीकत मंगलवार से नोडल अधिकारी परखेंगे। वे 17 से 19 सितंबर तक सड़कों का भ्रमण करने के साथ गोशालाओं की जांच करेंगे। रिपोर्ट 20 सितंबर को शासन भेजी जाएगी। निदेशक पशु पालन डॉ. पीएन सिंह ने बताया कि मैनपुरी, अयोध्या, अंबेडकरनगर, मुरादाबाद, अलीगढ़, गाजियाबाद, मुज्जफरनगर, प्रयागराज, मिर्जापुर, कानपुर नगर, बरेली, सुल्तानपुर, कन्नौज, गोंडा, बदायूं, अमरोहा, बिजनौर, प्रतापगढ़, वाराणसी व उन्नाव में सबसे ज्यादा गोवंश सड़कों पर होने की शिकायत पर 1 से 7 सितंबर तक विशेष अभियान चलाया गया था। छूटे गोवंशों को पकड़ने के लिए शासन के निर्देश पर 13 से 19 सितंबर तक फिर से अभियान चलाया गया।

### 25 हजार का इनामी सहित तीन बदमाश गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ** : प्रतापगढ़ के लालपुर थाना पुलिस ने सोमवार को 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी अमित सहित सूबेदार और कुलदीप को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 12 मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा भी बरामद किया गया है।

# देश में 50 प्रतिशत साइबर अपराध को अंजाम दे रहे 7 राज्यों के ठग

इंद्रभूषण दूबे, लखनऊ

**अमृत विचार** : देश में होने वाले साइबर अपराधों में से 50 फीसदी को 7 राज्यों के गिरोह अंजाम दे रहे हैं। इन राज्यों में कुछ गांव ऐसे हैं जहां के तकरीबन सभी युवा साइबर अपराध में शामिल हैं। सुरक्षा एजेंसियां ऐसे गिरोहों की सूची तैयार कर वारदात पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। साइबर क्राइम एक्सपर्ट व इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के मुताबिक गिरोह में साफ्टवेयर इंजीनियर, एमबीए, एमसीए कर चुके युवा शामिल हैं। इन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म टेलीग्राम, इंस्टाग्राम और फेसबुक को भी ठगी का जरिया बना रखा है।

**ओडिशा**

### डिजिटल अरेस्ट गिरोह की सरगना है महिला

एसटीएफ ने कुछ दिन पहले ओडिशा से संचालित हो रहे डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया। इस गिरोह को हरिप्रिया नाम की युवती संचालित कर रही थी। गिरोह ने एसजीपीजीआई की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रुचिका टंडन को डिजिटल अरेस्ट कर 2.81 करोड़ रुपये ठगे थे। इस गिरोह के 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### केवाईसी के बहाने ठग रहे जामताड़ा दुमका के गिरोह

**झारखंड** जामताड़ा और दुमका में कई ऐसे गांव है जहां 90 प्रतिशत युवक ठग गिरोह के सदस्य हैं। ये बैंक मैनेजर बनकर और केवाईसी अपडेट के नाम पर लोगों को फोन कर उनके साथ ठगी करने में माहिर हैं।

### कस्टम से माल छुड़ाने के नाम पर ठग रहे मुंबई का गिरोह

**महाराष्ट्र** मुंबई के गोरेगांव और गुरुग्राम के अलावा नोएडा की कुछ कॉलोनियों में रहने वाली नाईजीरियाई लॉटरी, विदेश से गिफ्ट, विदेशी ऑर्डर, कस्टम से माल छुड़वाने के नाम पर ठगी करते हैं।

**राजस्थान**

### ब्लैकमेल करता है भरतपुर का गिरोह

गिरोह की महिलाएं व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर नग्न फोटो द्वारा ब्लैकमेल के अलावा ओएलएक्स पर लोगों के साथ ठगी में माहिर हैं। इंदौर के कई मामलों में भी यहां के गिरोह का नाम आ चुका है।

**हरियाणा**

### एटीएम फ्रॉड में माहिर मेवात के ठग

मेवात के कुछ गांवों के दसवीं पास लोग देशभर में वारदात करते हैं। इंदौर के कई मामलों में यह गिरोह शामिल रहा है। इस तरह के कई गिरोहों का खुलासा भी हुआ पर इनकी संख्या में कमी नहीं आ रही है।

**मध्य प्रदेश**

### निवेश के नाम पर लूट रहा इंदौर गिरोह

इंदौर में 50 से अधिक फर्जी कंपनियां खोलकर शेयर मार्केट में निवेश करवाकर दोगुना पैसा कमाने का लालच देकर ठगी की जा रही है। अभी भी शहर में 80 एडवाइजरी कंपनियां चल रही हैं।

**उत्तर प्रदेश**

### एटीएम से छेड़छाड़ में प्रतापगढ़ के ठग

बैंकों के एटीएम से छेड़छाड़ के मामले में प्रतापगढ़ के गिरोह के तीन बदमाशों को मध्य प्रदेश की क्राइम ब्रांच की टीम ने पकड़ा था। इनके साथियों की तलाश में भेजी गई टीम को पता लगा कि वहां पूरा गांव इसमें लिप्त है।

### पश्चिम बंगाल, ओडिशा और असम के सिमकार्ड

अब तक पकड़े गए गिरोह ठगी के पैसे को ट्रांसफर करने के लिए जिन खातों का उपयोग करते हैं, उनसे जुड़े सिमकार्ड पश्चिम बंगाल, ओडिशा और असम से एक्टिवेट कराए गए मिले। यह सिमकार्ड छोटे-मोटे काम करने वालों से लालच देकर लिये गए।

### पुलिस की सूचना देने के लिए बच्चों को लगाया

झारखंड के जामताड़ा और दुमका के गिरोहों ने 12 से 15 साल तक बच्चों को पुलिस की सूचना देने के लिए लगा रखा है। एक सूचना देने के बदले में 3 से 5 हजार रुपये तक मिलते हैं। ऐसे कई गिरोहों को यूपी पुलिस की टीम ने दबोचा भी है।

## जौनपुर में आज स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल होंगे नगर विकास मंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ** : नगर विकास व ऊर्जा मंत्री एके शर्मा 17 सितंबर को जौनपुर में स्वच्छता कार्यक्रम समेत विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगे।

सबसे पहले वे जौनपुर के लक्ष्मी नारायण वाटिका कोतवाली के पीछे शाहगंज में आयोजित स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद स्वच्छता का संदेश देने के लिए हरी झंडी दिखाकर 'प्लॉग रन' की शुरुआत करेंगे और हनुमानगढ़ी के पास चिन्हित ब्लैक स्पॉट की सफाई भी करेंगे। इसके बाद शाहगंज में ही आयोजित भाजपा के सदस्यता अभियान में शामिल होंगे।

# पर्यटन स्थलों जैसा होगा औद्योगिक क्षेत्रों का विकास

### अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया से शुरुआत, यूपीसीडा ने तय किया 53.11 करोड़ का बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार**: आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में वातावरण पर्यटन स्थलों जैसा सुखद होगा। यहां चौड़ी सड़कें, किनारों पर बेंच, जगमगाती लाइट्स ही नहीं, आने-जाने वाले यात्रियों के लिए बस शेल्टर भी होंगे। शुरुआत लखनऊ के अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया से होगी। बाद में यह मॉडल अन्य क्षेत्रों पर लागू किया जाएगा।

अमौसी औद्योगिक क्षेत्र के कायाकल्प की योजना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा अनुसार, उप्र. राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा 53.11 करोड़ खर्च करने का बजट तय है। इसके तहत सड़क सुधार, जल निकासी लाइनें, डिसिल्टिंग चैंबर समेत स्टेट ऑफ द आर्ट इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की स्थापना की जाएगी। इन सभी कार्यों को अटल औद्योगिक अवसंचरना मिशन के अंतर्गत पूरा किया जाएगा।

यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि इससे राज्य में नए औद्योगिक अवसर और संभावनाएं सामने आएंगी और लखनऊ मजबूत औद्योगिक मॉडल के रूप में उभरेगा। सड़क सुधार के अंतर्गत 4.23 किमी सड़कों का हुलिया बदला जाएगा। इसमें 800 मीटर पक्की सड़कों का निर्माण शामिल है। जल निकासी व संचयन प्रणाली के लिए 7 पुलिया और 2.89 किमी लंबी जल निकासी लाइन समेत 98 डीसिल्टिंग चैंबर का निर्माण होगा।

यहां उद्यमियों ही नहीं, श्रमिकों का भी ध्यान रखा जाएगा। इस कड़ी में ईवी चार्जिंग स्टेशन और नए प्रवेश द्वार शामिल हैं। बस शेल्टर, स्ट्रीट फर्नीचर को भी इंस्टॉल किया जाएगा। साथ ही 73044 वर्ग मीटर क्षेत्र को घास, पेड़-पौधों के जरिए ग्रीन कवर के तौर पर विकसित किया जाना है।

### तिरंगी लाइट वाले हाई मास्ट पोल लगेंगे

परियोजना के अंतर्गत 13 करोड़ की लागत से इलेक्ट्रिसिटी इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होगा जिसमें 33 केवी और 11 केवी के तारों को एंट्री गेट पर अंडरग्राउंड बिछाना, स्ट्रीट लाइट, तिरंगी लाइट वाले हाई मास्ट पोल लगाए जाएंगे। इसके अलावा डिस्प्ले बोर्ड और क्षेत्र की खूबसूरती बढ़ाने वाले एलईडी फसाड भी लगाए जाएंगे।

## योगी को कहने से पहले गिरेबान में झांकें अखिलेश : भूपेंद्र सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ** : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सपा मुखिया अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार किया है। कहा कि अखिलेश मुख्यमंत्री योगी पर कुछ भी कहने से पहले अपनी गिरेबान में झांक लें। योगी से बढ़कर भला किसने त्याग किया है? दुनिया जानती है कि परिवार को त्यागकर संन्यासी बने थे।

# नए- पुराने अस्पताल किए जा रहे उच्चीकृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि विभिन्न जिलों में नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्रों में अत्याधुनिक मशीनों की स्थापना एवं पुराने अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है। इसके लिए सरकार ने विभिन्न मद में बजट जारी किया है।

उप मुख्यमंत्री ने सोमवार को बताया कि नवनिर्मित चार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गाजीपुर के मरदह, प्रतापगढ़ के जामताली, बलिया के चितवढ़ागांव एवं कानपुर देहात के मैथा में आधुनिक उपकरणों (डिजीटल एक्स-रे मशीन एवं अन्य उपकरण) को स्थापित करने हेतु 2.77 करोड़, 100 बेडेड अस्पताल, सिरौली, गौसपुर (बाराबंकी) में सी आर्म मशीन स्थापित करने के लिए 18.25 लाख एवं डॉ. श्यामा प्रसाद (सिविल) चिकित्सालय, लखनऊ में अल्ट्रासाउंट मशीन को क्रय कर स्थापित करने हेतु 15 लाख की वित्तीय स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि जिला महिला चिकित्सालय, बाराबंकी में पैथॉलॉजी के उपकरणों को क्रय किए जाने हेतु 17.69 लाख और 100 शैय्यायुक्त चिकित्सालय, सोनबरसा, बलिया को 2.10 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

▸▸ **बाराबंकी, प्रतापगढ़, कानपुर देहात और बलिया के साथ लखनऊ के अस्पताल शामिल**

# यूपी में 16 सैनिक स्कूल खोलने की प्रक्रिया शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : युवाओं में देश प्रेम के जज्बे और जुनून को उड़ान देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट 16 मंडलों में सैनिक स्कूल खोलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से संबंधित जिला विद्यालय निरीक्षकों को पीपीपी मॉडल पर रक्षा मंत्रालय के लिए प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश जारी किया गया है।

▸▸ **महानिदेशक ने मांगा डीआईओएस से रक्षा मंत्रालय के लिए प्रस्ताव**

अमृत विचार ने 7 सितंबर को प्रत्येक मंडल में खुलेंगे सैनिक स्कूल शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

महानिदेशक, स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा के अनुसार बरेली, मुरादाबाद, अयोध्या, कानपुर, देवीपाटन, वाराणसी, आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, आजमगढ़, बस्ती, बांदा, झांसी, मेरठ, सहारनपुर और मिर्जापुर में राजकीय माध्यमिक स्कूलों, अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों और निजी व एनजीओ के माध्यम से चलाए जा रहे स्कूलों को सैनिक स्कूलों में परिवर्तित करने या फिर नया खोलने के प्रस्ताव पर कार्य शुरू हो गया है। निर्देश दिए गए हैं कि सभी डीआईओएस अपने-अपने जिलों में शीघ्र बैठक कर प्रबंधकों से प्रस्ताव लेंगे और फिर इसे रक्षा मंत्रालय भेजा जाएगा।

सैनिक स्कूल में परिवर्तित करने के लिए अलग से पूरा भवन बनाकर पहले से चल रहे स्कूल के संसाधनों का प्रयोग किया जाएगा। यही नहीं, कोई शैक्षिक संस्था नया सैनिक स्कूल खोलना चाहती है तो उसे सरकार पूरी सुविधा और छूट देगी। प्रदेश में कुल पांच सैनिक स्कूलों में अमेठी, झांसी और मैनपुरी रक्षा मंत्रालय से संचालित है, जबकि लखनऊ के सैनिक स्कूल के बाद गोरखपुर का सैनिक स्कूल यूपी सैनिक स्कूल सोसाइटी के अंतर्गत स्थापित हुआ है।

## धर्म दर्शन

### श्राद्ध तर्पण: कृतज्ञता का महापर्व

भारतीय सनातन पद्धतियां कृतज्ञता ज्ञापक है इसलिए भारतीय मानस देव, मनुष्य, पशु, पक्षी, वनस्पति आदि के प्रति कृतज्ञता का बोध रखता है। किसी के द्वारा किए गए उपकार, सहयोग आदि को न भूलना एवं उसको स्मरण रखते हुए उसके प्रति आभार प्रकट करना भारतीय जीवन-शैली है। इसी भाव का प्रत्यक्ष उदाहरण है- श्राद्ध पक्ष। भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या तक के 15 दिन प्रत्येक वर्ष श्राद्ध के माने गए है। इस वर्ष 18 सितंबर 2024 दिन बुद्धवार से 2 अक्टूबर 2024 दिन बुद्धवार तक श्राद्ध महापर्व हैं। यद्यपि पितरों की प्रसन्नता एवं उसकी कृपा प्राप्ति हेतु प्रतिदिन संध्या वंदन के पश्चात पितृ तर्पण का विधान है। जिससे समस्त पापों से मुक्ति मिलती है एवं सुख-शान्ति की प्रप्ति होती है। इस कलयुग में पितरों कि प्रसन्नता से देवता भी प्रसन्न होते है। हांलाकि प्रतिपदा का श्राद्ध 18 सितंबर को होगा, जबकि पूर्णिमा का श्राद्ध 17 सितंबर को किया जायेगा और उसी दिन अनन्त चुर्तदर्शी भी है।



प्रेमशंकर अवस्थी
स्वतंत्र पत्रकार

भारतीय मनीषियों ने अपनी तत्वानुवेषी मेधा एवं सूक्ष्मदर्शी वैज्ञानिक शोधों से मानव पर तीन प्रकार के ऋण का निर्धारण किया है। जो कि देव ऋण, ऋषि ऋण एवं पितृ ऋण के नाम से अभिहित हैं। देव ऋण से मुक्ति के लिए शास्त्रसम्मत पूजन एवं ज्ञानार्जन का निर्देश है। जबकि ऋषि ऋण से अवमुक्त होने के लिए शिक्षार्जन, अत्मा बोध हेतु उपाय आदि का शास्त्र सम्मत विधान हैं। इसी श्रृंखला में पितृ ऋण से मुक्त होने के लिए गृहस्थ जीवन में संतुलित आचरण, सन्तानोत्पत्ति, सन्तान को सुयोग्य नागरिक बनाना प्रमुख है। इसलिए ऋषियों ने 'धन्यो गृहस्थाश्रमः" की उद्घोषणा की। मुनियों ने बृह्मचर्य आश्रम, बानप्रस्थ आश्रम, सन्यास आश्रम से गृहस्थ आश्रम धन्य घोषित किया। यह भी भारतीय कृतज्ञता का दर्शन है क्योंकि गृहस्त अनवरत श्रम से उपार्जन करके अपना व अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। अतिथि, साधु, अभ्यागत आदि की भी सेवा करता है। समाज सेवा हेतु भी योगदान करता है इसलिए शास्त्रकारों ने गृहस्थ जीवन की प्रशंसा की है। समुचे भारतवर्ष में हीं नहीं सम्पूर्ण विश्व में दो स्थान श्राद्ध तर्पण हेतु बहुत ही प्रसिद्ध है वह दो स्थान है बोध गया, और विष्णुपद मन्दिर। विष्णुपद मंदिर वह स्थान जहां माना जाता है कि स्वयं भागवन विष्णु के चरण उपस्थित हैं। जिसकी पूजा करने के लिए लोग देश के कोने कोन से आते है। गया में जो दूसरा प्रमुख स्थान है वह स्थान एक नदी है उसका नाम फल्गु नदी है ऐसा माना जाता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने स्वयं इस स्थान पर अपने पिता राजा दशरथ का पिंड दान किया था तब से यह माना जाने लागा है इस स्थान पर आकर कोई भी व्यक्ति अपने पितरों के निमित्त पिंडदान करेगा तो उसके पितृ उससे तृप्त रहेंगे और वह व्यक्ति अपने पितृ से उर्रिण हो जायेगा। पुराणों में एक प्रसंग और भी है कि गया स्थान का नाम गया इसलिए रखा गया क्योंकि भागवान विष्णु ने इसी धरती पर असुर गयासुर का वध किया था। तब से इस स्थान का नाम भारत के प्रमुख तीर्थ स्थानो में आता है और बड़ी ही श्रद्धा आदर से गया जी बोला जाता है। गया क्षेत्र में भगवान विष्णु पितृदेवता के रूप में विराजमान रहते है।

### वसुधैव कुटुम्बकम्

अयं बन्धुरयं नेति गणना लघुचेतसाम्।/ उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुम्बकम्।।- यह महामंत्र एक सौ आठ उपनिषदों में "महोपनिषद्" नाम से प्रसिद्ध उपनिषद के छठे अध्याय का है। कालांतर में अनेक विद्वानों ने अपने अपने ढंग से सरल बनाकर शास्त्रों में इसे उद्धृत किया, जिसमे "अयं निज परो वेति गणना लघु चेतसाम्" सर्वाधिक लोकप्रिय हुआ। वर्तमान समय मे 'अयं इण्डिया वयं भारत' इसी तर्ज पर काफी चर्चित है, हालांकि इस विमर्श में शामिल लोग अपनी अपनी सुविधानुसार एक ही देश को इंग्लैंड, ग्रेट ब्रिटेन व यूनाइटेड किंगडम कहने मे कोई गुरेज नहीं करते।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

महोपनिषद मे "वसुधैव कुटुम्बकम्" महामंत्र विशुद्ध आध्यात्मिक संदर्भ में प्रयुक्त हुआ है। उसमें उल्लेख है कि 'बाहर से कर्ता एवं अंदर से अकर्ता बने रहकर शुद्धभाव से जगत में सर्वत्र रमण करो। अहं को त्यागकर शांत चित हो, आकाश के सदृश शुद्ध-परिष्कृत जीवन प्राप्त करके पवित्र सद्बुद्धि को धारण करके लोक में विचरण करो। उदार एवं उत्तम आचरण से संपन्न, सभी श्रेष्ठ आचार-विचारों का अनुगमन करते हुए, अंदर से आसक्ति रहित होते हुए भी, बाहर से सतत प्रयत्न करता रहे। अंतःकरण में पूरी तरह से वैराग्य को धारण करते हुए बाहर से आशावादी बनकर श्रेष्ठ व्यवहार करे।" यह मेरा अपना मित्र है और यह नहीं है, ऐसे निकृष्ट विचार क्षुद्र मनुष्यों के होते हैं, उदार चरित वालों के लिए तो समस्त वसुधा ही अपना परिवार है।" जो व्यक्ति भाव अभाव से मुक्ति प्राप्त कर सका है, जन्म मृत्यु से परे है, जहां पर सभी संकल्प सम्यक् रूप से शांति को प्राप्त हो जाते हैं, ऐसे रागविहीन तथा रमणीक पद का अवलम्बन ग्रहण करो। यह पवित्र, निष्काम, दोषरहित ब्राह्मी स्थिति है। इसको स्वीकार करके विहार करता हुआ मनुष्य विपत्तिकाल में भी मोहग्रस्त नहीं होता। मैं चित स्वरूप हूं। यह समस्त लोक चित है, दिशाएं एवं ये सभी प्राणि- समुदाय भी चित स्वरूप हैं। दृश्य एवं दर्शन से छुटकारा प्राप्त करके, मात्र परिष्कृत स्वरूप वाला साक्ष्यरूप चिदात्मा आभासरहित एवं नित्य प्रादुर्भूत होकर द्रष्टा बन रहा है।'

एक ही चैतन्य आत्मा की सत्ता संपूर्ण सृष्टि में विराजमान है, जब हम अपने इस चैतन्य स्वरूप को ही सर्वत्र व्याप्त देखते हैं, तो "अयं निज परो वेति" का कोई भेद नहीं रह जाता है। "वसुधैव कुटुम्बकम्" महामंत्र के पीछे यही आध्यात्मिक संदेश है।

## वर्ग पहेली-194

**बाएं से दाएं**

1. थप्पड़, तमाचा।
6. 1. विकसित होना, फूलना 2. शोभायुक्त होकर अच्छी तरह चारों ओर फैलना, छितराना 3. डह-डह शब्द करते हुए ज़ोर से रोना 4. हुंकार भरते हुए गरजना 5. ठगा जाना।
8. वास्तव में, वस्तुतः, सच में, हकीकत में।
9. 1. अनजान या अनिश्चित जगह 2. अन्यत्र, दूसरी जगह 3. नहीं, कदापि नहीं, कभी नहीं
10. 1. जिसमें रुकावट पड़ी हो, जिसमें व्यवधान आया हो 2. ग्रस्त 3. आभारी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वह दुकान जहां लकड़ी
3. 1. नष्ट या बरबाद किया हुआ 2. बिगाड़ा हुआ, विकृत 3. जो संकट या कष्ट में हो, दुखी 4. जिसे चोट लगी हो, घायल 5. जिस वस्तु को अशुद्ध या दूषित किया गया हो 6. लांछित।
4. 1. फेंकना, पटकना 2. सज्जित करना।
5. 1. बार-बार हंसी-दिल्लगी करने की क्रिया या भाव 2. ठिठोली।
6. 1. एक प्रकार का सन आदि का बना टाट या मोटा सूती कपड़ा जिससे जहाज़ों के पाल बनते हैं 2. जलयान पर माल लादने तथा चढ़ाने के लिए नदी या सागर में बना पक्का घाट 3. जहाज़ की ऊपरी छत 4. अदालत का कठघरा।
7. 1. किसी पदार्थ विशेष के स्पर्श से शरीर में खुजली या चुनचुनाहट होना 2. अरुचिकर या अप्रिय लगना, नागवार लगना 3. चौकन्ना या सतर्क होना 4. रोमांचित होना।




### वर्ग पहेली -193 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 से | तु | | 2 औ | | |
| ल | | 3 कौं | खा | 4 सो | ती |
| | 5 अ | | | दा | |
| 6 चु | ल | बु | ला | ह | ट |
| | का | | | र | |
| | व | | | ण | |
| 7 ता | लि | बा | नी | | |

## सुडोकू-107

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | 6 | 5 | | 7 | 1 | |
| 9 | | 1 | | 3 | | | 2 | |
| | 8 | 7 | | | 9 | | | |
| 5 | | | 1 | | | 9 | | |
| | | 3 | | | | 8 | | |
| | | 6 | | | 2 | | | 4 |
| | | | 9 | | | 3 | 6 | |
| | 6 | | | 7 | | 4 | | 5 |
| | 1 | 4 | | 6 | 5 | 2 | | |

### सुडोकू - 106 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 2 | 5 | 8 | 7 | 4 | 9 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 8 | 7 | 9 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 | 6 | 9 | 2 |
| 4 | 2 | 6 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 |
| 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 1 | 4 | 5 | 7 |
| 3 | 6 | 5 | 4 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 2 | 7 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 सितंबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 11.44 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**मेष** : आज नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन मिल सकता है। देवस्थल की यात्रा करने का अवसर मिलेगा। किसी बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। अपनी योग्यता को सिद्ध करने का दबाव आपको कुछ परेशान कर सकता है। अनावश्यक चिन्ता न करें।

**वृष** : आज व्यवसाय में बहुत बड़े अनुबंध होने की संभावना है। परिजन और मित्र आपकी उपलब्धियों की प्रशंसा करेंगे। किसी सामूहिक चर्चा में आप सम्मिलित हो सकते हैं। अपने स्वभाव को सरल और मधुर रखें। इच्छित कार्य थोड़े लम्बित हो सकते हैं।

**मिथुन** : आज आयात-निर्यात और बाहरी गतिविधियों में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। धन की समस्या दूर हो सकती है। जीवनसाथी के प्रति आपका प्रेम भाव बढ़ेगा। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। अपनी कमियों को ढंकने के बजाय उस पर काम करें। आप अपना बड़ा नुकसान करवा सकते हैं।

**कर्क** : आज अपनी योग्यता को सिद्ध करने का प्रयास सफल होंगे। मेहनत के साथ आपको भाग्य का भी भरपूर सहयोग मिलेगा। जनसंपर्क के कारण आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। शारीरिक रूप से शिथिलता महसूस करेंगे।

**सिंह** : आज पारिवारिक संबंधों की कटुता दूर होगी। पार्टनरशिप में किए गए व्यवसाय से आपको लाभ होगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि हो सकती है। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है।

**कन्या** : आज कलात्मक अभिरुचियों की तरफ प्रवृत्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर उत्साहित रहेंगे। विरोधियों को आसानी से पराजित कर पायेंगे। कोई बड़ा निवेश करने से पहले उसके पहले पूरी तरह से विचार कर लें। वाहन और मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**तुला** : आज पारिवारिक परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेगी। आशावादी और ऊर्जावान महसूस करेंगे। धन के लेन-देन में आपको यश मिलेगा। शोधकार्य से जुड़े लोगों को बेहतरीन सफलता मिल सकती है। विचारों में दृढ़ता का अभाव रहेगा। आलस्य के कारण आपके काम रुक सकते हैं।

**वृश्चिक** : आज आपकी प्रतिभा और छवि खुलकर सामने आयेगी। तनावमुक्त और ऊर्जावान महसूस करेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। कृषि और बागवानी संबंधी कार्यों से आपको लाभ मिलेगा। जीवन में आ रही उथल-पुथल आज दूर होगी।

**धनु** : आज कारोबार में लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक जीवन में तालमेल अच्छे रहेंगे। मातृ तुल्य स्त्रियों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। शेयर मार्केट से आपको लाभ प्राप्त होगा। प्राकृतिक स्थलों की यात्रा करने का विचार बनायेंगे। प्रेम संबंधों में उदासीनता न दिखाएं।

**मकर** : आज आपकी उदारता से लोग आपके प्रशंसक बन जायेंगे। कोई बड़ा काम बनने से आप काफी खुश रहेंगे। अविवाहितों को विवाह योग्य अच्छा रिश्ता मिल सकता है। अपरिचित लोगों को धन उधार न दें। जीवनसाथी या प्रेमी के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

**कुंभ** : आज जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर रहने वाले हैं। रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा। प्रतियोगी परीक्षा में आपको सफलता मिल सकती है। जीवन में आ रहे बदलावों को स्वीकारने का प्रयास करें। झगड़े और विवादों से आपको दूरी बनाकर रहना चाहिए।

**मीन** : आज उच्चाधिकारियों से आपके संबंध गाढ़े रहेंगे। बुजुर्ग लोगों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। प्रेमी जन को कुछ उपहार दे सकते हैं। योजनाओं को क्रियान्वित करने में आसानी होगी। वैवाहिक संबंधों में धैर्य से काम लें। अचानक प्रतिक्रिया देने से से काम बिगड़ सकते हैं।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रप।
नक्षत्र-शतभिषा 01.53 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- मजाल — सुबह : 09.00
- आखरी गुलाम — दोपहर : 03.00

**&pictures**
- ग्रेट ग्रैंड मस्ती — सुबह : 11.06
- द रियल तेवर — रात : 08.00

**Zee Action**
- नाग लक्ष्मी — सुबह : 08.18
- हिम्मतवर — दोपहर : 04.53

**Zee Cinema**
- विवाह — दोपहर : 01.23
- रुद्रांगी — रात : 08.00

**Colors Cineplex**
- ओम शांति ओम — दोपहर : 01.26
- दिल है तुम्हारा — शाम : 06.57

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संजू अपना लेसन याद करके नहीं आया
टीचर- अपना लेसन याद क्यों नहीं किया?
संजू- जी मैम, कल रात को जैसे ही पढ़ने बैठा, लाइट चली गई
टीचर- तो फिर लाइट नहीं आई क्या?
संजू- आई, पर फिर से जैसे ही पढ़ने बैठा फिर चली गई
टीचर- अरे तो फिर लाइट नहीं आई क्या?
संजू- आई थी, पर मैं फिर इस डर से पढ़ने नहीं बैठा कि फिर से ना चली जाए!

एक कंजूस को बिजली का करंट लग गया
बीवी- आप ठीक तो है ना
कंजूस- फालतू की बात छोड़ मीटर देखकर बता यूनिट कितना बढ़ा!
पति की बात सुनकर बीवी दंग रह गई।

# शान-ओ-शौकत से निकाला गया जुलूस-ए-मोहम्मदी

## पैगम्बर हजरत मोहम्मद के यौमे पैदाइश पर जिले भर में जश्न का माहौल, जुलूस के रास्तों पर स्टॉल लगाकर पानी, फल और शीरीनी का रहा इंतजाम

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** पैगम्बर हजरत मोहम्मद के यौमे पैदाइश पर जिले भर में जश्न का माहौल रहा। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने पैगम्बर की आमद पर हुए आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सोमवार को जुलूसे मोहम्मदी में लोगों की भीड़ उमड़ी रही।

जुलूस के रास्तों पर मरहबा या मुस्तफा और नारे तकबीर-नारे रिसालत की सदाओं से फिजा गूंजती रही। शहर के मरकजी जुलूस में अंजुमनों की तरफ से काबा शरीफ और कर्बला के रौजे पर आधारित झांकी में भारत का नक्शा भी जोड़कर लगाया गया था। जिसे देख लोग धार्मिक आस्था और देशभक्ति में सराबोर हो रहे थे। जुलूस के रास्तों मे खोयामंडी, कैपरगंज, घंटाघर, रेलवे स्टेशन, जहानाबाद और कहारों का अड्डा चौराहे पर स्टाल लगाकर पानी, फल और शीरीनी का इंतजाम किया गया था।

खिन्नी तल्ला चौराहे पर राष्ट्रीय जागरूक मुस्लिम मोर्चा की ओर से आफताब अहमद उर्फ रज्जू खान ने अंजुमन के पदाधिकारियों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की। खोया मंडी में पंकज मुरारका और उजैर अली ने व्यापार मंडल की ओर से जुलूस का स्वागत किया।

जुलूस मे मुख्य रूप से मदरसा एदारा-ए-शरैया खिन्नी तल्ला, दारुल उलूम हबीबिया गुलशने रजा, दारुल उलूम गुलशने मदीना, आल इंडिया उल्मा मशायख बोर्ड, अंजुमन गुलामाने मुस्तफा, अंजुमन रजाए मुस्तफा, अंजुमन रौनके इस्लाम, जामिया मदीनतुल उलूम आजाद नगर, मदरसा इस्लामिया अहले सुन्नत, दारुल उलूम गरीब नवाज खसपरी, मदरसा दारुल उलूम कादरी चक भीखमपुर, मदरसा गुलशन ए मखदूमिया जफर नगर, अंजुमन वारसिया कप्तान का पुरवा, अंजुमन महानंदपुर इंदिरा नगर, अंजुमन कबूल आलम शाह कबूलियन मुंशीगंज, मदरसा अनवारूल उलूम गौसिया नया पुरवा निराला नगर, मदरसा गौसिया रौनक उल इस्लाम रायपुर, मदरसा महमूदिया ताड़तला सब्जी मंडी, मदरसा महमूदिया फैजुल उलूम लोधवामऊ, अंजुमन फिदा ए मुस्तफा सम्राट नगर गोरा बाजार, बिस्मिल्लाह कमेटी चिड़ियाखाना, अंजुमन रजा ए मुस्तफा उत्तर दरवाजा, अंजुमन रजाए मुस्तफा उत्तर दरवाजा, अंजुमन गुलामाने मुस्तफा लश्कर ए आला हजरत सुन्नी कमेटी बहराना, रहमानिया मस्जिद आदि शामिल रहे।



सोमवार को निकाले गए जुलूस में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार




बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देती बच्चियां। अमृत विचार

### रसूल की आमद के नारे गूंजा नगर

ऊंचाहार, रायबरेली।

अमृत विचार : रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाता ऊंचाहार नगर, सजी अंजुमनें, आकर्षक लिबाज में जश्न मनाते लोग और हर ओर सरकार की आमद मरहबा, दिलदार की आमद मरहबा की गूंज। वहीं, खुशियां मनाओ सरकार आ गए के गूंजते नारे। पैगम्बरे इस्लाम की यौमे पैदाइश पर खुशी का यह माहौल रविवार शाम से सोमवार को दिन भर नगर में दिखाई दिया। लोगों ने शहर में पूरी शान ओ शौकत के साथ जुलूस ए मोहम्मदी निकाला। जिसे देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के कस्बा मुस्तफाबाद से शुरू हुआ जुलूस ए मोहम्मदी जब लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग के मुख्य चौराहा पर पहुंचा। मुख्य चौराहा से गंदा नाला होता हुआ पुन: कस्बे ने प्रवेश हुआ। जुलूस में नगर के अलावा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग, महिलाएं, बच्चे शामिल होने आए थे।



ऊंचाहार में निकाले गए जुलूस में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार

### मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर उमड़ा हुजूम

**बछरावां, अमृत विचार।** 12 रबी उल अव्वल मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर जुलूस ए मोहम्मदी कमनी तालाब एंव अन्य जगहों से मेन मार्केट जामा मस्जिद में एकत्रित हुए। इसके बाद जामा मस्जिद बछरावां से ज़ुलूस ए मोहम्मदी जुलूस के इंतजामिया अब्दुल मजीद मास्टर व व्यवस्थापक पूर्व सभासद बछरावां समाजवादी पार्टी के जिले के वरिष्ठ नेता जिला सचिव शकील मंसूरी की जिम्मेदारी के साथ निभाई गई। कौमी एकता का नजारा भी देखने को मिला। जैसे ही जुलूस सय्यद साह बाबा की मजार पर पहुंचा वहां पर मौजूद उर्स कमेटी के सदर निजामुद्दीन मंसूरी, सहदाब मंसूरी, रेशू मंसूरी, अट्टू मंसूरी, भैयन मंसूरी, ननकऊ, शालाउदीन मंसूरी आदि ने सभी का इस्तकबाल किया व सभी को जलपान कराया।



बछरावां में जुलूस निकालते मुस्लिम समुदाय के लोग। अमृत विचार

**पैगम्बर के बाल शरीफ से हुआ जुलूस का आगाज :** सोमवार की सुबह कस्बे में अयूब मंसूरी ने पैगंबर के बाल की नुमाइस की, जिसके दीदार के लिए हजारों लोग जुटे थे। हर साल पैगंबर के बाल के दीदार के बाद जश्न शुरू होता है। सोमवार को भी इस परंपरा का निर्वहन किया गया। उसके बाद जुलूस शुरू हुआ। जुलूस में जगह जगह पर लोगों ने लंगर का आयोजन किया था। इसमें हिंदू समुदाय के लोगों ने भागीदारी करके साम्प्रदायिक सौहार्द प्रस्तुत किया। जुलूस शुरू होने से पहले स्टेज पर मौलाना मुहम्मद अहमद ने तिलावत ए कुरान से आगाज किया। जुलूस के आयोजन में युवा कमेटी के अफजल सिद्दीकी, फैय्याज, पप्पू कुरेशी, शाजू मंसूरी, उरुज अंसारी, सोनू सलमानी, कल्लू आदि ने बड़ी भूमिका अदा की।

### पुलिस की सक्रियता से बारावफात का जुलुस संपन्न

**लालगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के लालगंज नगर, सेमरपहा, ढोकरा, ऐहार आज गांव में बारावफात का जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न हो गया है। क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की देखरेख में मुस्लिम संप्रदाय का जुलूस और बारावफात का त्यौहार संजीदगी के साथ संपन्न हुआ है। लालगंज नगर में जुलूस मेन रोड, अटल चौक गांधी चौराहा, बेहटा चौराहा होते हुए सराफा मंडी से निकलकर कांच मील मस्जिद में समाप्त हुआ। इस मौके पर चौकी इंचार्ज राजेश यादव सहित भारी फोर्स मौजूदरहा।

### जुलूस में पहुंचे स्वामी प्रसाद मौर्य

जुलूस से मुहम्मदी ने कुछ समय के प्रदेश के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य भी शामिल हुए। वो प्रतापगढ़ जनपद के आलापुर में एक कार्यकर्ता के दिवंगत होने पर संवेदना व्यक्त करने जा रहे थे। इस दौरान जुलूस देखकर वो रुक गए और लोगों से मुलाकात की। इनके अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि टिल्लू जायसवाल, पूर्व चेयरमैन मो सल्लन, शाहीन सुल्तान, प्रमोद गुप्ता के साथ सभासद खुर्शीद, राज गुप्ता, सालिम, मो असलम कुरेशी, अरशद सुल्तान, मो रुस्तम, कांग्रेस नेता शाजू नकवी, मो शमी भी शामिल थे।

## एक नजर

### युवक ने काटी हाथ की नस, हालत गंभीर

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** संदिग्ध हालात में युवक ने हाथ की नस काट ली। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है। असलाहपुर मजरे खालिकपुर कलां गांव निवासी राजकिशोर के पुत्र रवि (27) ने रविवार की देर रात संदिग्ध हालात में ब्लेड से दांये हाथ की नस काट ली। रक्तस्राव होने की वजह से उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर परिजनों द्वारा आनन-फानन उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। युवक ने ऐसी घटना क्यों कारित की इस बात की जानकारी नहीं हो पाई है। सीएचसी अधीक्षक डा. मनोज शुक्ल ने बताया कि युवक ने हाथ की नस काटी थी, जिसका उपचार किया गया है।

### मारपीट का मुकदमा दर्ज

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** डीह थाना क्षेत्र में तीन लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज हुआ है। मिल एरिया थाना क्षेत्र के पूरे बेंचू पैतेमऊ निवासी संतोष यादव ने आरोप लगाया है कि वो डीह थाना क्षेत्र में गोंदवारा मेला देखने गए थे। वहां पर पूरे दीना निवासी पुत्तू, सचिन व हिमांशू ने रास्ता रोक कर लाठी डंडों से मारा पीटा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### 227 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

**सूची, रायबरेली, अमृत विचार।** सलोन ब्लॉक के सूची कस्बे में सलोन विधायक अशोक कुमार द्वारा भाजपा का सदस्यता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। सलोन विधायक अशोक कुमार के सूची और तिवारीपुर में भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें सूची में 77 और तिवारीपुर में 150 सहित कुल 227 लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराया गया। मंडल अध्यक्ष प्रमोद पटेल और मंडल उपाध्यक्ष कमलेश सिंह ने लोगो को भाजपा की उपलब्धियों के बारे में जागरूक करतेहुए सदस्यता दिलाई। सदस्यता अभियान में कमलेश सिंह, रामकुमार कौशल, बीरेंद्र यादव, रमेश गौड़ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नदी में उतराता मिला शव

**लालगंज, रायबरेली।** गंगा नदी में एक व्यक्ति का शव उतरता हुआ मिला। खजुरगांव में स्थित शंकरेश्वर महादेव मंदिर के निकट गंगा नदी में स्नान करने गए कुछ बच्चों ने सोमवार की देर शाम एक शव को उतराते हुए देखा तो ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर बुलाकर शव को बाहर निकलवाया। शव की शिनाख्त जनेवा कटरा निवासी जितेंद्र दीक्षित पुत्र रमाशंकर दीक्षित के रूप में हुई। बताया गया है कि जितेंद्र अविवाहित था। उसके माता-पिता का भी पहले ही निधन हो चुका है। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक भरत सिंह तोमर ने बताया कि मृतक नशे का आदी था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# मदहे सहाबा के जुलूस में उमड़े लोग

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार:** सोमवार को देर शाम मदहे सहाबा का जुलूस मदरसा इस्लामिया इमदादिया जूनियर हाई स्कूल मोहल्ला कच्ची मस्जिद से निकाला गया, जो अपने कदीमी रास्ते मोहल्ला चौधराना, नयागंज, नई बाजार मेन रोड, मिलकियाना पूर्वी, मिलकियाना पश्चिमी, गोरही, मियां साहब का फाटक होते हुए देर रात मदरसे पर समाप्त हुआ। इसमें अंजुमन नसीराबाद, परशदेपुर, बेवली, बसंतगंज, किठावा आदि अंजुमन ने शिरकत किया।

कस्बे के हर मोहल्ले में झालरों से व झंडो से सजावट की जाती है। तहसील चौराहे पर एक शानदार गेट नौजवान कमेटी सलोन की ओर से सजावट की जाती है। कमेटी के राजू उर्फ रईस, इसरार हैदर रानू, इरफान रायनी, मोहम्मद सलमान खान, अनीस मंसूरी, अली अहमद, इरफ़ान सिद्दीकी, हाजी मोहम्मद अयूब खान, नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रशेखर रस्तोगी आदि का विशेष योगदान रहा। तहसील चौराहे पर विभिन्न अंजुमने सलोंन, नसीराबाद, परशदेपुर, बेवली, वसंतगंज आदि नबी और सहाबा की शान में नाते मन्क़बत पेश की। मौलाना सलमान नदवी ने कहा कि आज उस हस्ती का जन्मदिन है जिसने संपूर्ण मानवता में एकता और भाईचारे का संदेश दिया। आप पर कुरान अवतरित हुआ जो संपूर्ण मानव जाति के लिए कल्याणकारी है। मौलाना सऊद अली खान, मुफ्ती मोहम्मद इस्लाम नदवी ने भी विचार व्यक्त किए।। कार्यक्रम का संचालन कासिम हुनर सलोनवी ने किया। इस मौके पर मोहम्मद अशफाक, मोहम्मद सलीम, निजामुद्दीन अंसारी, अशरफ मेवाती आदि मौजूद रहे



मदहे सहाबा के जुलूस में की गई सजावट।

# जुलूस में साम्प्रदायिक सौहार्द का दिया संदेश



महराजगंज में निकले जुलूस में शामिल लोग। अमृत विचार

संवाददाता, महराजगंज

**अमृत विचार:** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बारावफात (ईद मिलादुन्नबी) जुलूस के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। इस दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया गया। जुलूस कस्बे में सीएचसी के पास स्थित मस्जिद से निकाला गया जो कस्बे का भ्रमण करते हुए वापस मस्जिद में जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान असगर मदारिया, जिया उल हक, अली अमजद, लाला मनिहार, फिरोज अहमद आदि मौजूद रहे। मौके पर विधायक श्यामसुंदर भारती व कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव सुशील पासी नें पहुंच मुस्लिम समुदाय कों बधाई दी। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बावन बुजुर्ग बल्ला, लोधवामऊ, सहित खैरहना में भी जुलूस निकाला गया।

## सार-संक्षेप

### मरीजों को मिलेंगी सस्ती एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं : रामकुमार



हॉस्पिटल के प्रबंधक को बुके देकर स्वागत करते उमेश कुमार व अन्य।

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** नगर पंचायत के भवानीगढ़ चौराहा स्थित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के सामने न्यू लीला हॉस्पिटल का उद्घाटन एमबीबीएस, एमएस, एमसीएच न्यूरो सर्जन डॉ. सतीश चंद्र वर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही फीता काटकर किया गया। हॉस्पिटल के उद्घाटन के उपलक्ष में हॉस्पिटल के प्रबंधक रामकुमार द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर हॉस्पिटल प्रबंधन को बुकें देकर ढेरों शुभकामनाएं दी। रामकुमार ने बताया कि राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज क्षेत्र अन्तर्गत समेसी में वर्ष 2021 से उनका लीलावती हॉस्पिटल संचालित है। लोगों की बढ़ती विश्वसनीय एवं क्षेत्र के लोगों की डिमांड पर मरीज को सस्ती एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए शिवगढ़ नगर पंचायत के भवानीगढ़ चौराहे पर न्यू लीलावती हॉस्पिटल खोला गया है, जहां मरीजों को 24 सों घण्टे सेवा मिलेगी। उन्होंने बताया कि हॉस्पिटल में 24 सों घण्टे योग्य एवं अनुभवी डाक्टर उपलब्ध रहेंगे। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य केतार पासी, बैंक ऑफ इंडिया नगरम के बैंक मित्र उमेश कुमार, रामकुमार, विनय रावत, संतोष कुमार, डॉ. सुनील कुमार, आदर्श कुमार, श्रीचंद, सतीश, सुभाष, अंजनी कुमार सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बाबा अमरनाथ से लौटे भक्तों ने किया भंडारा

**सूची, रायबरेली।** सलोन ब्लॉक क्षेत्र के सूची चौराहे के पास बाबा अमरनाथ के दर्शन करके लौटे शिव भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा शिव भक्तों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बाबा अमरनाथ के दर्शन कर लौटने के बाद शिवशक्ति सेवादार समिति सूची के दर्जनों शिव भक्तों ने सूची चौराहे के पास भगवान शिव की पूजा अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने पूडी सब्जी और बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सलोन विधायक अशोक कुमार को पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। सुरेन्द्र सिंह, रज्जन यादव, प्रहलाद यादव, अशोक यादव, बंटी तिवारी, आशीष सिंह, सुनील चौरसिया सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### राज्यमंत्री ने सर्वज्ञ को किया सम्मानित



लखनऊ विश्वविद्यालय में मेधावी छात्र को सम्मानित करती राज्यमंत्री रजनी तिवारी।

**महराजगंज, रायबरेली।** लखनऊ विश्वविद्यालय में राज्यमंत्री (उच्च शिक्षा) रजनी तिवारी द्वारा सर्वज्ञ तिवारी को जन्तु विज्ञान विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। क्षेत्र के राघवपुर गांव निवासी सर्वज्ञ तिवारी को यह पदक उन्हे बीएससी फाइनल में उनके मुख्य विषय जन्तु विज्ञान में 86.71फीसद सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर सतीश चंद्र विनोद चंद्र मेमोरियल गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ है। सर्वज्ञ अपने पिता रामचंद्र तिवारी, माता नीलम तिवारी के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त करने पहुंचे, जिससे उनके परिवार जन समेत गांव के लोगो में खुशी एवं गर्व का माहौल रहा।

### भक्तों ने गणेश प्रतिमा को किया विसर्जित



मूर्ति विसर्जन के लिए जाते लोग। अमृत विचार

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बैसवारा डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार सिंह धार्मिक व्यक्तित्व के समाज सेवा के लिए जाने जाते हैं। उनके द्वारा उपेन्द्र सदन में गणेश भगवान की स्थापना की गई थी। बिधि विधान से भगवान गणेश की पूजा अर्चना का कार्यक्रम संपन्न हुआ है। गणेश पूजा की समाप्ति के बाद गणेश की जयघोष करके गणपति का गेगासो गंगा घाट शिवपुरी में भूमि विसर्जन किया गया है। इस मौके पर राजेश सिंह फौजी, अरुण सिंह, बबलू सिंह, अभिषेक गुप्ता, सतीश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# गंगा के बढ़ते जलस्तर पर जिम्मेदार सतर्क

संवाददाता, ऊंचाहारा

**अमृत विचार।** पहाड़ी और मैदानी भागों में हो रही लगातार बरसात के कारण एक बार फिर गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा है। सोमवार को अधिकारियों ने गोकना गंगा घाट का निरीक्षण किया और तटीय क्षेत्र के बारे में जानकारी हासिल की। इस समय गंगा नदी अपने विकराल रूप में है। लगातार हो रही बरसात के कारण गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिसे देखते हुए एसडीएम सिद्धार्थ चौधरी और कोतवाल अनिल कुमार सिंह पूरी टीम के साथ गोकना गंगा घाट पहुंचे। अधिकारियों ने गंगा तट के वरिष्ठ पुरोहित जितेंद्र द्विवेदी से इसमें विस्तृत चर्चा की और बढ़ रहे जलस्तर से गंगा के तटीय क्षेत्रों में संभावित खतरे के बारे में विस्तार से जाना। इस दौरान अधिकारियों ने निर्देश दिया कि गंगा नदी के तटीय गांव के लोग नदी में न जाए। साथ ही मवेशियों को भी नदी की ओर जाने से रोके। साथ अधिकारियों ने तीर्थ पुरोहितों से कहा कि गंगा तट पर आने वाले स्नानार्थियों को गहरे जल में जाने से रोके। इसके बाद अधिकारियों ने आने वाले दिनों में विभिन्न प्रतिमाओं के विसर्जन स्थल को देखा। जिस स्थान पर प्रतिमाएं विसर्जित की जाएगी, उसमें गड्ढे की गहराई और व्यवस्था का भी जायजा लिया।



गोकना गंगा घाट का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार



पधारो गजानंद जी

सलोन नगर के मुख्य मार्ग स्थित शिव शंकर साहू के आवास पर विघ्नहर्ता के जगराते में भजन गायक मुकेश शुक्ला के भजन पर झूमे भक्तगण। ● अमृत विचार

# श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंजा वातावरण

संवाददाता, खीरों

**अमृत विचार:** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से लगातार चल रहे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर सोमवार को कस्बा खीरों में परम्परागत तरीके से 90वां जलविहार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें श्रीकृष्ण, बलराम, राधा, शिव पार्वती, सरस्वती, श्रीगणेश, विष्णु लक्ष्मी के साथ कंस अघासुर बकासुर आदि की सुन्दर आकर्षक सजीव झांकियां निकाली गई। यह सभी झांकियां झांकी स्थल से पुरानी बाजार, पाहो तिराहा, नई बाजार, फतेहपुर मोहल्ला, मुख्य चौराहा, शास्त्री नगर में घुमाई गई। इस दौरान विभिन्न वाहनों पर सजी झांकियां आदर्श जलाशय पर पहुंची, जहां श्रीकृष्ण ने कालिया नाग का मान मर्दन कर बड़े भाई बलराम के साथ कंस और उसके सहयोगी राक्षसों का वध कर दिया। कंस का वध होते ही सारा वातावरण श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। इस विशाल जलविहार कार्यक्रम में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन को कई थानों का पुलिसबल लगाना पड़ा। क्षेत्र के दर्जनों गांवों से उमड़े जन सैलाब ने आकर्षक सजीव झांकियां देखने के साथ ही मेले का भी आनन्द लिया। यहां हजारों की संख्या में महिला पुरुष और बच्चे मौजूद थे।



खीरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली गई झांकी।



खीरों में जलविहार में मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### 74 बाल कलाकार सम्मानित

**बछरांवा, रायबरेली।** बिशुनपुर गांव में गणेश प्रतिमा स्थापित करने के बाद लगातार भक्ति कार्यक्रम किए जा रहे हैं। पूजा पाठ के बाद पंडाल में गणपत बप्पा मोरया...मंगल मुरती मोरया.. जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा, देवा श्री गणेशा, के जय घोष शुरू हो गए। बच्चों ने भव्य सांस्कृतिक व भक्ति के कार्यक्रमों का आयोजन किया। भक्ति कार्यक्रमों के समापन के बाद 74 बाल कलाकारों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद भक्तो में प्रसाद वितरण किया गया। मंगलवार को प्रसिद्ध कंजेश्वर धाम पर सई नदी के तट पर गणेश प्रतिमा का भू विसर्जन किया जाएगा। इस अवसर पर नूपुर पटेल, शनि, विपिन, हरिकरन, मुकेश समेत सैकड़ो की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# धूमधाम से मना बसौढ़ा पर्व



सलोन में बसौढा का त्यौहार मनाते लोग। अमृत विचार

संवाददाता, सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** हिन्दू धर्म में बसौढा का त्यौहार बहुत धूमधाम से मनाया गया। त्यौहार के एक दिन पूर्व अनंत चतुर्थदशी के दिन लोग घर में व्रत रखकर शाम को सेवई रोटी खाते हैं। दिन में बूढ़े जवान बच्चे सभी भीख मांग कर उसके दुकान पर बेचकर पूजा का सामान लेते हैं। कलश यात्रा के दौरान लोग एक स्वर में बोलते हैं। भागों भागों महारानी का धर आवत हैं..यह बोले हुए अपने गांव की सरहद पर कलश को रखकर हाथ जोड़कर विनती करते हुए कि हमारे गांव कोई हैबि दैवी न आये भगवन रक्षा करना। उसके बाद घर में पूड़ी और गुड़ का गोझा बनाकर बनाकर महारानी देवी की पूजा करते हैं। कलश यात्रा में मौजूद सुमित तिवारी उर्फ चंदा, मंजीत साहू, आदर्श पांडेय, राम लखन अग्रहरि, सौरभ अग्रहरि, एस साहू, प्रकाश साहू, छंगू तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# टूटी चारपाई पर मिला अधेड़ का शव

## परिजनों ने लगाया गला घोंटकर हत्या करने का आरोप, मृतक के गले पर मिले रस्सी के निशान

संवाददाता,सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। एक बार फिर शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। वहीं पुलिस मामले को संदिग्ध बता रही है। अधेड़ का शव टूटी चारपाई पर मिला है। जिस समय अधेड़ का शव पाया गया। उस समय घर में सिर्फ उसकी दूसरी पत्नी और बच्चे मौजूद थे। मृतक के गले मे निशान मिलने पर परिजनों ने गला घोटकर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का आरोप है की पुलिस ने उन्हें शव को देखने नहीं दिया। आनन-फानन में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षेत्र के काली तिवारी का पुरवा मजरे उमरी गांव निवासी नरसिंह यादव (45) पुत्र लखन यादव का संदिग्ध परिस्थितियों में घर की टूटी हुई चारपाई पर शव पाया गया है। मृतक के गले में निशान पाए गए है। परिवार का आरोप है कि शव को देखने से ऐसा लग रहा था की गला घोट कर हत्या की गई है। अधेड़ की संदिग्ध हालत में हुई मौत की सूचना पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। इससे सैकड़ों की भीड़ घटना स्थल पर एकत्रित हो गई।

आरोप है कि घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से अभद्रता शुरू कर दी। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है की संदिग्ध परिस्थितियों में शव पाया गया है।पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मौत की वजह पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो सकेगी।



सलोन कोतवाली क्षेत्र के काली तिवारी का पुरवा में परिजनों से पूछताछ करती पुलिस।

### मृतक की हुई थीं दो शादी, अक्सर होता था विवाद

सोमवार सुबह जिस टूटी चारपाई पर अधेड़ का शव पाया गया है, उसने दो शादी कर रखी थी। पहली पत्नी पुष्पा जिसका मायका खान का पुरवा कुंडा जनपद प्रतापगढ़ है। उससे बाकायदा रीति रिवाज से शादी हुई है। वहीं दूसरी पत्नी विमला मायका पामरगंज है, जिससे लव मैरिज किया था। पहली पत्नी से दो बच्चे कोमल (14) और प्रिंस (12) है। दूसरी पत्नी से भी दो बच्चे शिवा (7) व काजल (5) वर्ष है। मृतक अपनी दूसरी पत्नी विमला के साथ ही रहता था। पहली पत्नी पुष्पा समेत परिवार के अन्य सदस्यों ने बताया कि उसके पति और दूसरी पत्नी विमला में आए दिन झगड़ा और मारपीट होता रहता था। बीती देर रात भी किसी बात को लेकर दोनों उसके पति और दूसरी में झगड़ा हुआ था। आरोप है कि देर रात घर पर ईंट पत्थर भी चले थे। रविवार रात्रि करीब 10 बजे मृतक अपनी पहली पत्नी पुष्पा के घर गया था। और उसे बताया था कि रात में उसके घर पर किसी ने पथराव किया था। उसके बाद वह दूसरी पत्नी के घर वापस लौट आया है।

### विवादों में खाकी की कार्यशैली

सलोन पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर विवादों में आ गई है। पीड़ित परिजनों ने अभद्रता करने का आरोप लगाया है। शव को दिखाने की मांग करने पर पुलिस कर्मियों ने अभद्रता शुरू कर दी और कहा क्या पुलिस तुम लोगों के लिए यही खड़ी रहेगी। इतना ही नहीं परिजनों का वीडियो बना कर कार्यवाही करने की धमकी देते हुए शव लेकर चले गए। जिससे परिजनों में पुलिस की कार्यवाही पर आक्रोश व्याप्त है।

# बच्चे को ऑपरेशन से जन्म देने के बाद मां की मौत

## परिजनों ने डॉक्टरों पर लगाये लापरवाही के आरोप

संवाददाता,परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार:** बच्चे को ऑपरेशन से जन्म देने के बाद मां की मौत हो गई। महिला के परिजनों ने निजी हॉस्पिटल के चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मामला डीह थाना क्षेत्र के ग्राम वीरपुर मजरे बरावां का है। गांव निवासी अनिल कुमार का कहना है कि उसकी पत्नी संजू देवी (27) गर्भवती थी। आशा बहू को दिखाने पर परशदेपुर के मटियारा चौराहा स्थित ओम गंगोत्री हॉस्पिटल ले जाने को कहा। अनिल कुमार का आरोप है कि हॉस्पिटल ले जाने पर पहले डॉक्टर ने कहा कि डिलीवरी नॉर्मल हो जाएगी, लेकिन बाद में ऑपरेशन करने को कहा गया। अनिल कुमार का कहना है कि ऑपरेशन के लिए 25 हजार रुपए मांगने पर उसने 15 हजार रुपए जमा भी किया, लेकिन ऑपरेशन के बाद हालत खराब होने पर उसकी पत्नी को लखनऊ के निजी हॉस्पिटल भेज दिया गया, जहां पर पत्नी की मौत हो गई।

महिला की मौत के बाद परिजन शव को लेकर वापस गांव चले आए। सूचना पाकर गांव पहुंचे चौकी प्रभारी कृष्ण चंद्र ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। मामले की जांच स्वास्थ्य विभाग ही बेहतर तरीके से कर पाएगा। वहीं हॉस्पिटल के संचालकों ने लापरवाही के आरोप को बेबुनियाद बताया है। उनका कहना है कि 11 सितंबर को बच्चे के जन्म के बाद महिला की हालत बिगड़ने पर उसे लखनऊ के निजी हॉस्पिटल में रेफर किया गया था, लेकिन परिजन उसे वहां से डिस्चार्ज कराकर दूसरे हॉस्पिटल ले गए, जहां पर 15 सितम्बर को महिला की मौत हुई है।



मृतका के गमगीन परिजन। इनसेट में संजू देवी (फाइल फोटो)।

## एक नजर

### एनटीपीसी की 210 मेगावाट की यूनिट चालू

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** शनिवार को तकनीकी खराबी के कारण बंद हुई एनटीपीसी में 210 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट संख्या तीन को चालू कर दिया गया है। साथ ही इस यूनिट ने बिजली का उत्पादन शुरू कर दिया है। तीन दिन तक चले मरम्मत कार्य के बाद इसे रविवार की रात चालू किया गया और सोमवार की सुबह यह यूनिट अपने भार पर आ गई और बिजली का उत्पादन शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि एनटीपीसी में 210 मेगावाट क्षमता की ही एक अन्य यूनिट संख्या पांच को वार्षिक मरम्मत के लिए 35 दिनों के लंबे शट डाउन में बंद किया गया है, जिसमें मरम्मत का काम चल रहा है ।

### निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 22 को

**सरेनी, रायबरेली।** नीबी गांव में स्थित जूनियर हाईस्कूल परिसर में 22 सितंबर को निश्शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी शिविर के संयोजक सुंदर सिंह सिकरवार ने दी है। उन्होंने बताया कि शिविर में नेत्र रोगियों के आंखों की जॉच मुफ्त होगी। मोतियाबिंद के चिन्हित मरीजों के ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण भी निश्शुल्क होगा। उन्होंने सभी से शिविर में पहुंचने की अपील की है।

### खेत में मवेशी जाने पर मां-बेटी को बांधकर पीटा

**ऊंचाहार, रायबरेली।** खेत में मवेशी जाने को लेकर मां-बेटी को बांधकर मारने का आरोप है। पीड़िता ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी है। घटना कोतवाली क्षेत्र के गांव मनीराम पुर की है। खरगसेनपुर निवासी सुषमा का आरोप है कि उनकी गाय मनीराम पुर गांव निवासी एक किसान के खेत में चली गई थी। जिसके कारण उन्होंने गाय को जबरन बांध लिया। महिला अपनी बेटी के साथ जब उनके घर गाय मांगने गई तो आरोप है कि मां बेटी को बुरी तरह बांधकर मारा गया। घटना के बाद कोतवाली पहुंची पीड़िता ने तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह का कहना है कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने मैजिक चालक को पीटा

**लालगंज, रायबरेली।** टोल देने के विवाद को लेकर रायबरेली मार्ग पर ऐहार के निकट स्थित टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने मैजिक चालक को जमकर पीटा। शांति नगर लालगंज निवासी बउवा सोमवार को मैजिक लेकर टोल प्लाजा से निकल रहा था, तभी दो दिन पहले के टोल के पैसे को लेकर कहा सुनी हुई और टोल के कर्मचारियों ने बउवा को जमकर मारा पीटा। मामले में मैजिक चालक बउवा ने लालगंज पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच कराईजा रही है।

### पत्नी को चाकू से गोदने वाले पति को भेजा जेल

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** पत्नी को चाकू से गोदने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीते रविवार को नसीराबाद के सोनी नगर मुहल्ले निवासी रीना अपनी बहन शबनूर के साथ सीएचसी से दवा लेकर वापस लौट रही थी। आरोप है कि तभी रीना के पति अरमान ने मांस काटने वाले चाकू से उस पर कई वार किए थे जिससे रीना घायल हो गई थी। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। रीना के पिता नसीम की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 109, 118(1), 352 व 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष शिवकांत पांडेय ने बताया कि अरमान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# अपहरण में 12 नामजद और तीन अज्ञात पर एफआइआर

संवाददाता, ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार:** एक युवक को दो वाहनों पर सवार 15 लोगों ने अपहरण कर लिया। उसे एकांत में ले जाकर बुरी तरह मारा पीटा गया। मामले का वीडियो बनाकर अपहर्ताओं ने ही वायरल किया। इसके बावजूद पुलिस ने प्राथमिकी नहीं दर्ज की। अब घटना के करीब एक माह बाद एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ है। घटना बीते माह 21 अगस्त की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सवैया राजे निवासी अमन सिंह अपनी बाइक से जमुनापुर चौराहा से घर आ रहे थे। रास्ते में उसे एक चार पहिया वाहन टक्कर मारी। इस बीच मामले की जानकारी पीड़ित की मां को हो गई। उसने पुलिस को सूचना दिया। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अपहृताओं के चंगुल से मुक्त कराया। पीड़ित का कहना है कि आरोपी राजनीतिक रसूख वाले थे। इसलिए पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और उन्हे छोड़ दिया गया। एसपी ने मामले में प्राथमिक की दर्ज कर विवेचना करने का निर्देश दिया। इसके बाद पुलिस ने 15 लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके विवेचना शुरू कर दी।

# किशोरी ने मां-बाप पर लगाया पांच लाख रुपये में अधेड़ से सौदा करने का आरोप

संवाददाता,ऊंचाहार, रायबरेली

▸▸ किशोरी ने कोतवाली में दी तहरीर,जांच-पड़ताल शुरू

**अमृत विचार:** एक किशोरी ने अपने ही मां बाप पर उसे बेचने का आरोप लगाया है। किशोरी का आरोप है कि उसके मां बाप अधेड़ से उसका पांच लाख रुपए में सौदा कर रहे हैं। उसने घर से भागकर पड़ोस में शरण ली है।

ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी ने सोमवार को कोतवाली में एक ऐसी तहरीर दी कि हर कोई हैरान रह गया। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। किशोरी का कहना है कि गंगा एक्सप्रेस वे में एक अधेड़ काम करता है, जो अक्सर उसके घर आता जाता है। आरोप है कि शनिवार की रात वह अधेड़ उसके घर आया था, जिससे उसके माता पिता दोनो उसका पांच लाख रूपए में बेचने का सौदा कर रहे थे। इस बातचीत को किशोरी ने सुन लिया। उसके अगले दिन रविवार की सुबह किशोरी मौका पाकर अपने घर से भागकर पड़ोस के एक गांव निवासिनी एक परिचित महिला के घर पहुंची और उसको पूरी घटना से अवगत कराया। सोमवार को किशोरी कोतवाली पहुंची और पूरे प्रकरण की लिखित तहरीर दी है। किशोरी का यह भी आरोप है कि यदि वह अपने मां बाप के पास गई तो उसके साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है। किशोरी की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में असलियत का पता लगाया जा रहा है। जांच के बाद इसमें कार्रवाई की जाएगी। किशोरी की सुरक्षा के लिए हिदायत दी गई है।

## सार-संक्षेप

### राज्यपाल ने मेधावी छात्रा को स्वर्ण पदक से किया सम्मानित



स्वर्ण पदक के साथ परिजनों के बीच उपस्थित मेधावी छात्रा। अमृत विचार

**बछरावां, रायबरेली,अमृत विचार।** सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध दयानंद डिग्री कॉलेज की छात्रा सेहगों गांव निवासिनी आस्था पटेल पुत्री दीपक पटेल को अंग्रेजी विषय से सर्वोच्च अंक के लिए स्वर्ण पदक वा गर्ल्स स्टूडेंट में सर्वोच्च अंक के लिए स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय के 67 वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदान किया। महाविद्यालय के अनुशासन एवं पठन-पाठन के कारण ये स्वर्ण पदक छात्र-छात्राएं प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने छात्रा को आशीर्वाद एवं बधाई दी है। महाविद्यालय के प्राचार्य सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद कालेज सफलता के मापदंड स्थापित कर रहा है।

### गब्बर सिंह ने जीता दंगल केसरी का खिताब

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** रविवार को क्षेत्र क ठंगइच वीर बाबा में दंगल का आयोजन हुआ। इसमें गब्बर सिंह झबरा व जेपी सिंह फिरोजाबाद के मध्य फाइनल कुश्ती हुई, जिसमें गब्बर सिंह झबरा विजेता रहे और दंगल केसरी बने। दोनों पहलवानों ने एक दूसरे को अपने दांव पेच दिखाएं और पलक झपकते ही गब्बर सिंह ने फिरोजाबाद के पहलवान को दांव में फंसा कर चित कर दिया और शील्ड पर कब्जा कर लिया। वहीं, दंगल मे फिरोजाबाद की दो लड़कियों आरती और पूजा ने भी दमखम दिखाया। इसमें दोनों की कुश्ती बराबर पर छूटी। फिरोजाबाद की पहलवान आरती व पूजा को फौजी सतपाल सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित व प्रोत्साहित किया। दंगल के निर्णायक सत्येंद्र सिंह झबरा रहे। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह एडवोकेट, सत्यपाल सिंह फौजी, अनूप पांडे, ग्राम प्रधान सुनील, नरेंद्र सिंह, सर्वेश पासवान, रिंकू सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### गड्ढे में पलटा ई-रिक्शा, छह लोग घायल

**बछरावां, रायबरेली,अमृत विचार।** कस्बे में सोमवार दोपहर गुरुबक्शगंज से आ रहे बछरावां ई-रिक्शा जैसे ही रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंच की बछरावां-मौरावां मार्ग पर गहरे गड्ढे में पलट गया, जिसमें आधा दर्शन को घायल हो गए। ई-रिक्शा में मौजूद गुरबक्श गंज निवासी मनोज (38) पुत्र दयाशंकर, ममता ( 33) पत्नी मनोज, रामदेई( 62) पत्नी स्व. चंद्रशेखर, रूबी (7) पुत्री मनोज, दीपू (9) पुत्र मनोज तथा चालक सत्रोहन (30) निवासी गुरूबकस गंज निगोहा जा रहे थे जैसे ही बछरावां रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचे तो मौजूद सड़क के गड्ढे में एक पहिया चला गया जिससे ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। चीख पुकार पर मौजूद राहगीरों ने ई-रिक्शा को सही करते हुए सभी को बाहर निकाला गया। गनीमत रहेगी घटना में कोई घायल नहीं हुआ।



पलटे ई-रिक्शा में दबे लोगों को बाहर निकालते लोग।

### लोक परम्परा का अद्भुत पर्व है बेसौढ़ा, मवेशियों का किया पूजन

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** हमारा समाज विभिन्न परंपराओं से भरा हुआ है। पूर्ण रूप से प्रकृति को श्रेष्ठ मानने का कई विधान हमारी परंपराओं का हिस्सा है। इसी परंपरा का एक अद्भुत लोक पर्व बेसौढ़ा सोमवार को मनाया गया, जिसमें पालतू मवेशियों की पूजा की गई। इसके बाद घर के अपशिष्ठ को फूलों से सजाकर बस्ती से दूर फेंका गया। इस दौरान पालतू मवेशियों को पकवान खिलाया गया। अवध क्षेत्र में इस पर्व को ग्रामीण क्षेत्रों विशेषकर पशु पालकों में खासा महत्व है। सप्तमी तिथि को बेसौढ़ा पर्व शीतला माता की पूजा का पर्व मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश के अवध क्षेत्र में यह पर्व भादौ मास के अंतिम रविवार के बाद आने वाले सोमवार को मनाया जाता है। ये पशुओं की पूजा का लोक महत्व का पर्व है। सोमवार को सुबह गांव-गांव छोटे छोटे बच्चों ने भिक्षा मांगी। गंगा तट के किनारे गांव के लोगों ने गंगा स्नान किया और उसके बाद पूजा अर्चना की।

### साइकिल की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**रायबरेली, अमृत विचार।** शहर कोतवाली क्षेत्र के सुपर मार्केट में एक साइकिल की दुकान में अज्ञात कारण से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे आसपास अफरा तफरी मच गई। जैसे तैसे आग पर काबू पाया गया। इस दौरान सारा सामान जल चुका था। घटना सोमवार को रात करीब नौ बजे की है। सुपरमार्केट में साइकिल का काम करने वाले शिवकुमार रोजाना की तरह दुकान बंद करके अपने घर चले गए थे। घर जाने के बाद उन्हें सूचना मिली की दुकान के अंदर आग लग गई है। उन्होंने बताया कि जैसे वह दुकान पर पहुंचे तो दुकान को भयंकर आग ने घेर रखा था। मौके पर मौजूद लोगों ने शहर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। शहर कोतवाल राजेश सिंह ने तत्काल इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर कर्मी जैसे ही मौके पर आए आग बुझाने में लग गए। विकराल आग पर घंटा पर मेहनत करने के बाद काबू पाया जा सका। दुकान के मालिक शिवकुमार ने बताया कि उनके दुकान में साइकिल व साइकिल बनाने का सामान रखा हुआ था, जो पूरी तरह जल चुका है। लगभग 20 से 25 लाख रुपये तक का सामान जलकर नष्ट हो गया है। गनीमत रही कि इस आग में कोई जन हानि नहीं हुई।

### आरेडिका में स्वच्छता अभियान 4.0 की शुरूआत आज से

**लालगंज, रायबरेली,अमृत विचार।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान 4 .0 को सफल बनाने एवं जन भागीदारी को बढ़ाने के लिए वृहद स्तर पर अभियान आज यानि मंगलवार से चलाया जाएगा। शुरुआत आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता शपथ ग्रहण के साथ होगी। इस अभियान में सभी रेलवे परिवार के सदस्य एवं आस-पास के लोग सहभागिता करेंगे। यह कार्यक्रम तीन चरणों में चलाया जाएगा। जिसमें प्रथम चरण 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक, द्वितीय चरण दो से 31 अक्टूबर तक तथा तृतीय चरण एक से 15 नवंबर तक चलेगा।

# यूपीएस के खिलाफ 26 को आक्रोश मार्च निकालेंगे कर्मचारी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार की तरफ से एनपीएस की जगह लाई जाने वाली यूपीएस योजना का भी लगातार विरोध जारी है। सरकार की तरफ से यूपीएस के सुधारों को लेकर भी कोई चर्चा नहीं की जा रही है, इसकी वजह से कर्मचारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस पेंशन के विरोध में और पुरानी पेंशन की मांग को लेकर 26 सितम्बर को अटेवा के बैनर तले एकत्रित होकर जिले के हजारों कर्मचारी आक्रोश मार्च निकालेंगे।



शहीद स्मारक मुंशीगंज में आयोजित बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी।

सोमवार को अटेवा जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक शहीद स्मारक मुंशीगंज में आयोजित की गई। जिला संयोजक इरफान अहमद ने बताया कि केंद्र सरकार की तरफ से पुरानी पेंशन बहाल न करके अब न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) की जगह पर यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) लागू करने जा रही है। जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता ने बताया कि ऑल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के बैनर तले कर्मचारियों ने अपने ही कार्यस्थल पर हाथ में काली पट्टी बांधकर नई पेंशन व्यवस्था यूपीएस का विरोध 2 से 6 सितंबर तक किया गया था। इस विरोध में बेसिक, माध्यमिक और डिग्री कॉलेज के शिक्षकों के साथ ही साथ लेखपालों, नर्सों और अन्य राज्य कर्मचारियों ने विरोध करते हुए सरकार से पेंशन स्कीम पर विचार करने का अनुरोध किया था, लेकिन सरकार ने बिल्कुल ही गौर नहीं किया है। हाल ही में ऊंचाहार और महराजगंज ब्लॉक के अटेवा संयोजक बने महेश कुमार और शीतांशु सोनकर का भी सम्मान जिला कार्यकारिणी की तरफ से किया गया। इसके अलावां जिला कोषाध्यक्ष अंजनी मौर्य, मो. नसीम, मंयक वर्मा, अनवर अली, आशुतोष,विक्रम, राहुल सिंह, प्रदीप शुक्ला, राम प्रताप, पंकज, प्रकाश चंद्र, राजेंद्र, इंद्रसेन, योगेंद्र गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# बउआ सिंह को मिलेगा राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान

**हरचंदपुर, रायबरेली।** क्षेत्र के अड़ोबर गांव से क्षेत्र पंचायत सदस्य समाजसेवी बउवा सिंह भदौरिया को अयोध्या में केरल के पूर्व राज्यपाल के द्वारा राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। 21 सितंबर को अयोध्या धाम में रामकृष्ण सेवा फाउंडेशन और मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति के द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव के कार्यक्रम के दौरान बउआ सिंह को यह सम्मान मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल द्वारा दिया जाएगा।



# 13 डायट प्रवक्ता समेत 302 शिक्षकों को किया सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न शैक्षिक प्रक्रियाओं को विद्यालय स्तर पर स्थापित करने वाले उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों के 13 डायट प्रवक्ताओं और 302 शिक्षकों को नोएडा के जिंजर होटल में सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह में डायट रायबरेली के प्रवक्ता अभिवेक श्रीवास्तव के साथ एडुलीडर्स टीम रायबरेली के एडमिन विनीत श्रीवास्तव, डीह विकास क्षेत्र के सराय मानिक प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक रवि प्रताप सिंह और बछरावां विकास क्षेत्र की शिक्षिका रिचा गोस्वामी को शिक्षा जगत में इनके सतत योगदान के लिए मुख्य अतिथि पद्मश्री प्रख्यात अभिनेता मनोज जोशी, पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी और राज्यमंत्री पीडब्लूडी कुंवर बृजेश सिंह के द्वारा राज्य स्तरीय एडुलीडर्स कर्मयोगी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को हेमा फाउंडेशन और आरआर ग्लोबल और एडुलीडर्स यूपी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। एडुलीडर के संस्थापक डॉक्टर सर्वेश मिश्रा ने बताया कि इस समूह का उद्देश्य प्रदेश भर से नवाचारी शिक्षकों को सम्मान के लिए एक मंच प्रदान करना है। शिक्षिका ऋचा गोस्वामी ने अपने सम्मान का श्रेय विद्यालय के बच्चों को दिया। प्रवक्ता और शिक्षकों के सम्मान पर डायट प्राचार्य जय प्रताप सिंह, बीएसए शिवेंद्र प्रताप सिंह, प्रवक्ता हरिओम यादव गाजीपुर, योगिराज मिश्र राज्य शिक्षा संस्थान प्रयागराज, विनय मिश्र फतेहपुर, डॉ. शशिदर्शन त्रिपाठी बस्ती, डॉ. ललित यादव बुलंदशहर, डॉ. अमरेंद्र मिश्र प्रतापगढ़, डॉ. राम शरण सेठ, राजेश खन्ना, भूपेंद्र मिश्रा गौतमबुद्धनगर के साथ शिक्षकों - प्रशिक्षुओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी।



सम्मानित होते डायट प्रवक्ता अभिवेक श्रीवास्तव। अमृत विचार

लापरवाही

सड़क पर डामर का पता नहीं, कीचड़ और दलदल में आए दिन फंसते वाहन, हर दिन 15 हजार से 20 हजार छोटे-बड़े वाहनों का होता है आवागमन

# सावधान...दरीबा-कठगर मार्ग गड्ढों में तब्दील, मरम्मत की मांग

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** शहर से बमुश्किल से पांच किमी की दूरी के बाद वह मार्ग मिलता है, जिस वाहन क्या पैदल तक चलना किसी चुनौती से कम नहीं है। थोड़ा सा भी चूके तो हादसे का शिकार होना तय है। जी हां, हम बात कर रहे हैं दरीबा-कठगर मार्ग की।

यह मार्ग रायबरेली-कानपुर से रायबरेली-डलमऊ मुख्य सड़क को जोड़ती है। ऐसे में पूरे दिन छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन बना रहता है। वर्तमान में इसकी बताने के लिए तस्वीरें ही काफी है। सड़क पर डामर लगभग गायब हो चुका है। अधिकांश मार्ग बारिश के कारण कीचड़ और दलदल बन चुका है। इसके चलते छोटे-बड़े वाहन अकसर फंस जाते हैं। दलदल में तो अगर एक बार बड़े वाहन का पहिया फंसा तो निकलना टेढी खीर है। इसी मार्ग से होकर प्रतिदिन सैकड़ों बच्चे पढ़ाई के लिए शहर आते हैं। इतना ही नहीं इस मार्ग पर कई सरकारी और प्राइवेट विद्यालय हैं। इसके बावजूद जिम्मेदारों की कुम्भकर्णी नींद टूटने का नाम नहीं ले रही है। हाल यह है कि स्थानीय लोग तो इस मार्ग पर जाना तक नहीं पसंद कर रहे हैं। वहीं बाहरी व्यक्ति एक बार आ जाता है तो पूरे रास्ते सिर्फ अफसरों को कोसता ही रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इसकी शिकायत की गई, लेकिन किसी ने कुछ नहीं किया।



दरीबा-कठगर मार्ग पर फंसा वाहन।



बदहाल दरीबा-कठगर मार्ग।

वर्तमान में अफसरों का आम जनमानस से मानों कोई लेनादेना ही नहीं है। इसका जीता जागता उदाहरण दरीबा-कठगर मार्ग। इससे अच्छी तो गांव की सड़कें हैं। अफसर सिर्फ लूटखसोट में व्यस्त है। बजट का बंदरबांट ही किया जाता है।



रमेश यादव।

सड़क की दशा बेहद खराब है। इस मार्ग पर पड़ने वाले गांवों के लोगों का जीवन नरकीय हो गया है। बारिश में दशा इतनी खराब है कि दोपहिया वाहन तक से सुरक्षित नहीं निकला जा सकता है।



संजय यादव।

सड़क की मरम्मत नहीं कराया जा रहा है। बारिश में दशा काफी खराब हो चुकी है। सड़क की पटरियों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इससे हादसे की आशंका हमेशा रहती है।



देवेश मिश्रा।

इस मार्ग से काफी आवागमन रहता है। इसके बावजूद अफसर अनदेखी कर रहे हैं। पूर्व में कार्य कराया गया तो उसमें जमकर धांधली हुई। कहीं पर कोई सुनवाई नहीं है।



सुरेश,प्रधान मनेहरू।

वर्तमान में जिले के अफसर पूरी तरह से मनमानी कर रहे हैं। भाजपा सरकार में विकास के नाम पर सिर्फ ढिढोरा पीटा जा रहा है। सड़क, बिजली, पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं से लोगों को जूझना पड़ता है।



अखिलेश माही, सपा नेता।

# सीढ़ी ढहने से मलबे में दबे दो श्रमिक, एक की मौत

**सलोन, अमृत विचार।** पुराने मकान के मरम्मतीकरण के दौरान सीढ़ी ढह गया, जिसके मलबे में दो मजदूर दब गए। घायल अवस्था में श्रमिकों को एम्स में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान एक श्रमिक की मौत हो गई। कस्बे के मोहल्ला कच्ची मस्जिद निवासी मोहम्मद खलील के यहां पुराने मकान के मरम्मतीकरण के लिए अमरनाथ और कन्हाई निवासी खिली का पुरवा काम कर रहे थे। सोमवार को दोनों सीढ़ी पर चढ़कर जर्जर मकान का दीवार तोड़ रहे थे। इसी दौरान भरभराकर सीढ़ी ढह गया, जिसके नीचे दोनों श्रमिक दबकर घायल हो गए। घायलों को गम्भीर अवस्था में नगर के नेहाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। यहां दोनों की हालत नाजुक होने पर एम्स रेफर कर दिया गया। उपनिरीक्षक राज कुमार तिवारी ने बताया कि अमरनाथ की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि दूसरे श्रमिक का इलाज चल रहा है।

एक नजर

### मानव-वन्यजीव संघर्ष को लेकर कंट्रोल रूम नंबर जारी

**अमेठी, अमृत विचार :** प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया है कि जनपद अमेठी में मानव-वन्यजीव संघर्ष की प्रभावी रोकथाम के लिए टीमों का गठन किया गया है। वहीं एक कंट्रोल रूम की स्थापना प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय अमेठी में की गई है। जिसका नंबर-7839435248 है, यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित है। जनपद में कहीं भी मानव वन्यजीव संघर्ष से संबंधित घटना की जानकारी हो तो इस नंबर पर अवगत कराएं, जिससे तत्काल अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

### पवन वर्मा युवा कांग्रेस संग्रामपुर के अध्यक्ष नियुक्त

**संग्रामपुर, अमेठी, अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र के पवन वर्मा जी को यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुभम सिंह ने तत्काल प्रभाव से संग्रामपुर युवा कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। बृजेंद्र सिंह युवा कांग्रेस विधान सभा अध्यक्ष अमेठी की संस्तुति पर पवन वर्मा को संग्रामपुर युवा कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बृजेंद्र सिंह लोहा ने कहा हम आशा करते हैं कि आप युवा कांग्रेस को मजबूत करेंगे। कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की।

### थ्रीडी कृत्रिम अंग शिविर का आयोजन 17 व 18 को

**अमेठी, अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 200 शैय्या जिला रेफरल चिकित्सालय तिलोई में 17 व 18 सितंबर को दिव्यांगजनों के लिए थ्रीडी कृत्रिम अंग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उक्त शिविर का उद्घाटन 17 सितंबर को राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा किया जाएगा।

# सरयू का विकराल रूप, गुप्तार घाट की डूब गईं सीढ़ियां

## लाल निशान से 59 सेमी ऊपर बह रही नदी, घाटों पर सुरक्षा के मद्देनजर एनडीआरएफ के जवान कर रहे चौकसी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नेपाल से छोड़े गए पानी का बहाव तेज है। सरयू ने विकराल रूप धारण कर लिया है। केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक नदी का जलस्तर लाल निशान से 59 सेमी ऊपर पहुंच गया है। गुप्तारघाट में सीढ़ियां पानी में डूब गईं। परिक्रमा मार्ग के कुछ निचले हिस्से पर पानी पहुंच गया है। रास्ता बंद कर दिया गया। नगर निगम की पार्किंग बंद कर दी गई।

सुरक्षा के मद्देनजर जल पुलिस और एनडीआरएफ के जवान अयोध्या में सरयू घाट पर चौकसी कर रहे हैं। बैरीकेडिंग के आगे जाने पर टोका-टाकी शुरू कर दी गई। ग्रामीण क्षेत्र के कछारी इलाके में पानी भर गया। फसलें डूब गई। प्रशासन ने रात और बचाव कार्य तेज किया है।

नेपाल से सटे शारदा, गिरजा और सरयू बैराज से चरणवार छोड़े गए आठ लाख क्यूसेक पानी ने जिले में तबाही मचाई है। सरयू के तट से दूर-दूर तक पानी ही पानी दिख रहा है। फटिक शिला आश्रम के पास बढ़ते जल भराव को देखते हुए श्मशान घाट पर जाने पर रोक लगा दी गई। बाहर से आने वाली श्रद्धालुओं के वाहनों को राम कथा पार्क के सामने स्थित कच्ची पार्किंग में खड़ा करने की व्यवस्था बनाई गई है। शहर से सटे निर्मली कुंड के पास ढलान की सड़क पर पानी भर गया। यहां पुलिस ने बैरीकेड कर दिया है।

जिला प्रशासन ने राहत कार्य तेज किया है। दोनों तटबंधों को सुरक्षित बताया गया है। प्रभावित तीन तहसीलों में लंच पैकेट के साथ राहत किट वितरित किए गए।

### गांव की गलियों तक भर गया पानी

**शुजागंज अयोध्या। अमृत विचार :** बाढ़ से घाघरा नदी का जलस्तर से रुदौली-रौनाही तटबंध के पास के गांव कैथी मांझा, मंहगू पुरवा, सल्लाहपुर अब्बूपुर, मुझैना, पसैया, सराय नसिर, देवी गंज, बाढ़ की चपेट में आ गए है। नदियों के किनारे बसे हर मुहल्ले पानी भर गया है। मकानों के अंदर पानी भरा है। कुछ लोग घर छोड़ कर दूसरी जगह शरण ले चुके हैं। प्रशासन लगातार निगरानी और राहत में जुटा है।



बाढ़ के पानी में डूबीं गुप्तार घाट की सीढ़ियां। अमृत विचार

## बाढ़ से घिरे कई गांव, पलायन शुरू

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार:** उफनाई सरयू नदी की बाढ़ से क्षेत्र के गांव पानी से घिर गए हैं। पलायन तेज है। लोग राहत केंद्रों में पहुंच रहे हैं। बाढ़ पीड़ितों को गांव से निकलने के लिए नाव लगाई गई है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के पिपरी संग्राम, पूरे चेतन, सलेमपुर, उरदहवा, मूडाडीहा माझा, मूडाडीहा बस्ती, बलुइया माझा, सेवरहवा, गिल्ट, मदराही, नयी दुनिया, पनसैवा, धनी का पुरवा, तौलेसर का पुरवा, सीताराम का पुरवा, काजीपुर माझा, पुनवासी का पुरवा, रामपुर पुआरी माझा सहित 18 गांवों के 1413 परिवार बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। बलुइया माझा के वीरेंद्र कुमार, शत्रुघन निषाद, अभिषेक, शमशेर, रामदयाल, गंगाराम, इंद्रराज, नन्हकू ने बताया कि बाढ़ के पानी से गांव चारों तरफ से गिर गया है। अब पानी घरों में घुसने से घर गृहस्थी का सामान नष्ट हो रहा है।

# बुलडोजर चलाने की दी चुनौती

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के घर रौनाही के एक गांव में सोमवार को पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ प्रतिनिधिमंडल ने पीड़िता के पिता को हर संभव मदद की घोषणा की। तात्कालिक आर्थिक मदद के तौर पर पिता को 25 हजार का चेक दिया। आरोपियों में शामिल एक आरोपी वंश चौधरी को मुख्य आरोपी और भाजपा नेता का बेटा बताकर सरकार की धज्जियां उड़ाई। अब तक की कार्रवाई को कठघरे में खड़ा कर मुख्यमंत्री पर आरोप लगाया। कहा, अयोध्या में सरकार से संरक्षित लोग अपराध कर रहे हैं और सरकार चुप है।

मुख्यमंत्री पार्टी के कार्यकर्ता के खिलाफ बुलडोजर चला कर दिखाएं। 18 तारीख को प्रदेश के सभी मंडलों में कांग्रेस पार्टी इसे लेकर प्रदर्शन और आंदोलन करने जा रही है। इस मौके जयकरन वर्मा, राजेंद्र प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव, , पूर्व विधायक इन्दल रावत, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी आदि शामिल रहे।



दुष्कर्म पीड़िता के घर जाते कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय। अमृत विचार

## पितृ पक्ष कल से

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की नगरी में सरयू का घाट मोक्ष स्थल भी माना जाता है। इसलिए पितृ पक्ष में यहां पर पूर्वजों के पिंडदान का विशेष महत्व होता है। इस साल पितृ पक्ष की शुरुवात 17 सितम्बर से ही रही है, लेकिन ब्रह्म मुहूर्त में 18 सितंबर को पड़ रहा है। इसलिए पिंडदान का कार्यक्रम 18 सितंबर की सुबह से प्रारंभ होगा। शास्त्रों में बताया गया है कि जो लोग गया नहीं पहुंच सकते वह अयोध्या में ही पिंडदान और श्राद्ध कर्म करते हैं। राम की नगरी में पिंडदान और श्राद्ध करने से भी पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# बिहार से भी आया था धमकी भरा फोन

अयोध्या कार्यालय

▸▸ राम मंदिर को उड़ाने की दी गई थी धमकी, की थी अभद्रता

**अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सहायता केंद्र के मोबाइल नंबर पर 22 अगस्त को चार हजार किलो आरडीएक्स से राममंदिर को उड़ाने की धमकी दिए जाने के मामले में थाना रामजन्मभूमि पुलिस ने बिहार भागलपुर के बरारी थाना क्षेत्र स्थित बड़ी खंजरपुर मस्जिद गली निवासी युवक मकसूद अंसारी को गिरफ्तार कर चालान किया है। धमकी भरा मैसेज इसी के मोबाइल से भेजा गया था।

प्रकरण में पुलिस टीम इसके साले की तलाश में भेजी गई है। इसके दो दिन पूर्व बिहार के ही जमुई से धमकी भरा फोन आया था। जिसके बाद जमुई पुलिस की मदद से एक युवक को हिरासत में लिया गया था। 20 अगस्त को दोपहर 3.30 बजे गौरापट्टी ककरही बाजार निवासी प्रवीन कुमार पांडेय के मोबाइल पर मोबाइल नंबर 9693294709 से फोन आया था। फोन करने वाले ने राम मंदिर को उड़ाने की धमकी दी थी। पूछताछ करने पर फोन करने वाले ने प्रवीन को भद्दी-भद्दी गाली दी थी। उन्होंने मामले की तहरीर उसी दिन कैंट थाना पुलिस को दी थी। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि अधिकारियों को जानकारी देने के बाद सर्विलांस टीम को सक्रिय गया तो पता चला कि उक्त मोबाइल नंबर बिहार के जमुई का है। इसके बाद थाने से पुलिस टीम रवाना की गई और जमुई पुलिस पुलिस की मदद से 21 अगस्त को खैरा थाना क्षेत्र के कोदवारी कागेसर निवासी युवक दासो रविदास को हिरासत में लिया। जांच में पता चला कि उसकी चार साल से मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। नाम-पता आदि का तस्दीक करने के बाद पुलिस लौट आई थी। कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिलने से विधिक कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी।

# सरकार की आमद मरहबा के नारों से गूंज उठी मुसाफिरखाना की सड़कें

## धूमधाम से मनाया गया पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा की यौमें पैदाइश का जश्न, निकाला गया जूलूस

संवाददाता, मुसाफिरखाना, अमेठी

**अमृत विचार।** इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगंबर मोहम्मद साहब की जयंती को ईद-ए-मिलादुन्नबी के रूप में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को पैगंबर की याद में जिलेभर में जूलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। इसी कड़ी में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मुसाफिरखाना में भी सुबह जूलूस निकाला। जूलूस इसौली रोड ईदगाह से निकलकर पूरे बस्ती, पूरे मलिक, मुसाफिरखाना बाज़ार से होते हुए पुराने मुसाफिरखाना के ईदगाह पर संपन्न हुआ। इस दौरान सरकार की आमद मरहबा, आका की आमद मरहबा जैसे गगनभेदी नारों से सड़कें गूंज उठीं। लोग एक दूसरे को बधाई देते दिखे और जगह-जगह पानी, शरबत, छोले-चावल, फल आदि प्रसाद के रूप में वितरित किए गए। जुलुस के दौरान प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखा।

कुमैल रिज़वी ने बताया कि पैगंबर मोहम्मद साहब पूरी दुनिया के रहनुमा बनकर आए थे। उन्होंने समस्त मानव जाति को अच्छाई के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया था। वहीं डॉ. सहीर, इमरान, हसनैन, हसन मोहम्मद, मूसा रज़ा, सुफियान, इरशाद, सद्दाम, अमान, तालिब आदि ने बताया कि इस दिन को मनाने का मकसद पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन और उनके उपदेशों से सीख लेना है। उनके जीवन ने मानवता को एक नई दिशा दिखाई और उनके उपदेशों ने लोगों को एकता, प्रेम और सच्चाई के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया।

जुलूस के दौरान हाईवे लगभग तीन घंटे तक बाधित रहा। सोमवार को क्षेत्र के गांव पूरे काज़िम अली, पूरे मालिक, पूरे गुलाम हैदर, पूरे बस्ती, मझगवा, पूरे चांद, कोड़री, रसूलाबाद समेत कई गांवों का जुलूस मुसाफिरखाना नगर पहुंचा। हजारों की संख्या में युवक और बच्चे हाथों में हरे झंडे लिए थे। लोग नारा-ए-तकबीर-अल्ला-हू-अकबर, नारा-ए-रिसालत या रसूल अल्लाह के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इसौली रोड पर मंचासीन मौलाना मोहम्मद नूरी ने मुल्क और मिल्लत की खुशहाली, तरक्की और अमन चैन के लिए दुआ कराई। जुलूस में शहबान अहमद, गुलफाम अहमद,डॉ फुरकान, फारूख, मो अखलाख, असरफ, इमरान, मो आकिब, आगा शाही सहित आदि भारी संख्या में लोग सम्मिलित रहे। इस दौरान भनौली रेलवे क्रॉसिंग पर युवा समाज सेवी गुलफाम द्वारा जुलूस में सम्मिलित लोगों को जलपान कराया गया।



कड़ी सुरक्षा में निकलता जुलूस। अमृत विचार



मंच से संबोधित करते मौलाना। अमृत विचार

### डेहरा, हिम्मतगढ़ व विशेश्वरगंज बाजार में हर्षोल्लास से निकाला गया जुलूस

**संग्रामपुर, अमेठी अमृत विचार :** जनपद अमेठी क्षेत्र के अंतर्गत विशेश्वरगंज बाजार में ईद मिलादुन नबी इकलाख मोहब्बत के साथ मनाया गया। विशेश्वरगंज बाजार में बारावफात के मौके पर मुनव्वर अहमद, इरफान अहमद, ताहिर अहमद, उमर अली, रियाज अहमद, आशिक अली, आदि लोग शामिल थे। हिम्मतगढ़ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय गुप्ता जुलूस में शामिल रहे डेहरा और हिम्मतगढ़ विशेश्वरगंज का बारा वफात जुलूस सगीर अहमद, मुख्तार अहमद, आफताब अहमद, हाफिज मसूक, निजाम अहमद, गुलाम रसूल आदि लोग शामिल रहे। इस मौके पर संग्रामपुर थाना प्रभारी ईश नारायण मिश्र अपनी पूरी टीम के साथ इस जुलूस में मौजूद रहे। थाना प्रभारी की देखरेख में जुलूस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# देर रात घर में घुसकर परिवार पर किया हमला

संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी

▸▸ पुजारी समेत मां व पत्नी घायल अस्पताल में कराया गया भर्ती

▸▸ मां की गंभीर हालत को देखते हुए ट्रामा सेंटर किया गया रेफर

**अमृत विचार :** गौरीगंज स्थित मां दुर्गा भवानी मंदिर स्थित शिव मंदिर के पुजारी गोरखनाथ के ऊपर जानलेवा हमला किया गया। देर रात लाठी डंडों और धारदार हथियार से लैस दबंगों ने मंदिर के पुजारी के घर में घुसकर पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में मंदिर के पुजारी समेत उसकी पत्नी और मां गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को जिला अस्पताल गौरीगंज में भर्ती कराया गया, जहां पर बुजुर्ग मां की हालत देखते हुए ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि घटना के दौरान दबंगों ने गोलियां भी चलाई थीं। पुलिस को मौके से दो खोखे भी बरामद हुए हैं।

पूरा मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के रखीपुर गांव का है। जहां स्थित शक्तिपीठ मां दुर्गा भवानी धाम में स्थित शिव मंदिर के पुजारी गोरखनाथ गिरी और गांव के ही रहने वाले विपुल सिंह में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के बाद विपुल ने अपने साथियों के साथ मिलकर मंदिर के पुजारी की पिटाई कर दी थी। हमले में पुजारी गोरखनाथ गिरी, 53 वर्ष पुजारी की पत्नी माया देवी 45 वर्ष और मां राजकुमारी 75 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गईं। आनन फानन में तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां बुजुर्ग महिला राजकुमारी की हालत गंभीर देश डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। पुजारी गोरखनाथ और उनकी पत्नी का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मां का चेहरे पर गोली लगी है। पुलिस लगातार दबंगों की खोज में जुटी हुई है।



घायल पुजारी।

# जिले के यशो कुमार ने जीता स्वर्ण पदक

**अमेठी, अमृत विचार :** अमेठी में भी अब युवाओं में जिम का शौक बढ़ता जा रहा है और अमेठी से निकलकर अब इस खेल में भी प्रतिभाशाली युवाओं ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। अमेठी के शाहगढ़ के कपूर पुर गांव के रहने वाले यशो कुमार ने ऑल इंडिया डेडलिफ्ट और बेंच प्रेस चैंपियनशिप 2024 महिला पुरुष प्रतिस्पर्धा में 66 किलो की कैटेगरी में बेंच प्रेस में स्वर्ण हासिल किया है। वहीं डेडलिफ्ट में सिल्वर हासिल किया है। यह प्रतियोगिता नोएडा में फैमिली फिटनेस फन के द्वारा 15 तारीख को आयोजित की गई थी।



पदक के साथ यशो कुमार। अमृत विचार

# कान्हा गौशाला का किया निरीक्षण

**अमेठी, अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने आज संयुक्त रूप से कान्हा गौशाला अमेठी का स्थलीय निरीक्षण कर गोवंशों के सापेक्ष चारा, भूसा, पशु आहार व स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता का जायजा लिया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित केयरटेकरों को गोवंशों को नियमित रूप से भरपेट चारा खिलाने तथा गौशाला परिसर में पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, केयरटेकरों से उन्होंने उनके भुगतान आदि के संबंध में भी जानकारी ली।

# भेटुआ सीएचसी का निरीक्षण, बीपीएम का रोका वेतन

**भेटुआ, अमेठी, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंशुमान सिंह ने भेटुआ ब्लॉक स्थित सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भेटुवा का निरीक्षण किया। जिसमें बीपीएम जटाशंकर पांडे 30 अगस्त से लगातार अनुपस्थित चल रहे थे, जिनका उन्होंने वेतन रोक दिया।

अस्पताल में साफ सफाई और ओपीडी, इमरजेंसी संबंधित जानकारियां डॉक्टरों से बात करके ली। साथ ही छोटे बच्चों की सेहत को भी देखा। आशा बहुओं से भी बात की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए आयुष्मान भारत योजना प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित है एवं इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड धारक को 5,00,000 तक की स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए आयुष्मान कार्ड होना जरूरी है। सोमवार को ग्राम संडीला उपकेंद्र सेमरा उदित नारायण के घर का भ्रमण किया। 33 दिन के बच्चे का एचबीएनसी परीक्षण किया।

समस्या | आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से विभाग बेखबर

# जगदीशपुर–अयोध्या सड़क पर चलना हुआ जानलेवा

संवाददाता, जगदीशपुर, अमेठी

**अमृत विचार :** हाइवे से कस्बा होकर अयोध्या जाने वाली सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। सड़क पर जानलेवा गड्ढे बन गए हैं, जिससे आवागमन अत्यंत कठिन और जोखिमपूर्ण हो गया है।

स्थानीय निवासियों के साथ साथ आने जाने वाले लोगों के लिए सड़क मुसीबत का सबब बनी हुई है। सड़क के आसपास बसे हनुमानगंज चौराहा, मंगौली पूरे, सोहर सिंह, निहालगढ़ रेलवे स्टेशन, सिंह मार्केट, मौर्य मार्केट, जगदीशपुर चौराहा, पुलिस बूथ, पेट्रोल टंकी के सामने स्थित थाना जगदीशपुर, शिव पैलेस बाजार मुबारकपुर और सरेसर गांव तक के लोग आते जाते रहते हैं। इस समस्या ने व्यापारियों का जीवन दूभर बना दिया है। बारिश के दौरान सड़कों पर जलभराव हो जाता है, जिससे आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। स्थानीय निवासी कई बार इस सड़क की मरम्मत के लिए गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

क्षेत्रीय निवासी रामगोपाल तिवारी ने बताया कि सड़क हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन इसकी हालत इतनी दयनीय हो चुकी है कि हमें प्रतिदिन इससे गुजरने में भय महसूस होता है। हम प्रशासन से अपील करते हैं कि इस सड़क की शीघ्र मरम्मत की जाए।

गुंजन गुप्ता ने बताया कि सड़क की खराब हालत के कारण ग्राहक अब दुकान तक आने से कतराते हैं। इसका सीधा असर हमारे व्यापार पर पड़ रहा है। प्रशासन से हमारी गुजारिश है कि इस समस्या का समाधान शीघ्र हो।

सूक्ष्म पाण्डेय ने बताया कि बरसात के दिनों में इस सड़क पर चलना बहुत मुश्किल हो जाता है। बच्चों को स्कूल जाने में भी दिक्कतें होती हैं। हम चाहते हैं कि प्रशासन इस सड़क को प्राथमिकता के आधार पर सुधारने के कदम उठाए।

पवन कुमार गिरी ने बताया कि सड़क पर गाड़ी चलाना अब जोखिम भरा हो गया है। गड्ढों की अधिकता के कारण किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। हरि बबन सिंह ने बताया कि सड़क की दुर्दशा देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि इसे प्रशासन द्वारा पूरी तरह उपेक्षित कर दिया गया है। हमें आशा है कि प्रशासन इस ओर शीघ्र ध्यान देगा। अंशुमान त्रिपाठी ने बताया कि कॉलेज जाने के लिए हमें इस सड़क का उपयोग करना पड़ता है, जो अब अत्यंत कठिन हो गया है।



सड़क पर गड्ढों में जलभराव के बीच से गुजरते वाहन। अमृत विचार

### डिजिटल मंच पर मनाया गया हिंदी दिवस

**अमेठी, अमृत विचार :** विदेशों में हिन्दी का प्रचार-प्रसार तेजी के साथ बढ़ रहा है। हिन्दी के पाठक बढ़ रहे हैं। विभिन्न प्रदेशों के भारतीय जब आपस में मिलते हैं तो वे हिन्दी में बात करते हैं। विदेशों में हिन्दी का भविष्य उज्जवल है।

उक्त बातें ओस्लो नार्वे में स्पाइल-दर्पण पत्रिका के संपादक एवं अग्रणी प्रवासी साहित्यकार सुरेश चन्द्र शुक्ल 'शरद आलोक' ने अपने स्वागत भाषण में कहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. निर्मला एस. मौर्य (पूर्व कुलपति, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर) ने कहा कि हिन्दी हमारी अस्मिता की पहचान है। हिन्दी को समृद्ध बनाये रखना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है।

# रास्ते के विवाद में दबंगों ने लाठी–डंडे से किया हमला

फुरसतगंज, अमेठी

▸▸ बांस-बल्ली बांधकर आम रास्ता किया बाधित

**अमृत विचार।** फुरसतगंज थाना क्षेत्र के पूरे मेहरबांन मजरे महमदपुर में गांव के दबंगों द्वारा आम रास्ता बाधित किया जा रहा, जिससे रास्ते से निकलने वाले ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेहरबान गांव की चन्द्र कला पत्नी चतुरी ने थाने में लिखित तहरीर देकर बताया कि गांव के दबंग किस्म के शिव प्रसाद पुत्र जंगा, देशराज पुत्र शिव प्रसाद, अशोक पुत्र किशुन, आदि लोगों ने सार्वजनिक रास्ते पर बांस बल्ली आदि बांधकर पूरा रास्ता जाम कर दिया गया तथा इन्हीं लोगों के द्वारा लाठी डंडे व ईंट पत्थर चलाकर मारपीट की गई, जिससे उनके पुत्र सुनील व पुत्री प्रियंका को गंभीर चोटें आईं हैं। वहीं मौके पर अगर समय से स्थानीय पुलिस प्रशासन न पहुंचता तो मामला और बढ़ जाता, स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कराया तथा बाधित रास्ते से बांस बल्ली खोदवाकर रास्ता साफ कराया। वहीं इन्हीं दबंगों द्वारा चार दिन पूर्व आम रास्ते में घास फूस की टट्टर बांधकर आम रास्ता बाधित कर रखा है, जिससे निकलने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। पीड़ित परिवार ने उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई थी।

# शिक्षा के क्षेत्र में बीडी दुबे का अमूल्य योगदान

## स्वर्गीय पं. भगवानदीन दुबे की जयन्ती में बोले लद्दाख के उप राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्र

लालगंज, प्रतापगढ़

**अमृत विचार** : पहाड़पुर स्थित बीडी दुबे इण्टर कालेज में सोमवार को संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय पं. भगवानदीन दुबे की जयन्ती भव्य समारोह के साथ मनायी गयी। शुभारंभ लददाख के उप राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्र व डीएम संजीव रंजन ने स्व. भगवानदीन दुबे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

मुख्य अतिथि उप राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्र ने विद्यालय में नवनिर्मित भूगोल प्रयोगशाला के भवन का लोकार्पण,शिक्षकों एवं समाजविदो को सम्मानित किया। उनकी धर्मपत्नी नीलम मिश्रा ने मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। उप राज्यपाल ने पं. भगवानदीन दुबे के कृतित्व व व्यक्तित्व पर आधारित शिक्षक ज्ञानप्रकाश उपाध्याय के प्रधान संपादन में पुस्तक का विमोचन किया। उप राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्र ने कहा कि 1942 में स्व. पं.बीडी दुबे द्वारा ग्रामीण अंचल में शिक्षण संस्थान,अस्पताल व डाकघर का निर्माण कराकर अमूल्य योगदान दिया है। विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में सफलता के लिए अपने सुनिश्चित ध्येय में लगन तथा संकल्पबद्धता व मेहनत का समावेश होना चाहिए। देश की बढ़ रही वैश्विक पटल पर प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त नेतृत्व का भी बखान किया। कहा कि लददाख में अमन व चैन के साथ अब निर्माण एवं विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। भारतीय सेना द्वारा लड़े गये सभी युद्धों में शौर्य का बखान करते हुए कहा कि सशक्त सेना देश की सीमाओं की हिफाजत करने में पूरी तरह सक्षम है।


लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्र का स्वागत करते भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह। अमृत विचार

अध्यक्षता डीएम संजीव रंजन ने किया। समारोह को पूर्व विधायक बृजेश मिश्र सौरभ, वरिष्ठ भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल, अरूण सिंह ने भी संबोधित करते हुए स्व. भगवानदीन दुबे के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। समारोह में उप राज्यपाल ब्रिगेडियर बीडी मिश्र ने अवकाश प्राप्त शिक्षक विश्राम मिश्र, प्रेमचन्द्र तिवारी,अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रबन्धक नवीन दुबे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वर्गीय भगवानदीन दुबे के दिखलाये रास्ते पर विद्यालय के चतुर्दिक विकास का संकल्प जताया। प्रधानाचार्य अखिलेश पाण्डेय ने वार्षिक आख्या प्रस्तुत की। सह संयोजक नरेन्द्र तिवारी ने आभार प्रकट किया।

## तुम्हारे हाथ में छाले पड़े हैं, तो फिर रोटी के क्यों लाले पड़े हैं...


अष्टभुजा नगर में आयोजित गोष्ठी में काव्यपाठ करते साहित्यकार सुनील प्रभाकर।

**तुलसी शोध संस्थान व संस्कार भारती द्वारा आयोजित हुई काव्य संध्या और विचार गोष्ठी**

**प्रतापगढ़, अमृत विचार** : हिंदी पखवाड़ा पर तुलसी शोध संस्थान व संस्कार भारती के संयुक्त तत्वावधान में अष्टभुजा नगर में काव्य व विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार पांडेय, विशिष्ट अतिथि एलडीएम गोपाल शेखर झा,गजलकार राजमूर्ति सिंह सौरभ ने मां सरस्वती, महाकवि तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

साहित्यकार सुनील प्रभाकर की वाणी वंदना से काव्य गोष्ठी शुरू हुई। जौनपुर से आए निर्मल नदीम ने प्रेम के पथ पर कौन मुझे मिला सुनाकर तालियां बटोरी प्रोफेसर ऊषा त्रिपाठी ने हिंदी के वर्तमान परिवेश पर चर्चा की। कवि शीतल सुजान ने उबड़ खाबड़ पथरीली राहों पर चल चलना सीखो, जीवन जीना है तो नदियों सा बहना सीखो। इं. चंद्रकांत त्रिपाठी शाश्वत ने याद करना ना तुम, याद आना ना तुम, बात होठों तलक लाना ना तुम सुना कर समां बांधा। डॉ.अनुज नागेंद्र ने बहुत सुंदर सुखद संसार हिंदी का,आइए मिलकर करें सत्कार हिंदी का। दूसरी रचना तुम्हारे हाथ में छाले पड़े हैं,तो फिर रोटी के क्यों लाले पड़े हैं। बड़े ही नाज से पाला था जिनको,उन्हीं बच्चों के अब पाले पड़े हैं सुनाकर सामाजिक विसंगतियों पर चोट किया। डॉ. बच्चा बाबू ने सस्वर गीत सुना कर तालियां बटोरी। सुरेश संभव ने सामाजिक स्थिति पर पढा कि नागफनी शोभा बनी, तुलसी पड़ी उदास, कार्लमार्क्स के सामने बौने कालिदास।

## शान-ओ-शौकत के साथ निकला ईद मिलादुन्नबी का जुलूस

**नैनी, प्रयागराज, अमृत विचार** : सोमवार को नैनी में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस अपनी शानोशौकत के साथ निकला गया। पूरे देश में इस्लाम के आखरी पैगम्बर मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश का जुलूस बड़े धूम धाम से निकाला गया।

जुलूस नैनी के गंजिया, मुरादपुर, अरैल, क़र्बला, फ़तेह मिया का पुरवा, शाह जी का पुरा, ए डी ए, पी ए सी, महेवा इंदलपुर से आकर अरैल मोड़ पर इकट्ठा होकर एक सफ में पैगम्बर साहब के ऊपर दारूद पढ़ते हुए उनकी हमदोसना करते हुए डीजे व झांकी लेकर पैदल चकदोंदी के रास्ते होते हुए स्टेशन रोड से बाजार होते हुए शंकरढाल से अरैल मोड़ आकर फातिहा पढ़ी। वही जुलूस मे हर एक क्षेत्र के आशिके रसूल को सम्मानित भी किया गया। जुलूस में आये हुये अकीदतमंदों ने अमन चैन का पैगाम देते हुये भारत देश की तरक्की का व आपसी भाई चारे बना रहे इसकी दुआ की फिर जुलूस की रवानगी की। जुलूस में सांसद उज्जवल रमन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कारी युसूफ, कारी अय्यूब, आलिम, नाजिम खान, पार्षद राकेश जायसवाल, हासिम खान, मो. अनस, मो अरशद, मोहम्मद तारिक आदि मौजूद रहे।


बारावफात के जुलूस में ध्वज लेकर जाते लोग। अमृत विचार

### सामाजिक सद्भाव का संदेश देता है त्योहार : अशोक

**प्रतापगढ़** : जिले में सोमवार को पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिन ईद-ए- मिलाद- उन-नबी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों बड़ी संख्या में समुदाय के लोगों ने बाइक पर सवार होकर जुलूस निकाला। जगह - जगह अकीदतमंदों ने लंगर बांटे। कटरा गुलाब सिंह बाजार में गाजेबाजे के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोगों को सम्बोधित करते हुए नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के अध्यक्ष अशोक कुमार मुन्ना यादव ने बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व सामाजिक सद्भाव और एकजुटता का सन्देश देता है। परियावां,नवाबगंज सहित क्षेत्र में मोहम्मदी जुलूस निकला गया। रात में महफिल मिलाद जलसा और अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किया गये। इस दौरान मुग्गन अली मंसूरी,नवाब हसन अस्करी बदर,लाल मोहम्मद भाई जी मोहम्मद मियां,टिक्कू अंसारी,अच्छन अली मंसूरी, जिला पंचायत सदस्य अनुज सोनकर,शाह आलम, मुश्ताक अहमद, मुजीब अहमद,शरीफ बालवर नजरुल आरफीन,इंतखाब आलम, मुस्तकीम, इदरीसी,इकलाख इदरीसी, मोहम्मद हसनैन आदि रहे।

## पीएचसी ड्रमंडगंज को सीएचसी बनाने की मांग

**ड्रमंडगंज के व्यापारी प्रतिनिधि मंडल ने केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल से की मुलाकात**

**हलिया (मिर्जापुर)** : ड्रमंडगंज क्षेत्र के व्यापारी समाज का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल से मुलाकात किया उनको पुष्प गुच्छ भेंट किया और क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मांग पत्र दिया। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

ज्ञात हो कि संजीव कुमार गुप्ता और देवहट -ड्रमंडगंज के ग्राम प्रधान कौशलेंद्र कुमार के नेतृत्व में तारकेश्वर केशरी ,संजय सिंह ,इंदु पटेल सहित व्यापारी समाज का एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल से मुलाकात किया और क्षेत्र की समस्याओं को उनसे साझा किया। जिसमें प्रमुख रूप से स्थानीय नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जो सुबह से 2:00 बजे तक अपनी सेवा देता है जिसके कारण लगभग 15 किलोमीटर क्षेत्र के नागरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर परेशान रहते हैं फिर भी उनका समुचित इलाज नहीं हो पाता। गंभीर रोगियों के लिए समस्या और भी विकराल हो जाती है क्योंकि ड्रमंडगंज से जनपद मुख्यालय लगभग 55 किलोमीटर है।ज्ञात हो कि ड्रमंडगंज की घाटी अति संवेदनशील है। प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं लेकिन उचित उपचार ना होने के कारण आकस्मिक मौतें होती हैं। इन सारी समस्याओं को देखते हुए प्रतिनिधि मंडल ने मांग किया कि स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उच्चीकरण किया जाए जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निस्तारण हो सके। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने इस पर विचार करने का आश्वासन दिया है।

स्थानीय चौराहे से गड़बड़ा धाम जाने वाले मार्ग पर नाली के पानी का कहीं निस्तारण न होने के कारण चौराहे पर गंदगी युक्त बदबूदार की कीचड़युक्त जलभराव रहता है इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आवागमन स्थानीय निवासियों का आवागमन होता है और इस पानी से होकर गुजरना पड़ता है यह समस्या पीडब्ल्यूडी के होने के कारण अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है इसके लिए केंद्रीय राज्य मंत्री को प्रार्थना पत्र दिया गया। प्रतिनिधि मंडल को मंत्री ने आश्वासन दिया है कि इस पर कार्रवाई किया जाएगा।

## 24 घंटे में एक मीटर बढ़ा गंगा का जलस्तर

**परियावां, प्रतापगढ़, अमृत विचार** : गंगा नदी का जलस्तर पिछले कुछ दिनों से बढ़ रहा है। इससे गंगा नदी के किनारे तराई में बसे लोग व प्रशासनिक अधिकारी सतर्क हो गए हैं। 24 घंटे में कालाकांकर एवं नवाबगंज घाट पर एक मीटर से अधिक गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। इससे लोगों में खलबली मच गई है।

रायबरेली सीमा बहादुरपुर से लेकर प्रयागराज की सीमा जहानाबाद तक करीब 40 किलोमीटर तक गंगा नदी का क्षेत्र है। लगातार हो रही बारिश के कारण गंगा में फिर से उफान आने लगा है। अफसरों ने तराई क्षेत्र के लोगों से सावधान रहने की अपील की है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि अभी खतरे जैसी कोई बात नहीं है। गंगा नदी का जल स्तर बढ़ने से सोनामऊ, पीरानगर, नवाबगंज, संग्रामपुर आदि गांवों के तराई क्षेत्र के किसानों की सैकड़ो एकड़ फसल बर्बाद हो सकती है। बढ़ते जल स्तर को देखते हुए तहसील प्रशासन अलर्ट मोड में है। बढ़ते जलस्तर पर नजर रखने के लिए राजस्व कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं। थानाध्यक्ष नवाबगंज धीरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि अभी किसी तरह के खतरे की आशंका नहीं है।

कार्यक्रम

**भारत विकास परिषद शौर्य ने राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का किया आयोजन**

## प्रतियोगिताओं से बच्चों का होता है छात्रों का रचनात्मक विकास


प्रतियोगिता में पुरस्कृत किए गए छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**जौनपुर, अमृत विचार** : भारत विकास परिषद शौर्य के संस्थापक अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय के नेतृत्व में तिलकधारी महाविद्यालय के बलरामपुर सभागार में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अतिथियों के द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्पार्पण और दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। महिला संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव ने वन्दे मातरम गीता गाया।

संस्थाध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय ने सभी का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में संस्था द्वारा पिछले वर्ष से निरंतर किये गये कार्यों के विषय में बताया और इस राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता के विषय में बताया कि यह प्रतियोगिता पूरे राष्ट्र में आयोजित की जाती है और सबसे पहले जि ला इकाई के जीते हुए बच्चे प्रान्त में फिर क्षेत्र में और फिर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नगर अरविन्द वर्मा ने शौर्य के कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता से बच्चों का रचनात्मक विकास होता है। इन गीतों के माध्यम से सिर्फ संगीत का प्रदर्शन नहीं हो रहा है बल्कि राष्ट्र जागरण का कार्य हो रहा है। विशिष्ट अतिथि आईएमए अध्यक्ष डा. अरूण कुमार मिश्र ने बताया कि मैं इस संगठन के उदय के प्रारम्भ से ही जुड़ा हूं और अध्यक्ष डा. सन्दीप पाण्डेय के नेतृत्व में किये गये सभी कार्यक्रम अत्यन्त सराहनीय होते हैं। निर्णायक मण्डल के रूप में उपस्थित संगीत शिक्षक पं. सूर्य प्रकाश मिश्र बल्ला, प्रज्ञा मिश्रा तथा श्याम मोहन मिश्र के द्वारा निर्णय लिया गया। पं. सूर्य प्रकाश मिश्र के द्वारा विजयी विद्यालयों का नाम घोषित किया गया जिसमें डीबीएस इण्टर कालेज को प्रथम, मां दुर्गा जी विद्यालय सिद्दीकपुर को द्वितीय और बीआरपी इण्टर कालेज को तृतीत स्थान प्राप्त हुआ। विजयी छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड और सभी प्रतियोगी बच्चों को संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया।

एक नजर

### नकाबपोश बदमाशों ने दादी और पोते को मारी गोली

**जौनपुर** : नाईगंज मोहल्ले में बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने घर में घूसकर दादी पोता को गोली मारकर फरार हो गए। दोनों घायलों की हालत नाजुक देखते हुए बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया गया है। नाईगंज मोहल्ले के निवासी शनि यादव उसकी दादी कमला यादव घर मे थी। दिन में करीब साढ़े 11 बजे बाइक पर सवार नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोलकर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर फरार हो गए, बदमाशों की गोली शनि यादव के पीठ में तथा कमला देवी के पैर में गोली लगी है। दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया जहां पर हालत नाजुक देखते हुए वाराणसी ट्रामा सेंटर भेज दिया गया है।

### पशु पालक की आठ बकरियां चोरी

**हलिया (मिर्जापुर)** : लालगंज के बरौंधा चौकी क्षेत्र के हथिया बांध का निवासी जैनुल आब्दीन की आठ बकरी रात्रि में चोर उठा ले गए। पशुपालक जैनुल का कहना है शाम के समय खिला-पिला के बकरियों को घर के अंदर बांधा था वहीं बगल में घर के लोग सोए हुए थे। रात में किसी समय सो रहे पशुपालक के परिवार व बकरियों को कोई नशीली दवा सुंघा कर पशु पालक की आठ बकरियों को चोर उठा ले गए। घटना की सूचना पशुपालक ने पुलिस चौकी को दे दी। पुलिस ने मौके पर जाकर छानबीन की।

### नरेंद्र गिरि की पुण्यतिथि पर पूजन और भंडारा कल

**प्रयागराज**। श्रीमठ बाघंबरी पीठाधिश्वर महंत बलबीर गिरी जी महाराज ने बताया की अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि की पुण्यतिथि पर बाघम्बरी मठ में 18 सितंबर को बड़ा कार्यक्रम होगा। इस दौरान महंत की समाधि पर 100 से अधिक ब्राह्मण वैदिक मंत्रों से पूजन व अभिषेक करेंगे, इसके बाद उनके नाम पर भंडारे का आयोजन होगा। हिन्दी तिथि के हिसाब से उनकी पुण्यतिथि अश्विनी कृष्णपक्ष के पहले दिन होगी। ऐसे में उनकी पुण्यतिथि इस बार 18 सितंबर को पड़ रही है।

### हिन्दी पखवारे के अन्तर्गत कवि सम्मेलन आयोजित

**बारा** : विकासखंड शंकरगढ़ अन्तर्गत लोनीपार में हिन्दी पखवारा कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि पं रामकैलाश मिट्ठू और संचालन हास्य कवि ठाकुर इलाहाबादी ने किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रकाश टेंट हाउस लोनीपार ओर आदर्श गणेशोत्सव समिति के सदस्यों ने मां सरस्वती को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात समस्त सम्मानित कवियों का माल्यार्पण और स्वागत किया गया। संतकवि अक्षय शिवम शुक्ल, अतुल शर्मा रूद्र प्रसाद केसरवानी मनचले, रामसुरेश अनजाना आदि कवियों ने हिन्दी पर समर्पित रचनाएं प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रकाश केवट, रामसिया फौजी, फूलचंद यादव, महीप कमलाकर सिंह सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने गणेश का किया पूजन अर्चन

**हलिया (मिर्जापुर)**। ड्रमंडगंज बाजार के रामलीला वाली गली में स्थापित भगवान श्री गणेश के पंडाल में जाकर भाजपा के जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने पूजन अर्चन किया और उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने चैराहे पर जाकर जिला अध्यक्ष बृजभूषण सिंह का पूरे जोशो-खरोश के साथ स्वागत किया ।रामलीला मैदान में स्थित रामलीला स्टेज पर स्थापित भगवान श्री गणेश का पूजन अर्चन किया तत्पश्चात कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में विपुल सिंह, ज्ञानेश्वर दुबे, संजीव केसरी, कुलदीप सरोज, धीरज केसरी आदि शामिल थे।

सार-संक्षेप

### संस्था की नींव होते हैं पूर्व अध्यक्ष : डॉ. रागिनी सोनकर


कार्यक्रम को संबोधित करतीं विधायक डॉ. रागिनी सोनकर। अमृत विचार

**जौनपुर** : जिले की सबसे पुरानी 60 वर्षीय जेसीआई संस्था अपने पूर्व अध्यक्षण के सम्मान में महान दिवस कार्यक्रम नगर के एक प्रतिष्ठित होटल में आयोजित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष आशुतोष जायसवाल ने किया। अध्यक्ष ने पूर्व अध्यक्षगणों के साथ सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मछलीशहर की विधायक डा. रागिनी सोनकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी संस्था के पूर्व अध्यक्ष संस्था की नींव होते हैं। जेसीआई संस्था अपने पूर्व अध्यक्षगणों का सम्मान कर समाज में एक संदेश देने का कार्य कर रही है, विशिष्ट अतिथि उद्योगपति नन्हें लाल वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जेसीआई समाज में व्याप्त बुराइयों पर समाज को जागरूक करती है, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष राघेश्याम जायसवाल ने अपने उद्बोधन में अध्यक्ष के साथ 2024 की पूरी टीम को उनके कार्यों के लिए बधाई दिया, कार्यक्रम का प्रारंभ सीमा चक्रवाल के आरस्थापाठ से शुरू हुआ, तत्पश्चात सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन किया पूर्व अध्यक्ष शकील अहमद और अरुण सिंह ने संस्था में अनुशासन को सख्ती से पालन के लिए निर्देशित किया, और जेसीआई सप्ताह में संस्था द्वारा किए गए कार्यों की सराहना किया। जेसीआई सप्ताह में किये गए कार्यों के विषय में सप्ताह चेयरमैन अन्जनी प्रजापति ने विस्तार से बताकर अतिथियों द्वारा सभी संयोजक को अवार्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

### पीएम आवास के 1,530 लाभार्थी आज करेंगे गृहप्रवेश

**प्रतापगढ़** : 1530 लाभार्थियों के प्रधानमंत्री आवास का उद्घाटन और गृह प्रवेश मंगलवार को अधिकारी कराएंगे। इसके अलावा 170 नए लाभार्थियों के बैंक खाते में पीएम आवास की पहली किस्त के रूप में शासन से सीधे 40-40 हजार रुपये भेजे जाएंगे। इसके लिए प्रशासन की ओर से जिले के सभी 17 ब्लॉक मुख्यालयों पर समारोह होगा। प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए मंगलवार को प्रशासन की ओर से प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर समारोह होगा। इसके लिए परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव के निर्देश पर सभी बीडीओ और एडीओ पंचायत ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया। समारोह में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। पीएम आवास के लाभार्थियों को दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्बोधित करेंगे। इसके बाद पीएम आवास के लाभार्थियों का विधि विधान से गृह प्रवेश कराया जाएगा और नए लाभार्थियों के बैंक खाते में आवास निर्माण के लिए पहली किस्त के 40 हजार रुपये ट्रांसफर किए जाएंगे।

### पैर फिसलने से तालाब में गिरा किशोर

**नैनी, प्रयागराज**। मेजा थाना क्षेत्र के नेवडिया गांव निवासी शिवा (14) पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा अपने ननिहाल करछना थाना क्षेत्र के देहली भगेसर गांव आया था। ननिहाल में घूमने के दौरान वह तालाब में पैर धोने के लिए गया तो फिसल गया। इससे वह गहरे पानी में समा गया। इसकी जानकारी होने पर लोगों की भीड़ वहां जमा हो गई। लोगों ने प्रयास किया लेकिन शिवा का कुछ पता नहीं चला। जल पुलिस की सूचना पर सोमवार को 42वीं वाहिनी पीएसी नैनी के बाढ़ राहत दल ने शव की तलाश शुरू की। दल नायक मिथिलेश कुमार राय के निर्देशन में सर्च अभियान चलाया गया। हेड कॉन्स्टेबल ऋषिकेश राय, कॉन्स्टेबल दीपक जायसवाल, दिनेश कुमार, विकास राज, संतोष सरोज ने दो घंटे की मशक्कत के बाद शिवा का शव बरामद कर लिया।

### महाकुंभ में बनेगी तीन पुलिस लाइन, भूमि पूजन संपन्न

**प्रयागराज**। संगमनगरी में लगने वाले महाकुंभ 2025 की तैयारी पूरी तरह से तेज हो गई है। सोमवार को मेला क्षेत्र में स्थापित होने वाली रिजर्व पुलिस लाइन का भूमि पूजन वैदिक मंत्रोचार के साथ किया गया। साधु-संतों की मौजूदगी में भूमि पूजन कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। पूजन में पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा समेत सभी अधिकारी पूजा में मौजूद रहे। मेला क्षेत्र में तीन पुलिस लाइन बनेगी। इसमें बैरक, अर्दली रूम, आदेश कक्ष, परेड, प्रशिक्षण केंद्र होंगे। महाकुंभ के लिए इस बार काफी बड़ा स्थान चिन्हित किया गया है। ऐसे में थानों की संख्या और उनके कार्य क्षेत्र भी बढ़ाये गये है। फिलहाल मेला में 56 थाने बनाये जाएंगे। चौकियों की बात करें तो 155 पुलिस चौकियां इस बार तौयार होंगी। इस मौके पर एडीजी भानु भास्कर, आईजी प्रेम गौतम, मेला अधिकारी विजय किरन आनंद, एसपी मेला डीसीपी अभिषेक भारती नीरज पांडेय, डीसीपी सिटी अभिषेक भारती, डीसीपी गुणावत, डीसीपी विवेक यादव, एसएसपी राजेश द्विवेदी, एएसपी व्यवस्थापन प्रवीण चौहान, एएसपी सुरक्षा असीम चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक यात्रायात कुलदीप सिंह, अशुमान आदि मौजूद रहे।

### ऑनलाइन सामान की डिलिवरी में हेराफेरी, 3 गिरफ्तार

**प्रतापगढ़** : ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी की सामान डिलिवरी की फ्रैंचाइजी लेकर सामान, रुपये हड़पने वाले तीन लोगों को साइबर थाना और मानधाता पुलिस ने गिरफ्तार किया। उक्त लोग कंपनी के सामान का आर्डर निरस्त कराकर सामान अपने पास रख लेते थे। पुलिस ने पार्सल के 12 मोबाइल, 2 कैमरा और 1 लैपटॉप बरामद कर तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। पुलिस लाइन स्थित सई कॉम्प्लेक्स में एसपी डॉ. अनिल कुमार ने सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि देहात कोतवाली क्षेत्र के रामपुर मुस्तर्का के रजत मिश्र ने मानधाता थाने के बगल एक निजी कंपनी की सर्विस प्रोवाइडर की फ्रैंचाइजी ली थी। उसमें मानधाता के बुआपुर निवासी राजकमल पटेल और जेठवारा थाना क्षेत्र के हिन्दूपुर हैंसी परजी निवासी अमित सिंह काम करते थे। कुछ दिन बाद यह लोग कस्टमर से ओटीपी लेने के बाद पार्सल डिलिवरी अटेम्ट दिखाकर निरस्त कराने लगे। जिन सामान का भुगतान ऑनलाइन पहले हुआ रहता था उसे भी कैंसिल कराकर अपने पास रखने लगे। एसपी ने बताया कि कंपनी सरोजनीनगर लखनऊ के मैनेजर अमरेश शर्मा ने 14 जुलाई को इस सम्बन्ध में मानधाता थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की जांच कर रहे साइबर थाना एसओ श्रवण कुमार सिंह ने शनिवार शाम मानधाता के बुआपुर के पास से तीनों आरोपियों राज कमल, रजत मिश्र और अमित सिंह को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को सोमवार को जेल भेज दिया गया।

### पुराना थाना के पास से निकला बारावफात का जूलूस



**हलिया (मिर्जापुर)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा, परसिया खुर्द, खम्हरिहा कला, मनिगढा, राजपुर, धमौली, महुगढ, पंवारी खुर्द, गौरवा गांव में सोमवार को हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश बारह रबीउल अव्वल के मौके पर जुलूस निकाल कर खुशी मनाई गई। जुलूस हलिया पुराने थाना मस्जिद के पास से डीजे के साथ हलिया,हथेडा, हलिया बाजार, ब्लाक रोड भटवारी आदि गांवो में भ्रमण कर मस्जिद पर पंहुचकर सकुशल संपन्न हुआ। लालगंज थाना क्षेत्र के रामपुर वासिद अली लहंगपुर आदि गांवों में सोमवार को हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश बारह रबीउल अव्वल के मौके पर जुलूस निकाल कर खुशी मनाई गई। जुलूस रामपुर वासिद अली आदि गांवो में भ्रमण कर मस्जिद पर पंहुचकर संपन्न हुआ। सपा नगर अध्यक्ष मुमताज अहमद ने बताया कि पैगंबर मोहम्मद साहब के बताए तरीके पर देश के मुस्लिम जीवन यापन करते हैं।

### साहू कल्याण समिति ने प्रतिभा सम्मान समारोह किया आयोजित

**जौनपुर**। साहू कल्याण समिति ( साहू क्लब ) जौनपुर ने साहू धर्मशाला सभागार में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के उच्च अंक प्राप्त करने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं के सम्मान के लिए 29 वें प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें शिक्षा जगत से जुड़े विभिन्न विद्यालय प्रबंधकों, शिक्षकों तथा समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि राकेश राठौर "गुरु" नगर विकास राज्यमंत्री उप्र ने किया। इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्त, मुख्य वक्ता श्री रमा शंकर साहू सदस्य राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग, विशिष्ट अतिथिगण एसडीओ धर्मेन्द्र गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, सुनीता गुप्ता व अन्य मौजूद रहे।

## लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360–2800 गेहूं (के 65) 3500–3800 बाजरा 2200–2300 मक्का 2700–2800 जौ 2900–3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800–3100 चावल बासमती 7000–8000 चावल मोटा 2800–3000 चावल मन्सूरी 3200–3500 चावल शक्कर चीनी 4800–5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600–8600 चावल राजरानी 7000–7500 दाल दलहन चना देशी 6800–7000 चना फार्मी 7200–7500 चना काबली 14500–17000 मटर हरा 6000–620 मटर सफेद 6100–6500 दाल चना 8000–8400 दाल मटर 6400–6500 उड़द हरा 12000–12500 उड़द काला 9000–9500 दाल उड़द हरी 15500–16000 दाल उड़द काली 10500–11000 दाल उड़द धोवा 12000–12500 मूंग खड़ा 10000–10500 मूंग दाल 10500–11000 मूंग धोवा 12000–13000 मसूर 8800–9000 मलका 9000–9500 दाल अरहर फूल 16000–17000 दाल स्पेशल 13000–14000 राज्मा सफेद 13000–14000 राज्मा काला 11500–12500 मूंगफली का दाना 11000–12000 तेल तिलहन अलसी 5310–5510 लाही 4800–5200 काली सरसों 4900–5300 पीली सरसों 5600–5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475–1900 तेल अलसी 2600–2700 तेल तिल्ली 2600–2700 तेल मूंगफली रिफाइंड 3400–3500 तेल नारियल 2700–2800 तेल सोयाबीन 1650–1700 वनस्पति घी 1900 रस 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड़ लड्डू 5200 मैदा 3000–3100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 74,950 |
| सोना रवा | 74,800 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखी जाएगी सौर क्रांति : मोदी

## वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक बैठक एवं प्रदर्शनी री-इनवेस्ट 2024 के चौथे संस्करण को किया संबोधित

- **प्रधानमंत्री बोले- हमारे लिए हरित भविष्य और शुद्ध शून्य उत्सर्जन केवल दिखावटी शब्द नहीं**

गांधीनगर, एजेंसी



चौथे री-इन्वेस्ट 2024 को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि सरकार ने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में देश की तेज प्रगति के लिए हर क्षेत्र और कारक पर ध्यान देने की कोशिश की है। उन्होंने गांधीनगर में वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक बैठक एवं प्रदर्शनी री-इनवेस्ट 2024 के चौथे संस्करण को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि न केवल देशवासियों बल्कि पूरी दुनिया को लगता है कि भारत 21वीं सदी के लिए सबसे अच्छी जगह है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की विविधता, पैमाना, क्षमता, संभावना और प्रदर्शन अद्वितीय है और यही कारण है कि मैं वैश्विक अनुप्रयोग के लिए भारतीय समाधान कहता हूं। उन्होंने री-इन्वेस्ट 2024 में कहा कि हमारे लिए हरित भविष्य और शुद्ध शून्य उत्सर्जन केवल दिखावटी शब्द नहीं हैं। ये देश की जरूरतें हैं। सरकार अयोध्या और 16 अन्य शहरों को मॉडल सौर शहर के रूप में विकसित कर रही है। भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए अपनी ऊर्जा जरूरतों को समझता है और चूंकि देश के पास अपने तेल और गैस संसाधन नहीं हैं, इसलिए हमने सौर, पवन, परमाणु और जल विद्युत के बल पर अपना भविष्य बनाने का फैसला किया है।

### अडाणी समूह करेगा 4.05 लाख करोड़ निवेश

अडाणी समूह ने सोमवार को कहा कि री–इन्वेस्ट के दौरान सौर, पवन और ग्रीन हाइड्रोजन जैसी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में 4,05,800 करोड़ निवेश करने का संकल्प लिया है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय को सौंपे शपथ पत्रों के अनुसार समूह की कंपनियों – अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) और अडाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) ने 2030 तक नवीकरणीय परियोजनाओं में निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है।

### 32.45 लाख करोड़ के वित्तपोषण का वादा

केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी ने निवेशकों से भारत में निवेश का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने हरित परियोजनाओं में 32.45 लाख करोड़ के वित्तपोषण की प्रतिबद्धता जताई है। जोशी ने कहा कि हमें 2030 तक 500 गीगावाट के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ ही डेवलपर, निर्माताओं और वित्तीय संस्थानों से भारी प्रतिबद्धताएं मिली हैं।

### इस कार्यकाल में तीन करोड़ और बनाएंगे घर

सरकार के काम की गति और पैमाने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों के लिए सात करोड़ घर बनाने का निर्णय लिया गया था, जिनमें से चार करोड़ उनके दूसरे कार्यकाल में पूरे हो गए। उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में तीन करोड़ और घर बनाए जाएंगे। 12 औद्योगिक शहरों, आठ उच्च गति वाली सड़क गलियारा परियोजनाओं के निर्माण के साथ ही 15 से अधिक भारत में बनी अर्ध–उच्च गति वाली वंदे भारत रेलगाड़ियां शुरू की जाएंगी। मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक परिवहन और उच्च प्रदर्शन वाले बायो विनिर्माण के लिए कई पहल करने के अलावा 1,000 अरब रुपये के शोध कोष का प्रावधान किया है।

# 1 अक्टूबर से शुरू होगी मोटे अनाज की खरीद

- **मक्का, बाजरा व ज्वार का बढ़े मूल्य पर होगी खरीद, पंजीयन शुरू**
- **31 दिसंबर तक सुबह 9 से शाम 5 बजे तक होगी श्री अन्न की खरीद**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार।** किसानों से बढ़े हुए समर्थन मूल्य पर मोटे अनाज (श्री अन्न) की खरीद पहली अक्टूबर से शुरू होगी। इसके लिए किसानों का पंजीकरण व नवीनीकरण चल रहा है। यह खरीद 31 दिसंबर तक सुबह 9 से शाम 5 बजे तक होगी।

प्रमुख सचिव खाद्य व रसद विभाग के अनुसार इसके लिए किसानों को fcs.up.gov.in या ऐप UP KISAN MITRA पर पंजीकरण/नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। खरीद पंजीकृत किसानों से ही की जाएगी। किसान अपनी किसी भी समस्या के लिए पूर्व में जारी टोल फ्री नंबर 18001800150 से मदद ले सकते हैं। इसके अलावा वे जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक से भी संपर्क साध सकते हैं। किसानों को जिस बैंक खाते में भुगतान होगा, उसका आधार से जुड़ा होना आवश्यक है। भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में किया जाएगा। वहीं बिचौलियों को रोकने व पारदर्शिता बरतते हुए क्रय केंद्रों पर मोटे अनाज की खरीद ई-पॉप (इलेक्ट्रॉनिक प्वॉइंट ऑफ परचेज) डिवाइस के माध्यम से पहले की भांति किसानों का बायोमीट्रिक सत्यापन के जरिए ही होगी।

### यहां मक्का की खरीद

बदायूं, बुलंदशहर, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद, मैनपुरी, हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर–देहात, कन्नौज, इटावा, बहराइच, बलिया, फर्रुखाबाद, मीरजापुर, सोनभद्र व ललितपुर में मक्का की खरीद की जाएगी।

### बाजरा खरीद वाले जनपद

बदायूं, बुलंदशहर, बरेली, शाहजहांपुर, रामपुर, संभल, अमरोहा, अलीगढ़, कासगंज, एटा, हाथरस, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर–देहात, इटावा, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, गाजीपुर, बलिया, मीरजापुर, जालौन, चित्रकूट, प्रयागराज, कौशांबी, जौनपुर, फतेहपुर

### यहां होगी ज्वार की खरीद

बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, कानपुर नगर–देहात, फतेहपुर, उन्नाव, हरदोई, मीरजापुर व जालौन में ज्वार की खरीद होगी।

### सरकार ने बढ़ाया है न्यूनतम समर्थन मूल्य

श्रीअन्न को बढ़ावा देने के साथ ही सरकार ने इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाया है। मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2225 रुपये प्रति कुंतल, बाजरा का 2625 रुपये प्रति कुंतल, ज्वार (हाइब्रिड) का 3371 व ज्वार (मालवांडी) का 3421 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है।

# यूपी इक्विटी योजनाओं का बड़ा खिलाड़ी

- **कुल निवेश में म्यूच्युअल फंड की इक्विटी उन्मुख योजनाओं का हिस्सा 75.86 फीसदी**
- **एसेट अंडर मैनेजमेंट के मामले में उत्तर प्रदेश देश में छठे स्थान पर जोखिम उठाने में अव्वल**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** म्यूच्युअल फंड की इक्विटी उन्मुख योजनाओं में निवेश के मामले में उत्तर प्रदेश को खतरों का खिलाड़ी कहा जा सकता है। म्यूच्युअल फंड हो या शेयर बाजार अपना प्रदेश निवेश की कुछ अलग ही पटकथा लिख रहा है। इसे इस बात से समझा जा सकता है कि एयूएम (एसेट अंडर मैनेजमेंट) के मामले में देश में छठे स्थान पर काबिज प्रदेश कुल निवेश का 75.86 फीसदी इक्विटी उन्मुख योजनाओं में निवेश करता है, जबकि देश का औसत 54.48 फीसदी है।

इक्विटी म्यूचुअल फंड विशिष्ट श्रेणी है, जो कम से कम 65 फीसदी संपत्ति या पोर्टफोलियो आकार को इक्विटी या इससे संबंधित प्रतिभूतियों में निवेश करती है। आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार इक्विटी उन्मुख योजनाओं में सर्वाधिक जोखिम है लेकिन इसे लंबे समय के वित्तीय लक्ष्य प्राप्त करने के लिए पसंदीदा निवेश माना जाता है। इस ममले में दिलचस्प तथ्य यह है कि महाराष्ट्र जिसका म्यूच्युअल फंड में 26.77 लाख करोड़ का निवेश है, इक्विटी उन्मुख योजनाओं में देश के औसत से भी कम 38.42 फीसदी निवेश करता है। एम्फी (एसोसिएशन ऑफ म्यूच्युअल फंड इंडिया) के नए आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश का इक्विटी उन्मुख योजनाओं में 2,35,416 करोड़ निवेश है, जो कुल निवेश का 75.86% है। इक्विटी उन्मुख योजनाओं में निवेश के मामले में उत्तर प्रदेश के बाद कर्नाटक और गुजरात का नंबर है, जबकि कुल निवेश के मामले में महाराष्ट्र पहले, नई दिल्ली दूसरे और गुजरात तीसरे पायदान पर है।

### 2 लाख करोड़ के एयूएम वाले राज्य

| राज्य | निवेश (प्रतिशत) | एयूएम (करोड़ में) |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 75.86 | 3,10,340 |
| कर्नाटक | 63.79 | 4,55,127 |
| गुजरात | 63.49 | 4,71,520 |
| प. बंगाल | 63.39 | 3,36,617 |
| तामिलनाडु | 58.37 | 3,00,028 |
| हरियाणा | 57.32 | 2,19,470 |
| नई दिल्ली | 52.61 | 5,29,934 |
| महाराष्ट्र | 38.42 | 6,77,046 |

### प्रदेश के शहरों की एयूएम हिस्सेदारी

| शहर | प्रदेश (प्रतिशत) | देश (प्रतिशत) |
|---|---|---|
| लखनऊ | 15.05 | 0.70 |
| कानपुर | 11.18 | 0.52 |
| वाराणसी | 4.94 | 0.23 |
| आगरा | 4.51 | 0.21 |
| मेरठ | 2.79 | 0.13 |
| गोरखपुर | 2.36 | 0.11 |
| बरेली | 1.72 | 0.08 |

# बचत और परिवार की सुरक्षा के लिए जीवन बीमा को प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** 70 प्रतिशत भारतीय परिवार की सुरक्षा के लिए घर खरीदने या छुट्टियों जैसी इच्छाओं को पीछे छोड़कर बचत और भविष्य के लिए जीवन बीमा पॉलिसी को चुनते हैं। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के कराए परफेक्ट प्लान का पार्टनर सर्वे में यह खुलासा हुआ है। कंपनी ने सोमवार को रिपोर्ट जारी किया जिसमें कहा गया है कि 60 प्रतिशत लोग सिर्फ परिवार की वित्तीय सुरक्षा पर ध्यान देते हैं जबकि बचत के अन्य पहलुओं को अनदेखा कर देते हैं। सर्वे में जानने की कोशिश हुई है कि भारतीय बचत और बीमा का प्रबंधन कैसे करते हैं।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### बिहार में नशे में धुत तीन पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**भभुआ (बिहार)।** बिहार के कैमूर जिले के सोनहन थाना परिसर से एक सब–इंस्पेक्टर (एसआई) समेत तीन पुलिसकर्मियों को नशे में गिरफ्तार किया गया है। कैमूर एसपी ललित मोहन शर्मा ने बताया कि जांच जारी है। अधिकारी ने कहा कि भभुआ थाना प्रभारी मुकेश सोनहन थाना पहुंची और राजीव रंजन (एसआई) तथा दो चौकीदार चंद्रजीत एवं अमरेंद्र कुमार को नशे की हालत में पाया।

### ट्रेन एंबुलेंस के लिए टिकट बेचने वाले ठग सक्रिय

**बिलासपुर।** रेलवे प्रशासन को विभिन्न समाचार–पत्रों के माध्यम से यह जानकारी मिली कि पंचमुखी एयर एंड ट्रेन एंबुलेंस सर्विस प्रा.लि. नयी दिल्ली द्वारा गाड़ी संख्या 12906 शालीमार–पोरबंदर एक्सप्रेस में ट्रेन एंबुलेंस सुविधा के नाम से टिकट जारी कर यात्री से ठगी की गई है। साथ ही लोगों को ठगने के लिए कुछ निजी कंपनी द्वारा तरह–तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। रेलवे प्रशासन स्पष्ट करता है कि रेलवे ऐसी यात्रा की अनुमति नहीं देता है।

### पुलिसकर्मी के वर्दी फाड़ने पर कांग्रेस ने की आलोचना

**सिंगरौली।** सिंगरौली में पुलिसकर्मी द्वारा अपनी वर्दी फाड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कांग्रेस ने सोमवार को मध्यप्रदेश सरकार की आलोचना की। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वीडियो फरवरी का है और सहायक उप निरीक्षक विनोद मिश्रा के खिलाफ पहले ही कार्रवाई हो चुकी है। मिश्रा भाजपा पार्षद के पति से तीखी बहस के बाद वर्दी फाड़ते दिख रहे हैं। कांग्रेस ने सोमवार को क्लिप अपलोड की और कहा कि राज्य में पुलिस व्यवस्था का स्तर शून्य है। अपराध अनियंत्रित हैं, बेखौफ हैं और पुलिस असहाय है या दबाव में है। पार्टी ने कहा कि यह वायरल वीडियो सिंगरौली के वैढन थाने का बताया जा रहा है।

# धार्मिक स्थलों पर पथराव से दो शहरों में तनाव

## कर्नाटक में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की कोशिश में आधा दर्जन लोग किए गए गिरफ्तार

- **हिंदू संगठनों ने मांड्या के नागमंगला में जुलूस पर हुए पथराव के विरोध में प्रदर्शनकर कार्रवाई की मांग की**

मंगलुरु (कर्नाटक), एजेंसी



पथराव के बाद घटनास्थल का मुआयना करते पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी।

दक्षिण कन्नड़ जिले के कटिपल्ला शहर और बंटवाल क्रॉस (बीसी) रोड में धार्मिक स्थलों पर पथराव और दो समूहों में झड़प के बाद तनाव है। ये दोनों घटनाएं मांड्या जिले में श्रीगणेश की मूर्ति के विसर्जन की शोभायात्रा के दौरान भड़की हिंसा के बाद हुई हैं।

पुलिस ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने के आरोप में आधा दर्जन लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। उधर विश्व हिंदू परिषद् एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मांड्या जिले के नागमंगला में 11 सितंबर को गणेश विसर्जन जुलूस पर हुए पथराव के विरोध में सोमवार को प्रदर्शन किया और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बताया कि मंगलुरु तहसील के कटिपल्ला कस्बे में पथराव रविवार देर रात 9.50 बजे हुई लेकिन त्वरित कार्रवाई कर स्थिति को नियंत्रित किया गया। इस घटना में धार्मिक स्थल की खिड़कियों के शीशे टूट गए। कथित पत्थरबाज दो बाइक से आए थे। मौके पर पुलिस तैनात है। एनएच- 75 से सटे बंटवाल तालुक के बीसी रोड कस्बे में सोमवार सुबह सोशल मीडिया पर दो समूहों के भड़काऊ बयान पोस्ट करने के बाद तनाव है। बंटवाल नगरपालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ के वॉइस मैसेज के बाद विहिप और बजरंग दल के लोग बड़ी संख्या में जमा हुए। शरीफ ने विहिप नेता शरण पंपवेल को चुनौती दी थी कि ईद-ए-मिलाद के जुलूस के दौरान उनके सामने आकर दिखाएं।

### पूर्वी और पश्चिमी में पुलिस ने की गश्त तेज

दक्षिण कन्नड़ जिला पुलिस ने कहा कि बंटवाल के पूर्वी हिस्से में उप्पिनंगडी और पश्चिमी हिस्से में पनमंगलूरु में गश्त तेज कर दी। शरीफ और बंटवाल नगरपालिका के पार्षद मोहम्मद हसैनार के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। पंपवेल और बजरंग दल के नेता पुनीत अट्टावर के खिलाफ भी मामला दर्ज हुआ है। मंगलुरु पुलिस भड़काऊ बयान देने पर कार्रवाई कर रही है और मंगलुरु पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल पहले ही इस बारे में चेतावनी दे चुके हैं। पुलिस महानिरीक्षक (पश्चिमी क्षेत्र) अमित सिंह ने लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। वहीं, मुस्लिम युवाओं ने बीसी रोड पर बाइक रैली निकाली।

# मौजूदा संविधान के तहत एक राष्ट्र-एक चुनाव का होना संभव नहीं : चिदंबरम

- **कांग्रेस नेता ने सरकार पर साधा निशाना बोले- पांच संशोधनों की होगी जरूरत**

चंडीगढ़, एजेंसी



कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने सोमवार को एक राष्ट्र-एक चुनाव के मुद्दे पर केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मौजूदा संविधान के तहत यह संभव नहीं है तथा इसके लिए पांच संवैधानिक संशोधनों की जरूरत है।

भाजपा नीत राजग सरकार द्वारा अपने मौजूदा कार्यकाल में एक राष्ट्र-एक चुनाव को लागू किए जाने की खबरों पर उन्होंने कहा कि इन संवैधानिक संशोधनों को करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के पास न तो लोकसभा और न ही राज्यसभा में पर्याप्त संख्या है। पिछले महीने स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री ने एक राष्ट्र-एक चुनाव का समर्थन करते हुए दलील दी थी कि लगातार चुनाव देश की प्रगति में बाधा उत्पन्न करते हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन संवैधानिक संशोधनों को पेश करने के लिए मोदी के पास न तो लोकसभा और न ही राज्यसभा में पर्याप्त संख्या है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव के मार्ग में व्यापक संवैधानिक बाधाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह संभव नहीं है। इंडिया गठबंधन पूरी तरह से एक राष्ट्र-एक चुनाव का विरोध करता है।

### जद (यू) ने एक देश, एक चुनाव का किया समर्थन

**नई दिल्ली।** जनता दल (यूनाईटेड) ने सोमवार को एक देश, एक चुनाव का समर्थन करते हुए कहा कि इससे नीतियों में निरंतरता बनी रहेगी तथा बार–बार चुनाव से होने वाली परेशानियों से भी बचा जा सकेगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रमुख सहयोगी का यह बयान ऐसे समय आया है जब सरकार के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने रविवार को कहा कि भाजपा नीत मौजूदा सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में ही एक देश, एक चुनाव को लागू करेगी। जद (यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने वीडियो जारी कर कहा कि एक देश, एक चुनाव पर पार्टी और राजग की राय एक समान है।

## मंडीदीप स्टेशन के पास मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतरे

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) के भोपाल रेल मंडल के भोपाल-इटारसी रेल खंड पर मंडीदीप रेलवे स्टेशन के पास सोमवार दोपहर 12:40 बजे मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। पमरे के भोपाल रेल मंडल के सूत्रों ने बताया कि भोपाल रेल मंडल के मंडीदीप और मिसरोद रेलवे स्टेशन के बीच दिल्ली से बेंगलुरु जा रही मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतरे हैं। हादसे की सूचना ट्रेन के लोको पायलट ने कंट्रोल रूम को दी।

भोपाल से इटारसी सेक्शन पर तीन रेल लाइन होने के कारण यातायात बाधित नहीं हुआ है। रेलवे ट्रेक की मरम्मत का काम किया जा रहा है। ट्रैक पर यातायात सामान्य होने की संभावना है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। यह मालगाड़ी दिल्ली से चलकर भोपाल होते हुए बेंगलुरु जा रही थी, तभी मिसरोद से 6 से 7 किमी दूर मंडीदीप के पास मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मालगाड़ी के 26 डिब्बों में से बीच के तीन डिब्बे पटरी से उतरे हैं।

## ओडिशा : बीफ पकाने के आरोप में सात छात्र निष्कासित

**ब्रह्मपुर (ओडिशा)।** ओडिशा के ब्रह्मपुर जिले में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के सात छात्रों को बीफ पकाने के लिए छात्रावास से निष्कासित कर दिया गया। कॉलेज में बीफ पकाना प्रतिबंधित है। परला महाराजा इंजीनियरिंग कॉलेज के अधिकारियों ने आदेश जारी किया कि दो छात्रावासों के सात छात्रों को प्रतिबंधात्मक गतिविधियों पर निकाला गया है। इनमें से एक पर दो हजार का जुर्माना लगाया गया। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों के अभिभावकों को भी इस निर्णय से अवगत करा दिया है।

# राहुल की जीभ काटने वाले को 11 लाख दूंगा : गायकवाड़

## शिवसेना विधायक के विवादित बोल

- **आरक्षण को लेकर कांग्रेस नेता की प्रतिक्रिया पर दिया बयान, भाजपा महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष बोले- वह इसका समर्थन नहीं करते**

मुंबई, एजेंसी



शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने विवादास्पद बयान देते हुए कहा कि वह आरक्षण व्यवस्था पर की गई टिप्पणियों के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपये देंगे। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि वह विधायक की टिप्पणियों का समर्थन नहीं करते हैं। भाजपा राज्य में शिवसेना नीत सरकार में घटक दल है।

गायकवाड़ ने विवादास्पद बयान से पहले कहा कि राहुल गांधी ने विदेश में कहा कि वह भारत में आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं। इसने कांग्रेस का असली चेहरा उजागर कर दिया है। अमेरिका की यात्रा पर राहुल गांधी ने आरक्षण खत्म करने के बारे में बात की। यह उस मानसिकता को दर्शाता है जो स्वाभाविक रूप से आरक्षण का विरोध करती है। राहुल गांधी की जीभ काटने वाले व्यक्ति को मैं 11 लाख रुपये का इनाम दूंगा।

विधायक ने कहा कि राहुल की टिप्पणियां लोगों के साथ विश्वासघात हैं। मराठा, धनगर और ओबीसी जैसे समुदाय आरक्षण के लिए लड़ रहे हैं लेकिन राहुल आरक्षण खत्म करने की बात कर रहे हैं। राहुल गांधी संविधान की किताब दिखाते हैं और फर्जी धारणा फैलाते हैं कि भाजपा संविधान बदल देगी। लेकिन कांग्रेस की देश को 400 साल पीछे ले जाने की योजना है। बावनकुले ने गायकवाड़ की टिप्पणियों से भाजपा को अलग किया। उन्होंने कहा कि मैं गायकवाड़ की टिप्पणियों का समर्थन नहीं करूंगा।

## उप-राष्ट्रपति पद पर आसीन व्यक्ति किसी पार्टी का नहीं होता : कांग्रेस

- **राहुल गांधी पर धनखड़ के दिए बयान को लेकर साधा निशाना**

नई दिल्ली। कांग्रेस ने राहुल गांधी पर उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान को लेकर उन पर निशाना साधा और कहा कि उप-राष्ट्रपति का पद दलगत राजनीति से इतर है और जो व्यक्ति इस पर आसीन होता है वह किसी पार्टी का नहीं होता। धनखड़ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरक्षण संबधी टिप्पणी को लेकर उन पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति की ऐसी टिप्पणी संविधान विरोधी मानसिकता को दर्शाती है। धनखड़ ने मुंबई में कार्यक्रम में कहा कि भारत के संविधान के बारे में जागरूकता की अत्यधिक आवश्यकता है, क्योंकि कुछ लोग इसकी मूल भावना को भूल गए हैं। उपराष्ट्रपति की टिप्पणी पर कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि मुझे लगता है कि आपने इसे गलत समझा है।

## दोस्त के जन्मदिन के लिए केक ले जाने की हड़बड़ी ने ली दो की जान

### बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामला

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर में गलत दिशा में तेज रफ्तार से दौड़ रही बीएमडब्ल्यू कार की टक्कर से स्कूटर पर सवार दो युवतियों की मौत के मामले में 28 वर्षीय व्यक्ति को गैर इरादतन हत्या में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी दोस्त का जन्मदिन मनाने के लिए केक लेकर रात 12 बजे उसके पास पहुंचना चाहता था और हड़बड़ी में गलत दिशा में गाड़ी दौड़ा रहा था। हादसे में क्षतिग्रस्त कार को छोड़कर आरोपी केक लेकर वहां से भाग गया था। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह ने बताया कि खजराना क्षेत्र में हुए हादसे में गिरफ्तार आरोपी गजेंद्र प्रताप सिंह गुर्जर है।

# लोगों को काम करने वाला चाहिए गुब्बारे बेचने वाला नहीं : विज

अंबाला, एजेंसी

मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोंकने वाले बयान के एक दिन बाद भाजपा नेता अनिल विज ने सोमवार को कहा कि लोगों को काम करने वाला चाहिए, गुब्बारे बेचने वाला नहीं। यह स्पष्ट नहीं था कि विज ने गुब्बारे बेचने वाला किसको इशारा करके कहा।

उन्होंने कल बयान दिया था कि लोगों की मांग और वरिष्ठता के आधार पर वह हरियाणा के मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोंकेंगे। इस पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और कई अन्य भाजपा नेताओं को सफाई देनी पड़ी थी। भाजपा हरियाणा चुनाव मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में लड़ रही है। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह से लेकर प्रधानमंत्री मोदी उनके नाम पर मोहर लगा चुके हैं। अंबाला में सुंदर नगर से कांग्रेस यूथ अध्यक्ष मंगल पांडे टिंकू समर्थकों के साथ विज की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुये। केजरीवाल के इस्तीफे पर विज ने कहा कि जिस दिन आरोप लगे थे, तभी इस्तीफा देना चाहिए था।

## सारण में चांद-तारे वाला तिरंगा फहराने पर दो लोग हिरासत में

**सारण।** बिहार के सारण जिले की पुलिस ने सोमवार को ईद मिलाद-उन-नबी जुलूस के दौरान अशोक चक्र की जगह चांद और तारे वाला तिरंगा ध्वज फहराने के आरोप में दो लोगों को हिरासत में लिया है। सारण पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर वीडियो मिला है, जिसमें तिरंगे झंडे में अशोक चक्र के स्थान पर चांद तारा बना है और यह भारतीय ध्वज संहिता 2002 सहित कई कानूनों का उल्लंघन है।

सारण एसपी कुमार आशीष ने बताया कि कोपा थाना अंतर्गत कथित रूप से इस तरह का झंडा फहराने के मामले में पुलिस ने पिकअप वाहन समेत झंडे को जब्त किया है और दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जिसने उन्हें यह झंडा बनाकर दिया है, पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है।

# कड़े कानून से न्यायपूर्ण समाज नहीं बनता मानसिकता बदलने की जरूरत : सीजेआई

- **कहा- बेहतर समाज के लिए महिलाओं की समान भागीदारी महत्वपूर्ण**

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि निजी और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए कानूनी प्रावधानों की कोई कमी नहीं है, लेकिन अकेले कानून से न्यायपूर्ण व्यवस्था नहीं बनाई जा सकती। उन्होंने जोर दिया कि समाज को भी पितृसत्तात्मक सामाजिक रवैया त्यागना होगा। एक न्यूज चैनल के शी शक्ति कार्यक्रम में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि हमें पुरुषों की धारणा से परे देखने के लिए संस्थागत और व्यक्तिगत क्षमता को बढ़ावा देना चाहिए। निजी और सार्वजनिक स्थितियों में महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए ठोस और प्रक्रियात्मक कानूनी प्रावधानों की कोई कमी नहीं है, लेकिन केवल कड़े कानूनों सहित अच्छे कानूनों से ही न्यायपूर्ण समाज का निर्माण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों पर बात करना महिलाओं का काम नहीं है। मैंने जीवन के कुछ बेहतरीन सबक अपनी महिला सहकर्मियों से सीखे हैं। मेरा मानना है कि बेहतर समाज के लिए महिलाओं की समान भागीदारी महत्वपूर्ण है।

## खेल डायरी

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो चैंपियंस लीग एलीट टूर्नामेंट के पहले मुकाबले से बाहर



**रियाद (सऊदी अरब)।** फुटबॉल जगत के महानतम खिलाड़ियों में से एक क्रिस्टियानो रोनाल्डो वायरल होने के कारण अल-शॉर्टा के खिलाफ होने वाले एएफसी चैंपियंस लीग एलीट टूर्नामेंट में अपने पदार्पण मैच के लिए अल-नासर टीम के साथ इराक नहीं गए। रोनाल्डो की कप्तानी वाले सऊदी अरब क्लब अल-नासर ने आधिकारिक बयान में कहा, पुर्तगाल के फॉरवर्ड की तबीयत ठीक नहीं थी और वह वायरल से संक्रमित पाये गए थे।

### अनिर्बान लाहिड़ी लिव गोल्फ शिकागो में संयुक्त रूप से छठे स्थान पर रहे



**बोलिंगब्रूक (अमेरिका)।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी अंतिम दौर में तीन अंडर 67 के स्कोर से लिव गोल्फ शिकागो में संयुक्त रूप से छठे स्थान पर रहे जबकि जॉन राहम ने तीन टूर्नामेंट में दूसरी जीत दर्ज करते हुए खिताब और व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीती। लाहिड़ी ने अंतिम दौर में चार बर्डी की लेकिन वह एक बोगी भी कर गए। तीन दौर में उन्होंने 67, 71 और 67 के स्कोर से कुल पांच अंडर का स्कोर बनाया। लाहिड़ी की टीम क्रशर्स ने खिताब जीता।

### भारतीय निशानेबाज अनमोल जैन ने टॉपगन कप में स्वर्ण पदक जीता



**गुरुग्राम।** भारतीय निशानेबाज अनमोल जैन ने अपने कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए टॉपगन कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक अमेरिका के निशानेबाज जैफ ब्राउनिंग ने हासिल किया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन टॉपगन शूटिंग अकादमी में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में दुनिया के कुछ शीर्ष निशानेबाज भाग ले रहे हैं।

### ग्लास्गो को 2026 राष्ट्रमंडल खेलों का मेजबान घोषित करने की तैयारी: रिपोर्ट

**लंदन।** ऑस्ट्रेलियाई राज्य विक्टोरिया के बढ़ती लागत के कारण पीछे हटने के एक साल बाद स्कॉटलैंड की राजधानी ग्लास्गो को 2026 में छोटे पैमाने पर होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों का मेजबान शहर घोषित करने की तैयारी है। रिपोर्टों में यह दावा किया गया है। राष्ट्रमंडल खेल 2026 विक्टोरिया के कई शहरों में आयोजित किए जाने थे लेकिन ऑस्ट्रेलियाई राज्य ने जुलाई 2023 में चौंकाने वाली घोषणा करते हुए अनुमानित व्यय में भारी वृद्धि का हवाला देते हुए इस बहु-खेल आयोजन से हाथ खींच लिया। इसके कारण विक्टोरिया सरकार ने मुआवजा दिया।

# सेबेस्टियन सहित सात उम्मीदवार आईओसी अध्यक्ष पद की दौड़ में

जिनेवा, एजेंसी

- उम्मीदवारों में आईओसी कार्यकारी बोर्ड की सदस्य जिम्बाब्वे की किर्स्टी कोवेंट्री भी शामिल

थॉमस बाक की जगह अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) का अध्यक्ष बनने की दौड़ में सात उम्मीदवार मैदान में हैं जिनमें दो पूर्व ओलंपिक चैंपियन भी शामिल हैं। आईओसी ने सोमवार को उन सात उम्मीदवारों की सूची जारी की, जो मार्च में होने वाले अध्यक्ष पद के चुनाव में अपना भाग्य आजमाएंगे।

बाक की जगह नया अध्यक्ष आठ साल के लिए चुना जाएगा। इन उम्मीदवारों में एक महिला आईओसी कार्यकारी बोर्ड की सदस्य जिम्बाब्वे की किर्स्टी कोवेंट्री भी शामिल है। ब्रिटेन के मध्यम दूरी के धावक सेबेस्टियन भी अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हैं। उन्होंने ओलंपिक में दो स्वर्ण पदक जीते हैं। कोवेंट्री भी तैराकी में दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता है। जॉर्डन के प्रिंस फैसल अल हुसैन भी आईओसी अध्यक्ष पद की दौड़ में हैं। आईओसी के चार उपाध्यक्षों में से एक स्पेन के जुआन एंटोनियो समारांच जूनियर भी अध्यक्ष पद के लिए अपना भाग्य आजमा रहे हैं। इनके अलावा अंतर्राष्ट्रीय साइकलिंग संघ के अध्यक्ष डेविड लैपार्टिएंट, अंतर्राष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ के अध्यक्ष मोरिनारी वतनबे और अंतर्राष्ट्रीय स्की और स्नो बोर्ड महासंघ के अध्यक्ष जोहान एलियाश भी अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल हैं।

# भारतीय टीम ने अभ्यास सत्र में बहाया पसीना

चेन्नई, एजेंसी

- रविवार को विश्राम के बाद तीसरे अभ्यास सत्र में भाग लिया
- बांग्लादेश के खिलाफ शुरुआती मैच 19 सितंबर से खेला जाएगा



रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम के 16 खिलाड़ियों ने बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले सोमवार को चेपॉक मैदान में अभ्यास सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया। टीम के खिलाड़ियों ने रविवार को विश्राम के बाद अपने तीसरे अभ्यास सत्र में भाग लिया। बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला का शुरुआती मैच 19 सितंबर से खेला जायेगा।

अभ्यास सत्र में विराट कोहली सबसे पहले पहुंचे और उनके पास वाले नेट में यशस्वी जायसवाल अभ्यास कर रहे थे। दोनों ने तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ ज्यादा बल्लेबाजी की। दोनों के बाद कप्तान रोहित, शुभमन गिल और सरफराज खान बल्लेबाजी अभ्यास के लिए पहुंचे। रोहित ने स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ ज्यादा बल्लेबाजी की।

### बांग्लादेश ने भी शुरू किया अभ्यास

**चेन्नई।** बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ सोमवार को एमए चिदंबरम स्टेडियम में अभ्यास शुरू किया, जिसमें सभी की निगाहें युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा पर टिकी थी। लिटन दास, महमुदुल हसन जॉय, जाकिर हसन और शादमान इस्लाम ने देर तक बल्लेबाजी की। मुशिफकर रहीम, ताइजुल इस्लाम और नईम हसन ने भी पसीना बहाया। शाकिब अल हसन मंगलवार को टीम से जुड़ेंगे।

# फाइनल में शान से पहुंचा भारत

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: हरमनप्रीत के दो गोल की बदौलत कोरिया को 4-1 से हराया

हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी

- फाइनल मुकाबले में आज मेजबान चीन से भिड़ेगा भारत, लीग चरण के मैच में चीन को 3-0 से दी थी मात
- तीसरे स्थान पर काबिज होने के लिए मैच में पाकिस्तान और दक्षिण कोरिया की टीम होगी आमने-सामने



भारत ने छठी बार टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई

हरमनप्रीत सिंह

बेहतरीन फॉर्म में चल रहे कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने सोमवार को यहां दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (19वें और 45वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि उत्तम सिंह (13वें मिनट) और जरमनप्रीत सिंह (32वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। कोरिया की तरफ से एकमात्र गोल यैंग जिहुन (33वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर किया।

भारत मंगलवार को होने वाले फाइनल में मेजबान चीन से भिड़ेगा। भारत ने लीग चरण के मैच में चीन को 3-0 से हराया था। इससे पहले चीन ने दिन के पहले सेमीफाइनल में पाकिस्तान को शूटआउट के जरिए 2-0 से हराया था। निर्धारित समय के बाद दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थीं। तीसरे स्थान के लिए मैच में पाकिस्तान और कोरिया की टीम आमने-सामने होंगी। यह मैच भी मंगलवार को ही खेला जाएगा। इस बीच पांचवें-छठे स्थान के लिए मैच में जापान ने निर्धारित समय में 4-4 से बराबरी के बाद शूटआउट में मलेशिया को 4-2 से हराया।

उम्मीद के मुताबिक भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया और कोरिया के डिफेंस को लगातार दबाव में रखा। अभिषेक चौथे ही मिनट में भारत को बढ़त दिलाने के करीब पहुंचे लेकिन रिवर्स हिट से लगाए उनके शॉट को कोरिया के गोलकीपर किम जेइहेन ने रोक दिया। भारतीय टीम पहले क्वार्टर में लगातार कोरिया के सर्कल को भेदने में सफल रही जिसका फायदा टीम को 13वें मिनट में मिला जब उत्तम ने दाएं छोर से अराइजीत सिंह हुंडाल के पास पर गोल दाग दिया। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में कोरिया में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम इनका फायदा नहीं उठा सकी। दूसरे क्वार्टर के चौथे मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर कप्तान हरमनप्रीत ने टूर्नामेंट का अपना छठा गोल दागते हुए टीम को 2-0 से आगे कर दिया। मध्यांतर तक भारतीय टीम 2-0 से आगे थी।

तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत ने स्कोर 3-0 कर दिया जब सुमित ने स्कूप करके बाएं छोर पर जरमनप्रीत को पास दिया और उन्होंने इसे गोल में पहुंचाने में कोई गलती नहीं की। टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर जिहुन ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके कोरिया का खाता खोला। तीसरे क्वार्टर में जब सिर्फ एक सेकेंड बचा था तब भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला जब कोरिया के गोलकीपर जेइहेन को सर्कल के बाहर गेंद को हाथ से रोकने के लिए पीला कार्ड दिखाया गया। हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को 4-1 से आगे किया। चौथे और अंतिम क्वार्टर में भारत के गोलकीपर सूरज करकेरा पार्क चियोलियोन के दो प्रयासों को नाकाम किया। कोरिया को पेनल्टी कॉर्नर भी मिला लेकिन टीम इस पर भी गोल करने में नाकाम रही।

### भारत के गोल

**19वें** मिनट में हरमनप्रीत ने किया पहला गोल

**13वें** मिनट में उत्तम सिंह ने किया दूसरा गोल

**32वें** मिनट में जरमनप्रीत ने किया तीसरा गोल

**45वें** मिनट में हरमनप्रीत ने किया चौथा गोल

### दक्षिण कोरिया का गोल

**33वें** मिनट में यैंग जिहुन ने किया एकमात्र गोल

# कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग की साक्षी और गीता ने की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और अमन सहरावत ने पूर्व विश्व चैम्पियनशिप कांस्य विजेता गीता फोगाट के साथ सोमवार को कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग (डब्ल्यूसीएसएल) शुरू करने की घोषणा की। हालांकि इस लीग का समर्थन करने से राष्ट्रीय महासंघ ने मना कर दिया है।

साक्षी ने बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के साथ मिलकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध का नेतृत्व किया था। बृजभूषण पर महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न का आरोप है। बजरंग और विनेश के अगले महीने होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल होने के बाद साक्षी ने खुद को उन दोनों से अलग कर लिया। साक्षी ने 2016 रियो ओलंपिक में 58 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने सोशल मीडिया पर गीता के साथ इस लीग की घोषणा की। गीता 2012 विश्व चैम्पियनशिप में 55 किग्रा भारवर्ग की कांस्य पदक विजेता हैं। इन दोनों ने बताया कि इस लीग में उनके साथ पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन भी हैं।



"साक्षी और मैं लंबे समय से इस लीग की योजना बना रहे हैं। हमने अभी तक डब्ल्यूएफआई से बात नहीं की है लेकिन यह अच्छा होगा अगर महासंघ और सरकार हमारा समर्थन करें। यह पहली लीग होगी, जिसका संचालन सिर्फ खिलाड़ी करेंगे। – **गीता, पहलवान**

"लीग का उद्देश्य देश में खेल संस्कृति का निर्माण करना है। उन्होंने कहा, डब्ल्यूसीएसएल कुश्ती पर केंद्रित है। यह भारतीय खेल में निरंतर उच्च प्रदर्शन की संस्कृति बनाने और हर भारतीय को खेलने की खुशी का अनुभव करने के लिए प्रेरित करेगा। – **साक्षी मलिक, पहलवान**



"हम इसे मंजूरी नहीं देंगे। हम अपनी प्रो कुश्ती लीग को पुनर्जीवित कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह जल्द ही शुरू हो जायेगी। पहलवान अपनी लीग करने के लिए स्वतंत्र हैं, वे खेल को बढ़ावा दे सकते हैं, लेकिन हम इससे नहीं जुड़ेंगे। – **संजय सिंह, अध्यक्ष, डब्ल्यूएफआई**

# भारतीय पुरुष टीम ने अजरबैजान महिलाओं ने कजाखस्तान को हराया

बुडापेस्ट, एजेंसी

## शतरंज ओलंपियाड

- लगातार पांचवीं जीत के बाद भारतीय पुरुष टीम दस अंक लेकर वियतनाम के साथ शीर्ष पर

शानदार फॉर्म में चल रहे विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय पुरुष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के पांचवें दौर में अजरबैजान को 3-1 से हराया। गुकेश ने अइदिन सुलेमानी को और अर्जुन ने रऊफ मामेदोव को हराया। प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला जबकि विदित गुजराती और शखरियार मामेदियारोव की बाजी भी ड्रॉ रही।

लगातार पांचवीं जीत के बाद भारतीय पुरुष टीम दस अंक लेकर वियतनाम के साथ शीर्ष पर है। वियतनाम ने पोलैंड को 2.5-1.5 से मात दी। चीन ने स्पेन को और हंगरी ने यूक्रेन को 2.5-1.5 से हराया। नॉर्वे और ईरान नौ अंक लेकर पांचवें स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के छह दौर अभी खेले जाने हैं। नॉर्वे ने तुर्की को 3-1 से जबकि ईरान ने कनाडा को 3.5-0.5 से हराया। महिला वर्गमें ग्रैंडमास्टर डी हरिका को बीबीसारा असाउबायेवा के खिलाफ अप्रत्याशित पराजय झेलनी पड़ी। वंतिका अग्रवाल ने अलुआ नूरमैन को हराया जबकि दिव्या देशमुख ने जेनिया बालाबायेवा से ड्रॉ खेला। आर वैशाली ने एम कमालिदेनोवा को मात दी। महिला टीम आर्मेनिया और मंगोलिया के साथ दस अंक लेकर शीर्ष पर है।

# बार्सिलोना की 4-1 से जीत

- यमाल के दोहरे गोल से गिरोना हो हराया
- टीम चार अंकों की बढ़त बनाकर तालिका में शीर्ष पायदान पर

**मैड्रिड।** लामिन यमाल ने दस मिनट से भी कम समय में दो गोल दागकर स्पेनिश लीग सत्र की शुरुआत में बार्सिलोना को लगातार पांचवीं जीत दिलाई। यमाल के दोहरे गोल के साथ-साथ दानी ओल्मो और पेड्री के दूसरे हाफ में किए गए गोल से बार्सिलोना ने रविवार को गिरोना पर 4-1 से जीत हासिल की। इस जीत से टीम चार अंकों की बढ़त बनाकर तालिका में शीर्ष पायदान पर है।

एटलेटिको मैड्रिड ने एंटोनी ग्रीजमैन एवं नये खिलाड़ी जूलियन अल्वारेज और कॉनर गैलाघर के गोल की बदौलत अंतिम स्थान वाले वालेंसिया को 3-0 से हराया, जबकि रीयल मैड्रिड ने शनिवार को किलियन एमबाप्पे और विनीसियस जूनियर के गोल की मदद से रीयल सोसिदाद पर 2-0 से जीत दर्ज की। अन्य मैचों में विलारियल ने मैलोर्का पर 2-1 से जीत दर्ज की। स्पेन के युवा खिलाड़ी यमाल के इस सत्र में तीन गोल हो चुके हैं। यमाल ने गिरोना के खिलाफ 30वें मिनट और 37वें मिनट में गोल दागे। क्रिस्टियन स्टुआनी ने 80वें मिनट में गिरोना के लिए एकमात्र गोल किया।

# सबसे तेज धाविका बनीं पलक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- राज्य अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप

**अमृत विचार :** साई सेंटर में आयोजित की जा रही राज्य अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सोमवार को अयोध्या की पलक तिवारी ने सिंथेटिक कोर्ट पर 100 मी. दौड़ का स्वर्ण अपने नाम किया। इसके साथ ही महिलाओं में सबसे तेज धाविका बनने का गौरव भी हासिल किया। लखनऊ की प्रतिज्ञा ने 1000 मी. में स्वर्ण पदक जीता। पुरुष वर्ग में 5000 मी. पैदल चाल का स्वर्ण उन्नाव के नितिन गुप्ता ने जीता। महिलाओं की 3000 मी. पैदल चाल का स्वर्ण उन्नाव की सरोजनी के नाम रहा। सोमवार को लखनऊ को मात्र दो पदक मिले। लखनऊ के अखंड ने शॉटपट में रजत और खुशी ने 400 मी. की दौड़ में कांस्य पदक जीता।

**महिला : 100 मी :** स्वर्ण-पलक तिवारी (अयोध्या), रजत-हनी यादव (अलीगढ़)। **डिस्कस थ्रो :** स्वर्ण-सुप्रिया अत्री (गौतमबुद्धनगर), रजत-सुहानी सिंह (प्रयागराज), कांस्य-नैंसी (अमरोहा)। **3000 मीटर पैदल चाल :** स्वर्ण-सरोजनी (उन्नाव), रजत- शिखा यादव (वाराणसी), कांस्य-कोमल (कौशाम्बी)। **400 मी :** स्वर्ण-रेनु गुप्ता (सोनभद्र), रजत-रेशमा (अलीगढ़), कांस्य-खुशी कुमारी (लखनऊ)। **पुरुष : डिस्कस थ्रो :** स्वर्ण-मनजीत ठाकुर (शामली), रजत-कृष्ण कुमार यादव (भदोई), कांस्य-आमिर खान (मथुरा)। **शॉटपट :** स्वर्ण-हर्षित (शामली), रजत-अखण्ड प्रताप (लखनऊ), कांस्य-लवजीत (मथुरा)। **5000 मी पैदल चाल :** स्वर्ण-नितिन गुप्ता (उन्नाव), रजत-सुधीर कुमार गौतम (उन्नाव), कांस्य-ऋषिकेष (स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई)। **लांग जम्प :** स्वर्ण-अभिषेक यादव (इटावा), रजत-शाहनवाज खान (प्रतापगढ़), कांस्य-शेख जीशान (वाराणसी)

## बॉलीवुड हलचल

# स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर एनिमल का तोड़ा रिकार्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली फिल्म स्त्री 2 ने फिल्म एनिमल के रिकार्ड को तोड़ दिया है और यह फिल्म हिंदी में सबसे अधिक कमाई करने वाली दूसरी फिल्म बन गयी है। फिल्म स्त्री 2 वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है। फिल्म स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं। अमर कौशिक के निर्देशन में बनी फिल्म स्त्री 2, बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी का डंका बजा रही है। फिल्म स्त्री 2, एनिमल के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ते हुए भारत में अब तक की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने भारतीय बाजार में नेट 553 करोड़ रुपये की कमाई की थी।ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार स्त्री 2 ने अपने प्रदर्शन के 32वें दिन इस आंकड़े को पार करते हुए कुल 555 करोड़ रुपये नेट कमाई कर ली है। भारतीय बाजार में नेट कमाई के मामले में शाहरुख खान की फिल्म जवान 640 करोड़ रुपये की कमाई के साथ पहले नंबर पर है।





# अदिति ने सिद्धार्थ के साथ की शादी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अदिति राव हैदरी ने दक्षिण भारतीय अभिनेता सिद्धार्थ के साथ शादी कर ली है। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने 400 साल पुराने वानापर्थी में मौजूद श्रीरंगपुर मंदिर में गुपचुप ब्याह रचाया। दोनों ने इसी साल मार्च में सगाई की थी। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ पिछले तीन साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। अदिती ने अपनी शादी की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। तस्वीरों के साथ शेयर किए गए नोट में अदिति ने लिखा, तुम मेरे चांद-सूरज और सितारे हो, परी कथाओं की तरह हमेशा साथ बने रहना, हमेशा हंसते रहना.. कभी बड़े मत होना..हमेशा के लिए लव, लाइट और मैजिक बनाए रखना... मिसेज एंड मिस्टर अद्दू- सिद्धू।

# थलपति 69, अक्टूबर 2025 में होगी रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार थलपति विजय की फिल्म थलपति 69, अक्टूबर 2025 में रिलीज होगी। केवीएन प्रोडक्शंस ने थलपति विजय की 69वीं फिल्म के बारे में घोषणा की है। थलपति 69 नाम की यह फिल्म अक्टूबर 2025 में तमिल, तेलुगु और हिंदी में सेल्युलाइड पर धमाका करने के लिए तैयार है। केवीएन प्रोडक्शंस ने अपने पहले अखिल भारतीय उद्यम में, विजय के शानदार करियर के इस अंतिम अध्याय को पौराणिक से कम नहीं बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया है। इस स्मारकीय प्रोजेक्ट के टाइटल पर दूरदर्शी निर्देशक एच विनोथ हैं। इस महाकाव्य का संगीत परिदृश्य उस्ताद अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा तैयार किया जाएगा। प्रोडक्शन टीम दिग्गजों से भरी हुई है, जिसमें सह-निर्माता जगदीश पलानीसामी और लोहित एन. के. और निर्माता वेंकट के नारायण इस फिल्म का नेतृत्व कर रहे हैं। केवीएन प्रोडक्शन के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने घोषणा की।

# कनाडा से हारकर अंतिम आठ में जगह बनाने से चूका ब्रिटेन

## डेविस कप

**मैनचेस्टर।** कनाडा से आखिरी ग्रुप मैच में 2-1 से हारने के बाद ब्रिटेन डेविस कप फाइनल्स के अंतिम आठ में जगह बनाने में नाकाम रहा जबकि नोवाक जोकोविच के शानदार प्रदर्शन से सर्बिया ने अगले साल के क्वालीफायर में जगह बनाई। ब्रिटेन को कनाडा पर 2-1 से जीत दर्ज करनी थी, लेकिन डेनिस शापोवालोव ने डैन इवांस को 6-0, 7-5 से हराकर उम्मीदें खत्म कर दीं। फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने जैक ड्रैपर को 7-6, 7-5 से हराया। इंग्लैंड ने आखिरी युगल मैच जीता।

ग्रुप डी से कनाडा और अर्जेंटीना अगले दौर में पहुंचे। फिनलैंड भी बाहर हो गया। वालेंशिया में स्पेन ने आस्ट्रेलिया को ग्रुप बी में 2-1 से हराया। दोनों टीमें अंतिम आठ में पहुंच चुकी हैं जबकि फ्रांस और चेक गणराज्य बाहर हो गए। बोलोगना में ग्रुप ए में इटली से 1-2 से हारने के बावजूद नीदरलैंड ने क्वालीफाई कर लिया।

# न्यूजीलैंड के साथ टेस्ट श्रृंखला के लिए ओशादा फर्नांडो टीम में

कोलंबो, एजेंसी

- पहला टेस्ट 18 और दूसरा मुकाबला 26 सितंबर से खेला जाएगा

श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के साथ होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए 18 महीनों से बाहर चल रहे बल्लेबाज ओशादा फर्नांडो को टीम में शामिल किया है। श्रीलंका के चयनकर्ताओं ने न्यूजीलैंड के साथ होने वाले दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। धनंजय डी सिल्वा की कप्तानी में यह श्रृंखला खेली जायेगी।

दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर गई श्रीलंका ए टीम में शानदार प्रदर्शन करने वाले ओशादा को जगह दी गई है। इस 32 वर्षीय बल्लेबाज ने 21 टेस्ट में 122 तथा 80 रन की पारी खेली और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। वहीं तेज गेंदबाज ऑलराउंडर निसाला थारका और कसुन राजिथा को बाहर रखा गया है। दोनों टेस्ट गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे और पहला टेस्ट 18 सितंबर से शुरू होगा। वहीं दूसरा मुकाबला 26 सितंबर से खेला जाएगा। **श्रीलंका की टेस्ट टीम इस प्रकार है:** धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), दिमुथ करुणारत्ने, पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चांदीमल, कामिंडू मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, ओशादा फर्नांडो, असिथा फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा, प्रभात जयसूर्या, रमेश मेंडिस, जेफरी वेंडरसे और मिलन रथनायके।

### श्रीलंका के दुनिथ और हर्षिता सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी: आईसीसी

**दुबई।** श्रीलंका पुरुष क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर दुनिथ वेलालागे और हर्षिता समरविक्रमा को महिला वर्ग में अगस्त माह के प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार से नवाजा गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को खिलाड़ी घोषित किया। श्रीलंका के युवा ऑलराउंडर वेलालागे ने दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स को पीछे छोड़ते हुए पुरस्कार हासिल किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### नौसेना के शीर्ष कमांडरों को संबोधित करेंगे राजनाथ

**नई दिल्ली।** नौसेना के शीर्ष कमांडरों का चार दिन का सम्मेलन मंगलवार से शुरू होगा, जिसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष संबोधित करेंगे तथा अनेक वरिष्ठ अधिकारी भविष्य की रणनीति पर गहन विचार विमर्श करेंगे। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन का दूसरा संस्करण 17 से 20 सितंबर तक राजधानी में होगा। पश्चिम एशिया में उभरती भू-राजनीतिक और भू-रणनीतिक गतिशीलता, क्षेत्रीय चुनौतियों तथा समुद्री सुरक्षा स्थिति की जटिलता की पृष्ठभूमि में आयोजित यह सम्मेलन नौसेना की भविष्य की रणनीति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### कनाडा में ब्रिटिश कोलंबिया के तट पर आए दो भूकंप

**वैंकूवर।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के उत्तरी तट पर रविवार को दो भूकंप आए, जिनमें से एक की तीव्रता 6.5 मापी गई। इन भूकंपों के कारण जान माल का कोई नुकसान होने की फिलहाल कोई खबर नहीं मिली है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने बताया कि पहले आए भूकंप की तीव्रता 6.5 मापी गई। प्राकृतिक संसाधन कनाडा ने बताया कि लगभग एक घंटे बाद उसी क्षेत्र में 4.5 तीव्रता का दूसरा भूकंप आया।

### सिपाही की कार घोड़े से टकराकर कुएं में गिरी, मौत

**कोटा।** घोड़े से टकराने के बाद सोमवार को एक कार के कुएं में गिर जाने से राजस्थान पुलिस के एक सिपाही की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना राज्य राजमार्ग-52 पर सुबह करीब 4 बजे हुई, जब डालचंद गुर्जर (40) छुट्टी के बाद सांगोद थाने में अपनी ड्यूटी पर लौट रहे थे। थाना प्रभारी सुरेश मीणा ने बताया कि एक घोड़े से टकराने के बाद गुर्जर की कार कुएं में गिर गई। मीणा ने बताया कि भरतपुर जिले के वीर कस्बे के रहने वाले गुर्जर की मौके पर ही मौत हो गई।

### बच्चों की अश्लील तस्वीरें शेयर की, 6 महीने की सजा

**लंदन।** बीबीसी न्यूज के पूर्व प्रस्तोता ह्यू एडवर्ड्स को बच्चों की अश्लील तस्वीरें व्हॉट्सऐप पर दूसरे पुरुष से शेयर करने के मामले में सजा सुनाई गई है। एडवर्ड्स को छह महीने की जेल की सजा दी गई है, जिसे दो साल के लिए निलंबित रखा गया है। एडवर्ड्स तब तक जेल नहीं जाएंगे, जब तक कि वह इस अवधि के दौरान अपराध नहीं करते। इसके अलावा उनका नाम सात साल तक यौन अपराधियों के रजिस्टर में रहेगा और एडवर्ड्स को पुनर्वास की प्रक्रिया से गुजरना होगा। जुलाई में ह्यू एडवर्ड्स ने स्वीकार किया था कि उनके पास ऐसी 41 तस्वीरें थीं, जो उन्होंने व्हॉट्सऐप के माध्यम से शेयर की थी।

### गाजा में इजराइली हमलों में 4 बच्चों समेत 16 की मौत

**यरूशलेम।** इजराइली हवाई हमलों में गाजा पट्टी में 16 लोग मारे गए हैं, जिनमें पांच महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। फलस्तीनी अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को तड़के हुए हमले में मध्य गाजा स्थित नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक घर ध्वस्त हो गया, जिसमें चार महिलाओं और दो बच्चों सहित कम से कम 10 लोग मारे गए। अवाडा अस्पताल (जहां शव लाए गए) ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की और बताया कि 13 अन्य लोग घायल हुए हैं।

## रिपोर्ट में दावा

# बच्चों का आईक्यू कम कर सकता है फ्लोराइड

**4 मिलीग्राम प्रति लीटर पीने के पानी में तय की सीमा**

● रिपोर्ट के मुताबिक फ्लोराइड दांतों को मजबूत बनाता है, साथ ही दांतों की कैविटी को भी कम करने में भी सहायक

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय की एक रिपोर्ट ने बताया है कि पीने के पानी में निर्धारित सीमा से दोगुनी सेहत और स्वास्थ्य फ्लोराइड की मात्रा बच्चों के आईक्यू या बौद्धिक स्तर को कम कर सकती है। पहले से प्रकाशित शोधों के आधार पर तैयार इस रिपोर्ट के अनुसार, ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी संघीय एजेंसी ने यह निष्कर्ष निकाला है कि उच्च फ्लोराइड स्तर और बच्चों के आईक्यू में कमी के बीच संबंध हो सकता है। हालांकि इस रिपोर्ट के निष्कर्ष को मध्यम आत्मविश्वास के साथ जारी किया गया है।

इस रिपोर्ट का उद्देश्य केवल पीने के पानी में फ्लोराइड के प्रभावों को समझना नहीं था, लेकिन इसमें उच्च फ्लोराइड स्तर से जुड़े संभावित न्यूरोलॉजिकल जोखिम को स्वीकार किया गया है। फ्लोराइड दांतों को मजबूत बनाता है और कैविटी को कम करता है। इसे पिछले सदी की सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य उपलब्धियों में से एक माना जाता है। फ्लोराइड को सुरक्षित मात्रा में पीने के पानी में मिलाने की सिफारिश की गई है।



**फ्लोराइड के स्वास्थ्य पर प्रभाव:** वैज्ञानिक कहते हैं कि फ्लोराइड का उचित मात्रा में सेवन दांतों के लिए फायदेमंद है, लेकिन इसकी अत्यधिक मात्रा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। इसलिए फ्लोराइड के स्तर को नियंत्रित करना महत्वपूर्ण है, विशेषकर बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए। फ्लोराइड की अत्यधिक मात्रा से दांतों में फ्लोराइडोसिस नामक बीमारी हो सकती है।

### भारत समेत कई देशों में अध्ययन

रिपोर्ट में कनाडा, चीन, भारत, ईरान, पाकिस्तान और मेक्सिको में किए गए अध्ययनों की समीक्षा की गई है, जो इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि 1.5 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक फ्लोराइड वाले पीने के पानी के लगातार सेवन और बच्चों के आईक्यू में कमी के बीच संबंध हो सकता है। रिपोर्ट में यह मापने की कोशिश नहीं की गई कि फ्लोराइड के विभिन्न स्तरों पर कितने आईक्यू अंक कम हो सकते हैं। बताया गया कि जिन बच्चों को अधिक फ्लोराइड के संपर्क में रखा गया था, उनका आईक्यू 2 से 5 अंक तक कम था।

### दंत चिकित्सक सहमत नहीं

पानी में फ्लोराइड मिलाने का समर्थन करने वाली अमेरिकन डेंटल एसोसिएशन ने इस नए विश्लेषण और पहले की शोध पर आलोचना की थी। फ्लोराइड एक खनिज है, जो स्वाभाविक रूप से पानी और मिट्टी में पाया जाता है। 1945 में मिशिगन के ग्रैंड रैपिड्स शहर ने पहली बार पीने के पानी में फ्लोराइड मिलाना शुरू किया। तब से इसे दांतों की सड़न को रोकने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पर्यावरण संरक्षण एजेंसी ने पीने के पानी में फ्लोराइड की मात्रा 4 मिलीग्राम प्रति लीटर की सीमा तय की है।

## एमी पुरस्कार



76वें एमी पुरस्कार का आयोजन लॉस एंजिल्स के डाउनटाउन स्थित पीकॉक थिएटर में किया गया, जहां अलग-अलग श्रेणियों में विजेताओं को सम्मानित किया गया। एलिजाबेथ डेबिकी ने 'द क्राउन' कॉमेडी सीरीज के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड जीता।

# सत्ता के लालची देश तोड़ने पर आमादा

## गुजरात पहुंचे प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर बिना नाम लिए लगाए तुष्टिकरण के आरोप

भुज/अहमदाबाद, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि जिस समय भारत दुनिया में विकास का ब्रांड बन रहा है, उसी समय देश में सत्ता के लालच में कुछ लोग नकारात्मकता फैलाने और तुष्टिकरण के लिए देश की एकता अखंडता पर प्रहार कर टुकड़े-टुकड़े करने की कोशिश कर रहे हैं।

मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद से तीसरे कार्यकाल में गुजरात की पहली यात्रा में सोमवार को अहमदाबाद में एक विशाल जनसभा में साढ़े आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। जिन परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन किया गया, उनमें सामखियाली - गांधीधाम और गांधीधाम - आदिपुर रेलवे लाइनों का चौगुनाकरण, एएमसी, अहमदाबाद में प्रमुख सड़कों का विकास और बकरोल, हाथीजन, रामोल और पंजरपोल जंक्शन पर फ्लाईओवर पुलों का निर्माण शामिल है।

प्रधानमंत्री ने 30 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र, कच्छ लिग्नाइट तापविद्युत संयंत्र, कच्छ में 35 मेगावाट बीईएसएस सौर पीवी परियोजना और मोरबी और राजकोट में 220 किलोवोल्ट सबस्टेशन का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण के सिंगल विंडो आईटी सिस्टम का शुभारंभ किया, जिसे वित्तीय सेवाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए डिजाइन किया गया है। मोदी ने कहा कि एक तरफ देश का हर व्यक्ति दुनिया में भारत का ब्रांड एंबेसडर बनना चाहता है। वहीं दूसरी ओर नकारात्मकता से भरे कुछ लोग देश की एकता पर प्रहार कर रहे हैं। सरदार पटेल ने 500 से अधिक प्रांतों का एकीकरण कर उन्हें भारत में एकीकृत किया। ये सत्ता के भूखे लोग देश को तोड़ना चाहते हैं। वे दावा कर रहे हैं कि वे जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल करेंगे। ये चाहते हैं कि देश में दो संविधान दो विधान फिर से लागू हों। ये लोग तुष्टिकरण के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ये नफरत से भरे लोग भारत को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। वे लगातार गुजरात को निशाना बना रहे हैं, इसलिए गुजरात को सतर्क रहने और नजर रखने की जरूरत है। विकसित हो रहे भारत को ऐसी ताकतों से डटकर मुकाबला करना होगा। भारत के पास समय नहीं है। हमें भारत की साख बढ़ानी है।



अहमदाबाद में उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान अभिवाद स्वीकार करते मोदी।

### राष्ट्र प्रथम के संकल्प से बंधे, इसलिए यहां आने में हुई देरी: मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह तीसरे कार्यकाल में शपथ लेने के बाद पहली बार गुजरात आए हैं, जो उनकी जन्मभूमि है और जीवन की अनेक शिक्षाएं भी गुजरात ने दी हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बार गुजरात आने में देरी इसलिए हुई, क्योंकि वह राष्ट्र प्रथम के संकल्प से बंधे हैं और तीसरे कार्यकाल में 100 दिन के एजेंडे को पूरा करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। उन्होंने कहा कि इन 100 दिनों में उनका मजाक, मखौल उड़ाया गया और तरह-तरह के आरोप लगाए गए, लेकिन वह मजाक, मखौल और अपमान सहते हुए जनता के कल्याण के लिए योजनाओं पर काम करते रहे।

### वंदे भारत को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो लिंक के जरिए भुज से अहमदाबाद तक नमो भारत रैपिड रेल के अलावा नागपुर-सिकंदराबाद, कोल्हापुर-पुणे, आगरा छावनी-बनारस, दुर्ग-विशाखापट्टनम, पुणे-हुब्बली वंदे भारत ट्रेनों के साथ ही वाराणसी से दिल्ली तक पहली 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन सेट को भी हरी झंडी दिखाई। नमो भारत रैपिड रेल को रविवार तक वंदे मेट्रो रेल के नाम से जाना जाता था।

## हत्या की कोशिश के बाद ट्रंप ने कहा

# मेरा नाम डोनाल्ड जे. ट्रंप, मैं डरता नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जान लेने की एक और कोशिश किए जाने के बीच सोमवार को उन्होंने कहा कि वह कभी नहीं झुकेंगे और अमेरिका वासियों के लिए लड़ना नहीं छोड़ेंगे। राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप ने 'यूएस सीक्रेट सर्विस' और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के शानदार काम को लेकर उनका शुक्रिया भी अदा किया।

संघीय जांच एजेंसी एफबीआई ने इस हमले को ट्रंप की हत्या की एक संभावित कोशिश बताया। यह हमला उस समय किया गया, जब पूर्व राष्ट्रपति फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच स्थित अपने एक गोल्फ मैदान में खेल रहे थे। इस घटना से मात्र नौ सप्ताह पहले ही एक बंदूकधारी ने पेंसिल्वेनिया में 13 जुलाई को एक चुनावी रैली के दौरान ट्रंप (78) को निशाना बनाकर गोलीबारी की थी। इस हमले में एक गोली ट्रंप के दाहिने कान को छूकर निकल गई थी।



राष्ट्रपति चुनाव में इस शीर्ष पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप ने कहा कि मैं डोनाल्ड जे. ट्रंप हूं। डरता नहीं! मैं सुरक्षित और ठीक हूं और किसी को चोट नहीं आई। ईश्वर का शुक्र है। ट्रंप ने कहा, 'दुनिया में ऐसे लोग हैं जो हमें रोकने के लिए कुछ भी करेंगे। मैं आपके लिए लड़ना नहीं छोड़ूंगा। मैं कभी नहीं झुकूंगा!'

## पापुआ न्यू गिनी में हुई हिंसा, करीब 50 लोगों की मौत

**मेलबर्न।** पापुआ न्यू गिनी में अवैध खननकर्ताओं के बीच हिंसा में करीब 50 लोग मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दक्षिण प्रशांत द्वीपीय राष्ट्र की सरकार के अनुसार यह हिंसा कुछ दिन पहले शुरू हुई थी और पोर्गेरा घाटी में अब भी जारी है। यह जगह मई में हुए भूस्खलन वाले स्थान के पास स्थित है, जिसमें दो हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

# संवैधानिक संशोधन मुझे जेल में रखने का प्रयास

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को अपेक्षित संवैधानिक परिवर्तनों को खारिज किया और दावा किया कि यह न्यायपालिका को नियंत्रित करके उन्हें जेल में रखने का एक प्रयास है। जेल में बंद खान ने यह टिप्पणी अदियाला जेल में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत के दौरान की।



पीटीआई के संस्थापक खान ने कहा कि संविधान संशोधन का उद्देश्य केवल मुझे जेल में रखना है। यह सब चुनावी धोखाधड़ी को छिपाने के लिए किया जा रहा है। खान ने दावा किया कि यदि वास्तविक चुनाव परिणाम सामने आ गए तो सब कुछ उलट जाएगा। खान ने दावा किया कि सरकार उच्चतम न्यायालय के डर से एक नयी संवैधानिक अदालत स्थापित करने की कोशिश कर रही है।

## तालिबान ने पोलियो टीकाकरण अभियान रोका

**दुबई।** तालिबान ने अफगानिस्तान में पोलियो टीकाकरण अभियान रोक दिया है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान ही केवल दो ऐसे देश हैं, जहां पोलियो पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। सितंबर में टीकाकरण अभियान शुरू होने से ठीक पहले इसे रोकने की खबर संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों को दी गई है और इसके पीछे किसी कारण भी उल्लेख नहीं किया गया है। तालिबान सरकार की तरफ से इस बारे में तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि उन्हें घर-घर जाकर टीकाकरण करने के बजाय मस्जिदों जैसे स्थानों पर टीकाकरण करने की चर्चाओं की जानकारी मिली है।

# ऑस्ट्रेलिया के वर्क एंड हॉलीडे वीजा में अब भारत भी शामिल

सिडनी, एजेंसी



● अब तक सिर्फ यूरोपीय देशों के निवासियों को मिली थी यह सुविधा

यूरोपीय देशों के निवासियों की तरह अब भारतीयों को भी ऑस्ट्रेलिया में छुट्टी के दौरान काम करने के लिए वीजा मिलेगा। ऑस्ट्रेलियाई गृह मंत्रालय ने वीजा नियमों में महत्वपूर्ण बदलावों की घोषणा की है, जिसके तहत भारत को सबक्लास 462 (वर्क एंड हॉलीडे) वीजा कार्यक्रम में शामिल किया गया है। इस बदलाव का मकसद भारतीयों के लिए ऑस्ट्रेलिया में मौके बढ़ाना और ऑस्ट्रेलिया व प्रमुख साझेदार देशों जैसे भारत और चीन के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक संबंधों को मजबूत करना है।

हाल ही में माइग्रेशन ऐक्ट में जोड़े गए एक संशोधन के तहत भारत को आधिकारिक रूप से 'वर्क एंड हॉलीडे' वीजा कार्यक्रम में शामिल कर लिया गया है। 16 सितंबर 2024 से भारत के पासपोर्ट धारक नागरिक इस वीजा के लिए आवेदन कर सकेंगे। यह वीजा 18 से 30 साल के युवाओं को ऑस्ट्रेलिया में काम करते हुए घूमने और अपने खर्चों को पूरा करने का मौका देगा। हालांकि, भारतीय आवेदकों के लिए शैक्षिक योग्यता की कुछ शर्तें रखी गई हैं। यह सुनिश्चित किया गया है कि केवल वे उम्मीदवार आवेदन करें, जो जरूरी शैक्षिक योग्यताएं रखते हैं।

## बांग्लादेशी पत्रकारों ने भारत में घुसने की कोशिश की, गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश के पत्रकार मोजम्मिल बाबू और श्यामल दत्ता समेत चार लोगों को मैमनसिंह में धोबौरा सीमा से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के प्रयास में गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय अखबार 'द डेली स्टार' ने धोबौरा थाने के प्रभारी अधिकारी मोहम्मद चान मिया के हवाले से बताया कि स्थानीय लोगों ने सुबह धोबौरा-पुरबधाला सीमा क्षेत्र से चार लोगों और एक निजी कार को पकड़ लिया। रिपोर्ट के अनुसार बाबू एकटोर टीवी के प्रबंध निदेशक एवं प्रधान संपादक हैं और दत्ता जटिया प्रेस क्लब के पूर्व महासचिव हैं। हिरासत में लिए गए अन्य लोगों में एकटोर टेलीविजन के वरिष्ठ रिपोर्टर महबूबुर रहमान और निजी कार चालक सलीम शामिल हैं।

# बांग्लादेश को उसकी 200 एकड़ सीमा भूमि लौटाएगा भारत

ढाका, एजेंसी

● बीएसएफ और बीजीबी की बैठक में लिया गया निर्णय

बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) और भारत के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की बैठक में 200 एकड़ भूमि बांग्लादेश को लौटाने का निर्णय लिया गया। यह भूमि नदी के कटाव के कारण भारत में चली गई थी।

दौलतपुर उपजिला में रामकृष्णपुर संघ के चालिशपारा क्षेत्र में स्थित विवादित भूमि पद्मा नदी के मार्ग में बदलाव और प्राकृतिक आपदाओं के कारण विवाद में रही है, जिसने तीन किलोमीटर के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सीमा स्तंभों को अव्यवस्थित कर दिया है। इस साल की शुरुआत में किए गए सर्वेक्षण में यह मामला सामने आया था। बीजीबी की 47वीं बटालियन के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल एम महबूब मुर्शेद रहमान ने मामले की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि गत 10 फरवरी को सर्वेक्षण के दौरान पता चला कि लगभग 200 एकड़ बांग्लादेश की भूमि भारतीय क्षेत्र में तथा करीब 40 एकड़ भारतीय भूमि बांग्लादेश क्षेत्र में चली गई है। दोनों देश अब अक्टूबर में आधिकारिक रूप से सीमाओं को सही करने की तैयारी कर रहे हैं।



बैठक में सीमा पर हत्याओं को रोकने तथा मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने जैसे व्यापक मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लेफ्टिनेंट कर्नल रहमान ने किया, जबकि रोशनबाग बटालियन के कमांडेंट विक्रम देव सिंह ने बीएसएफ का प्रतिनिधित्व किया।

लेफ्टिनेंट कर्नल रहमान ने जोर दिया कि जब तक पुनः सर्वेक्षण पूरा नहीं हो जाता, तब तक किसी को भी विवादित भूमि का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# चीन में पाकिस्तानी गधों की मांग बढ़ी, कीमतें में उछाल

इस्लामाबाद, एजेंसी

▸▸ एक गधे की कीमत बढ़कर हुई तीन लाख पाकिस्तानी रुपये

चीन से बढ़ती मांग के कारण पाकिस्तान में गधों की कीमतें बढ़कर तीन लाख पाकिस्तानी रुपये प्रति पशु हो गई है। चीन में गधे की खाल का इस्तेमाल सौंदर्य प्रसाधन और दवा उत्पादन में किया जाता है। कीमतों में अचानक वृद्धि के कारण कराची के लोकप्रिय लेहारी गधा बाजार जैसे बाजारों में स्थानीय खरीदारों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है। बाजार में कीमतों में बढ़ोतरी का मुख्य कारण चीन में गधे की खाल की बढ़ती मांग को माना जा रहा है।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, गधे की खाल का इस्तेमाल कई तरह के सौंदर्य प्रसाधनों में किया जाता है और इन खालों से 'ई जिया' नामक एक पारंपरिक चीनी दवा भी बनाई जाती है। चीन में मांग में वृद्धि ने गधों को आकर्षक वस्तु बना दिया है, खासकर उन लोगों के लिए जो चीनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खाल का निर्यात करना चाहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बढ़ती कीमतों के कारण स्थानीय ग्राहकों के लिए गधे खरीदना मुश्किल होता जा रहा है।



# धूमकेतु ए3 बन सकता है कॉमेट ऑफ दि ईयर

संवाददाता, नैनीताल

## धूमकेतु के जीवित होने की खबर से खगोलप्रेमियों में उत्साह

अमृत विचार: धूमकेतु ए3 त्सुचिंशान वर्ष का सर्वाधिक चमकीला धूमकेतु बन सकता है। आने वाले दिनों में इसकी खूबसूरती की परख सामने आ जाएगी। कुछ माह पूर्व इसके खत्म होने की खबर ने खगोल प्रेमियों को निराश कर दिया था, मगर अब नए उत्साह के साथ इसके स्वागत की तैयारियों में जुट गए हैं।

सूर्योदय से ठीक पहले पूर्वी क्षितिज के पास इसे देखा जा सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, सितंबर आखिरी सप्ताह में कुछ हद तक देख पाना आसान हो जाएगा। संभव है कि अक्टूबर में इसकी चमक बढ़ जाएगी और यह अपनी चमकीली पूंछ के साथ निहायती सुंदर नजर आने लगेगा। अभी यह इतना धुंधला है कि बिना दूरबीन की सहायता से देख पाना आसान नहीं है। माना जा रहा है कि अक्टूबर मध्य के आसपास यह बेहतर नजर आने लगेगा। अनुमान के अनुसार 27 सितंबर को सूर्य के करीब पहुंचने पर इसकी चमक 4 से 3 मैग्नीट्यूड पहुंच जाएगी, जबकि 12 अक्टूबर को पृथ्वी के निकटतम पहुंचने पर 2.5 से 2 मैग्नीट्यूड तक चमकीला हो सकता है।

बहरहाल, इसके बारे में सटीक भविष्यवाणी अभी नही की जा सकती है। समय आने पर ही इसका पता चल पाएगा। मगर इतना तय है कि यदि पूर्वानुमान सही हुआ तो यह धूमकेतु वर्ष 2024 का सर्वाधिक चमकीला धूमकेतु बन जाएगा। जुलाई में इस धूमकेतु के विखंडित होने की खबर आई थी। तब माना जा रहा था कि यह टूटकर बिखर गया होगा। मगर यह नए अवतार के साथ अपने पथ में आगे बढ़ रहा है, जिससे खगोल प्रेमियों में बेहद उत्साह है और दुनियाभर के एस्ट्रोफोटोग्राफर इसकी तस्वीर अपने कैमरे कैद करने की तमन्ना रखते हैं।



कॉमेट ए3 की तस्वीर।

### 80.74 किमी प्रति सेकंड की गति से भाग रहा यह धूमकेतु

**नैनीताल:** धूमकेतु ए3 त्सुचिंशान बेहद तीव्र गति वाला है, जो 290,664 किमी प्रति घंटे यानी 80.74 किमी प्रति सेकंड की गति से हमारे आंतरिक सौर मंडल मे आगे बढ़ रहा है। इसकी अद्भुत गति को एक छोटी दूरबीन से देख सकते हैं। मध्य अक्टूबर में पश्चिमी आकाश में देखना आसान हो सकता है।

# शंघाई से टकराया बेबिनका 4 लाख लोगों को किया रेस्क्यू

बीजिंग, एजेंसी

● चीन में पिछले 75 सालों का सबसे भीषण तूफान

चीन के शंघाई में सोमवार को बेबिनका तूफान ने दस्तक दी, जो पिछले 75 साल में शहर में आया सबसे शक्तिशाली तूफान है। इस तूफान के कारण जनजीवन ठप हो गया।

शंघाई की केंद्रीय मौसम विज्ञान वेधशाला ने बताया कि तूफान 42 मीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से चली हवाओं के साथ शंघाई की 'पुडोंग डिस्ट्रिक्ट' के लिंगांग इलाके में पहुंचा। शहर प्रशासन ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पहले ही हजारों राहत एवं बचाव कर्मियों को तैनात किया है। बेबिनका शंघाई में 75 वर्षों में आया सबसे शक्तिशाली तूफान माना जा रहा है। बेबिनका के कारण शंघाई में विमान सेवाएं रद्द कर दी गयी हैं। शंघाई रेलवे स्टेशन ने रविवार से सोमवार तक शहर से गुजरने वाले कई मार्गों पर यात्री ट्रेन निलंबित करने की घोषणा की है। रविवार तक इस शहर से 4,14,000 से अधिक लोगों को अन्य स्थानों पर ले जाया गया और शहर में सभी राजमार्गों को बंद कर दिया गया है।

